# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com   जबलपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025


जोमैटो कंपनी का नाम बदलने की बोर्ड ने दी मंजूरी

## जोमैटो की जगह 'इटरनल' नाम हुआ




**नई दिल्ली।** दिग्गज फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के बोर्ड ने कंपनी का नाम बदलकर 'इटरनल' करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि जब हमने ब्लिंकिट का अधिग्रहण किया था, तब से आंतरिक तौर पर जोमैटो की जगह इटरनल नाम का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था, जिससे कंपनी और ब्रांड/एप के बीच अंतर किया जा सके।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं जापान जर्मनी और यूके जाकर निवेशकों को आमंत्रित किया है
- अनुमान है इसमें 15 हजार से अधिक निवेशक आएंगे
- अमेरिका, इग्लैंड, जापान, जर्मनी, रूस, चीन और फ्रांस के निवेशक आएंगे

जीआईएस में 60 से अधिक देशों की करीब सौ अंतरराष्ट्रीय कंपनियां लेंगी भाग

# मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास का शुरू होगा 'नया अध्याय'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




अपनी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी मध्यप्रदेश अब ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी इतिहास रचने जा रहा है। 24-25 फरवरी को आयोजित इस समिट में लगभग 60 से अधिक देशों के निवेशकों के भाग लेने की संभावना है। लगभग सौ अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपना कार्यभार संभालने के पहले दिन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरासत के साथ विकास मंत्र पर काम कर रहे हैं। इस मंत्र के साथ मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं। यह लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का प्रत्येक प्रांत उन्नत और आत्मनिर्भर बनें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत की इस प्रगति यात्रा में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाना चाहते हैं। यह तभी संभव है जब मध्यप्रदेश अपनी सभी आवश्यकता पूरी करके निर्यातक प्रदेश भी बने। डॉ. यादव ने इसीलिए यह इन्वेस्टर्स समिट का अभियान चलाया हुआ है। मध्यप्रदेश में ऐसी समिट तीनों प्रकार की हो रहीं हैं। रीजनल समिट भी और नेशनल इन्वेस्टर्स समिट भी। ऐसी दोनों प्रकार की समिट के आयोजन हो चुके हैं और अब ग्लोबल समिट आयोजित की जा रही है।



रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

## रीजनल इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत डॉ. यादव ने ही की

मध्यप्रदेश के औद्योगीकरण के लिए इन्वेस्टर्स समिट पहले भी हुईं हैं। लेकिन, रीजनल इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत डॉ .यादव ने ही की है। सागर, उज्जैन और सागर जैसे संभागीय केंद्रों में ऐसी रीजनल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित हो चुकीं हैं जिनमें स्थानीय उत्पाद आधारित उद्योगों की स्थापना और उपभोक्ता की आवश्यकता को ध्यान रखकर निवेश करार हुए हैं। इससे जहां उत्पाद को वैश्विक बाजार मिलेगा, वहीं स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### निवेश के करार होने का कीर्तिमान बनेगा


मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निवेशकों को दी जाने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त यहां का वातावरण भी निवेशकों को आकर्षित करता है। पर्यटन और पारंपरिक स्थलों के अतिरिक्त भूमि की उपलब्धता और संबंधित ट्रेड के प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता भी सहज है। मध्यप्रदेश सरकार स्किल डेवलपमेंट पर बहुत ध्यान दे रही है। इसके लिए लगभग तीन सौ इंजीनियरिंग कॉलेज हैं जिनसे कंपनियों को सहज टैलेंट उपलब्ध हो जाता है। इसको देखकर यह आशा की जा रही है कि इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश के करार होने का कीर्तिमान बनेगा और देश के विकसित प्रांतों की सूची में मध्यप्रदेश भारत का अग्रणी प्रदेश बनेगा।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप


### इंफोसिस में हुई 700 कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** भारत की आईटी दिग्गज कंपनी इंफोसिस ने मैसूरु में 700 नए कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। जिसकी आलोचना हो रही है। ये सभी कर्मचारी हाल ही में भर्ती किए गए थे, लेकिन कंपनी के अनुसार, वे आंतरिक मूल्यांकन में लगातार तीन बार फेल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक यह छंटनी नए ट्रेनीज के आधे कर्मचारियों पर असर डाल रही है।




### स्कूल बस में 5 साल की बच्ची के साथ उत्पीड़न

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक स्कूल बस के अंदर पिछले साल नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ में केन्याई नागरिक का हात होने की बात सामने आई है। अगस्त में साउथ दिल्ली के एक प्राइवेट स्कूल की पांच वर्षीय छात्रा के साथ 12वीं कक्षा के एक छात्र ने स्कूल बस के अंदर कथित रूप से यौन उत्पीड़न किया था।



### कांग्रेस नेता के दफ्तर पर सीजीएसटी का छापा

**रीवा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा के यहां सीजीएसटी की रेड पड़ी। जबलपुर सीजीएसटी की 8 सदस्यीय टीम के द्वारा शिल्पी प्लाजा स्थित शिल्पी इंफ्रा प्रोजेक्ट के दफ्तर पर छापेमार कार्रवाई की गई। बंद कमरे में पूछताछ की गई। बड़ी टैक्स चोरी की आशंका जताई गई है। शुक्रवार की दोपहर एक बजे टीम जबलपुर रवाना हो गई है।



**आईपीएस मीट का शुभारंभ**

सीएम ने कहा- इस मीट से जूनियर व सीनियर एक-दूसरे को समझेंगे, कार्य दक्षता बढ़ेगी

# प्रदेश, संभाग और जिला स्तर पर हो थानों की ग्रेडिंग, परफॉर्मर हों पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा कि पुलिस के लोग बहुत काम करते हैं। इसलिए, मैं पुलिस से प्रेम करता हूं। हमारी पुलिस सबकी आशा का केंद्र बनती जा रही है। अच्छे काम करने के लिए मन:स्थिति अच्छी होनी चाहिए और यह शक्ति अगर किसी के पास है तो वह आईपीएस अफसर के पास होती है। मध्य प्रदेश पुलिस पर पूरे देश को गर्व है।

जब सभी सीमाएं बंद हो जाती हैं तो लोग पुलिस के पास भागते हैं। बड़ी बात है कि हमारी पुलिस 24 घंटे सेवा में तत्पर रहकर प्रदेश और समाज की सुरक्षा में कार्यरत है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आईपीएस मीट का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

इस दौरान उन्होंने डीजीपी कैलाश मकवाना से कहा कि थानों का प्रदेश स्तरीय, संभाग और जिला स्तरीय ग्रेडेशन होना चाहिए। इन्वेस्टिगेशन से लेकर हर तरह के विषयों पर इसकी रैंकिंग की जानी चाहिए। इसके पैरामीटर बनाकर इसे लागू करें। साथ ही अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत भी करें। इससे जनता के बीच प्रदेश और पुलिस की साख बढ़ेगी।

**सीएम बोले-** जब सारी सीमाएं बंद हो जाती हैं तभी लोग पुलिस के पास जाते हैं

डीजीपी बोले मप्र पुलिस को गृहमंत्री शाह और गृह सचिव से मिली सराहना

अब तक 10 लाख से अधिक स्टूडेंट और इतने ही नागरिकों को साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया




कार्यक्रम में आईपीएस अफसरों को संबोधित करते सीएम

### आईपीएस मीट एक प्रशिक्षण कार्यशाला के रूप में

डॉ. यादव ने कहा कि सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण के प्रति बेहद संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। आईपीएस सर्विस मीट सिर्फ एक समागम न होकर एक प्रशिक्षण कार्यशाला के रूप में ली जानी चाहिए। एक दूसरे से संवाद, समागम, शिक्षण-प्रशिक्षण के जरिए अपनी योग्यताओं को और बेहतर बनाया जाना चाहिए। यह सर्विस मीट आपकी सोच मिलने की जगह बननी चाहिए। यहां हम अपने पुलिस परिवार के साथ मिलते हैं। हमारी प्रशिक्षण की पद्धति भी बहुत अच्छी है।



### साइबर क्राइम, नशा मुक्ति व यातायात बड़ी चुनौतियां

आईपीएस मीट में उपस्थित डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि हमने नए आपराधिक कानून का बेहतरीन क्रियान्वयन किया है। इस मामले में मध्यप्रदेश पुलिस को केंद्रीय गृहमंत्री और केंद्रीय गृह सचिव से भी सराहना मिली है। हम पुलिस बल के आधुनिकीकरण और उनके प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रहे हैं।

*सुप्रीम कोर्ट का 75 में से 22 याचिकाओं पर रोक लगाने का आदेश*

# मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण सुनवाई पर लगाई रोक



*कोर्ट अब अगली सुनवाई 14 फरवरी को करेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर विवाद के बारे में लंबित याचिकाओं की मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश लंबित 75 याचिकाओं में से 22 याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया है। सुप्रीम कोर्ट में मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिए जाने पर वर्तमान में 75 याचिकाएं लंबित हैं।

ओबीसी आरक्षण मामले में एडवोकेट रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया है कि मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अब तक 75 ट्रांसफर याचिकाएं दाखिल कर दी हैं। इनमें से 13 याचिकाओं पर 20 जनवरी 2025 को हाईकोर्ट की सुनवाई पर रोक लगा दी गई थी। अब, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जवल भूयन की खंडपीठ ने इन 75 प्रकरणों में से 9 याचिकाओं की सुनवाई की है और नोटिस जारी करके सभी प्रकरणों की सुनवाई 14 फरवरी 2025 को निर्धारित की है।

### क्या है सरकार का पक्ष?

इस मामले में सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, इससे पहले 29 जनवरी को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मध्य प्रदेश कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कहा था कि मोहन यादव सरकार ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में है। और, सरकार कोर्ट में दृढ़ता से आरक्षण देने के पक्ष में है।

**दिल्ली किसकी?**

भाजपा की या आप की? फैसला हो जाएगा आज

# एग्जिट पोल की 'अग्निपरीक्षा' आज 19 जगहों पर होगी वोटों की गिनती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों का निर्णायक दिन आ गया है। आज यानी 8 फरवरी को यह साफ हो जाएगा कि दिल्ली में अगली सरकार किस दल की बनने वाली है। लोगों ने 5 फरवरी को हुए मतदान में अपना काम कर दिया है और अब सभी दलों और उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद है।

फिलहाल, ये सभी ईवीएम 19 जगहों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। इन्हीं 19 जगहों पर वोटों की गिनती भी होगी। आज एग्जिट पोल की अग्नि परीक्षा भी होगी। वजह ये है कि 11 एजेंसियों में से 9 एजेंसियों ने भाजपा के पक्ष में अपना अनुमान दिया है। वहीं, दो सर्वे ऐसे थे जो आम आदमी पार्टी के पक्ष में अनुमान लगा रहे थे। आज शनिवार की सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। सबसे पहले सरकारी कर्मचारियों और जिन बुजुर्गों और दिव्यांगों ने मतदान के दिन से पहले ही मतपत्र के जरिए वोट दिए थे, उनके वोटों की गिनती शुरू होगी।

इसमें करीब आधे से एक घंटा लगेगा। इसके ठीक बाद ईवीएम खुलना शुरू होंगी। 11.30 बजे से नतीजे आने शुरू हो सकते हैं। अगर किसी भी तरह का व्यवधान नहीं आता है तो दो बजे के पहले-पहले लगभग सभी विधानसभाओं के नतीजे आ सकते हैं। जहां दोबारा गिनती की स्थिति बनती हैं, वहां देर शाम तक नतीजे मिलने की संभावना रहेगी।




आज सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी

11.30 बजे से नतीजे आने शुरु दोपहर 2 बजे तक हो जाएगी तस्वीर साफ

70 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए चाहिए 36 सीटें






**शादी का शानदार ऑफर**

सावनसुखा की अविश्वसनीय उपहार!

**गहनों के मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट**

| ऑफर्स ऑन मेकिंग चार्जेस | |
|---|---|
| प्लेन गोल्ड ज्वेलरी एंड मशीन मेड चेन्स | 5.88% |
| एंटीक गोल्ड ज्वेलरी | 9.88% |
| हैंडमेड चेन्स, रोडियम चेन्स, फैंसी जेवेलरी | 11.88% |
| एंटीक डिज़ाइनर/रजवाड़ा गोल्ड ज्वेलरी | 14.88% |
| डायमंड स्टडेड ज्वेलरी | 4.88%* |
| जड़ाऊ पोल्की ज्वेलरी | 4.88% |

*कंडिशन्स अप्लाई

सदर बाज़ार | रायपुर | 7 फरवरी ऑनवार्ड्स | 91470 75332


हाल ही में चेन्नई में एक महिला की हत्या के मामले में जमानत पर रिहा किया गया था आरोपी

# गर्भवती के साथ चलती ट्रेन में रेप की कोशिश, बचने के लिए टॉयलेट की ओर भागी.... 'हिस्ट्रीशीटर' ने बोगी से फेंका बाहर

एजेंसी ▶▶ तमिलनाडु

तमिलनाडु के जिले के काटपाडी के पास चलती ट्रेन में चार महीने की गर्भवती महिला के यौन उत्पीड़न और फिर उसे बोगी से बाहर धक्का का मामला सामने आया है। यह खबर दिल दुखाने वाली है, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आंध्र प्रदेश के चित्तूर की रहने वाली 36 साल की पीड़िता गुरुवार रात महिला डिब्बे में अकेले यात्रा कर रही थी और इस दौरान 'हिस्ट्रीशीटर' बताया जाने वाला व्यक्ति जोलारपेट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ा और पीड़िता का यौन उत्पीड़न करने का प्रयास किया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि महिला विरोध करते हुए खुद को बंद करने के लिए शौचालय की ओर भागी, लेकिन आरोपी ने पीछा कर उसे ट्रेन से धक्का दे दिया।

पीड़िता के हाथ और पैर में 'फ्रैक्चर' हो गया



### सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी गिरफ्तार

घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने उसे ट्रेन से गिरते देखा और वेल्लोर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से गिरफ्तार किए गए केवी कुप्पम के निवासी हेमराज को हाल ही में चेन्नई में एक महिला की हत्या के मामले में जमानत पर रिहा किया गया था।

### कोयंबटूर-तिरुपति इंटरसिटी एक्सप्रेस में वारदात

पीड़िता कई साल से तमिलनाडु के तिरुपुर में दर्जी का काम करने वाले अपने पति और बेटे के साथ रह रही है। वह चित्तूर में अपनी मां के घर जाने के लिए गुरुवार रात अकेले कोयंबटूर-तिरुपति इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार हुई थी। यह खबर तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा- महाराष्ट्र चुनाव के परिणामों में हेराफेरी की गई

# राहुल की शिकायत पर ईसीआई बोला- लिखित में जवाब देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) सांसद सुप्रिया सुले और शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद संजय राउत के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हॉल में राहुल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि चुनाव परिणामों में हेराफेरी की गई है। इसके बाद चुनाव आयोग ने ट्वीट कर बताया कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों को प्राथमिकता वाले हितधारकों के रूप में मानता है। बेशक मतदाता सबसे अहम होता है।

### राहुल ने लगाए गंभीर आरोप

राहुल ने कहा कि हम चुनाव के बारे में कुछ जानकारी लाने जा रहे हैं। हमने मतदाताओं और मतदान सूची का विवरण का अध्ययन किया है। हमें कई अनियमितताएं मिली हैं। हमें महाराष्ट्र के मतदाताओं के नाम और पते वाली मतदाता सूची चाहिए। बहुत सारे मतदाता हैं, जिनके नाम हटा दिए गए हैं। एक बूथ के मतदाता दूसरे बूथ पर स्थानांतरित कर दिए गए हैं। मैं यहां स्पष्ट रूप से डेटा प्रस्तुत कर रहा हूं।

### राहुल ने सुले और राउत के साथ की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस



### हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं के बराबर वोटर जोड़े

राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में विधानसभा 2019 और लोकसभा 2024 के बीच पांच साल में 32 लाख नए मतदाता जोड़े गए। लोकसभा 2024 और विधानसभा 2024 के बीच 5 महीने में 39 लाख नए मतदाता जोड़े गए। सवाल ये है कि 5 महीने के अंदर पिछले 5 साल से ज्यादा मतदाता कैसे जोड़े गए? यह हिमाचल प्रदेश के कुल मतदाताओं के बराबर है।

### महाराष्ट्र की जनसंख्या से अधिक मतदाता कैसे?

राहुल ने कहा कि हमें दो चीजों के बीच अंतर समझने की जरूरत है। एक हैं अटकलें और दूसरा है तथ्य। मैंने तथ्य प्रस्तुत किए हैं। जहां भी ऐसे मतदाता जोड़े गए हैं, वे भाजपा के निर्वाचन क्षेत्र हैं, जहां भी भाजपा जीती है। चुनाव आयोग का कहना है कि महाराष्ट्र की जनसंख्या से अधिक मतदाता हैं।

### राहुल दिल्ली परिणाम पर बोलने का अभ्यास कर रहेः फडणवीस



राहुल के आरोपों पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चुनाव आयोग ने सभी सवालों का स्पष्ट जवाब दिया है। राहुल कवर फायर कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि 8 फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजों के बाद उनकी पार्टी दिल्ली में कहीं नहीं रहेगी और इसलिए उस दिन वे क्या बोलेंगे, कैसे एक नया नैरेटिव बनाएंगे, वे उसी के लिए अभ्यास कर रहे हैं। राहुल को अपनी हार का आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

### ईसी को जवाब देना चाहिएः राउत


शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि अगर देश का चुनाव आयोग 'जिंदा' है तो उन्हें राहुल ने जो पूछा है उसका जवाब देना चाहिए। चुनाव आयोग जवाब नहीं देगा, क्योंकि वे उस सरकार के गुलाम बन गए हैं। ये अतिरिक्त 39 लाख मतदाता अब कहां जाएंगे?

### हमारे प्रत्याशी भ्रम से हारेः सुले

एनसीपी-एससीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि हम चाहते हैं कि उन निर्वाचन क्षेत्रों में भी बैलेट पेपर पर दोबारा चुनाव हों, जहां हमारे उम्मीदवार जीते हैं। 11 सीटें ऐसी हैं, जहां हम पार्टी के चुनाव चिन्हों के बीच भ्रम के कारण चुनाव हार गए। यहां तक कि सत्ताधारी पार्टी ने भी इसे स्वीकार कर लिया है।


## खबर संक्षेप

### मांझा कारखाने में तेज धमाका, 3 की मौत




**बरेली।** यहां के किला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह बड़ी घटना हो गई। बाकरगंज की तंग गली में स्थित मांझा कारखाने में तेज धमाका हुआ, जिससे कारखाना मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि पूरा इलाका दहल गया। धमाके की आवाज 3 किलोमीटर तक सुनी गई। शवों के चीथड़े उड़ गए।

### अभिनेता सूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**लुधियाना।** यहां की अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट सूद की गवाबी गवाही देने के लिए समन के बावजूद कोर्ट में पेश न होने से जारी किया है। राजेश खन्ना ने मोहित शुक्ला के खिलाफ 10 लाख की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

### कार सीख रहे युवक ने 6 को मारी टक्कर



**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में गोल्डन गेट स्कूल के सामने शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने शिर्डी साईं पब्लिक स्कूल की छह छात्राओं को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर सड़क पर जा गिरी। सभी को विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 2की हालत गंभीर है। चालक पुलिस गिरफ्त में है।

### सुशांत मामलाः आदित्य के खिलाफ पीआईएल दर्ज



**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को इस दुनिया से गए सालों हो गए हैं, लेकिन उनके फैंस आज भी उन्हें बहुत याद करते हैं। अब बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है, जिसमें सुशांत और सालियान की मौत केस में आदित्य ठाकरे से पूछताछ, गिरफ्तारी की मांग की है।

केजरीवाल के 15 करोड़ रु. के दावे पर एलजी ने दिए जांच के आदेश

# एसीबी ने आप संयोजक से पूछा नाम-पते बताएं 5 सवालों का तुरंत जवाब पेश करने को भी कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव मतगणना से पहले राजधानी में सियासी पारा गरमा गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनके उम्मीदवारों से भाजपा संपर्क कर रही है और सात प्रत्याशियों को 15-15 करोड़ रुपए लेकर भाजपा में शामिल होने के लिए कहा गया है। इसके बाद भाजपा ने दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखकर शिकायत की। एलजी ने आप के इन आरोपों की जांच के आदेश दिए। एसीबी इस मामले की जांच में जुट गई। एसीबी की एक टीम अरविंद केजरीवाल के घर जा पहुंची और काफी देर बाहर खड़े रहने के बाद वापस लौट गई। इस बीच एसीबी की टीम ने पूछताछ के लिए केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। नोटिस में पूछा गया है कि किस-किस को 15 करोड़ रुपए का ऑफर मिला है उनके नाम बताएं।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव मतगणना से पहले सियासी पारा गरमाया

**केजरीवाल से ये सवाल दागे गए**

- एक्स प्लेटफ़ॉर्म पर किसने पोस्ट जारी किया
- किन 16 उम्मीदवारों को रुपयों की पेशकश की गई
- जिन लोगों ने पेशकश की उनके फ़ोन नंबर बताएं
- रुपयों की पेशकश के बारे में सबूत दें
- ऐसी ख़बरें फैलाने वालों पर एक्शन क्यों न हो?




'किस-किस को मिला ऑफर' पर एजेंसी ने की पड़ताल

### भाजपा इस देश की सबसे भ्रष्ट पार्टीः संजय



आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा इस देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी है। भाजपा विधायकों की खरीद करने वाली और तोड़-फोड़ करने वाली पार्टी है। उन्होंने (भाजपा) महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश की सरकार गिराई, क्या उनके बारे में आपको प्रमाणपत्र चाहिए कि वे भ्रष्ट पार्टी नहीं है? हमने उस पूरे मामले की शिकायत खुद से दी है और जांच की मांग की है। हमने वो नंबर दिया है जिससे फोन आया था।

### नोटिस का जवाब देंगेः नासियार



आप पार्टी के लीगल हेड संजीव नासियार ने कहा कि पिछले 1.5 घंटे से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम यहां पर बैठी हुई थी। जब वे यहां आए तब उनके पास न कोई स्टैंप थी, न कोई पेपर था और न ही कोई नोटिस था। उन्होंने ऊपर से निर्देश लिए और 1.5 घंटे में नोटिस बाहर से तैयार होकर मंगवाया गया। वे नोटिस तामील करके गए हैं जिसका हम जवाब देंगे।

### केजरीवाल 6 बार माफी मांग चुकेः सचदेवा



आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह के आरोपों पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि संजय सिंह हों या कोई और आप के नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने जो घटिया आरोप लगाए हैं, उसका जवाब देना होगा। आतिशी अभी भी इसी तरह के एक मामले में जमानत पर हैं। केजरीवाल 6 बार हमारे नेताओं से माफी मांग चुके हैं। अब संजय और बाकी लोगों की बारी है।

### अब वे ईवीएम, ईसी पर भी आरोप लगाएंगे



भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि हमने देखा है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 सालों में किसी भी असफलता की जिम्मेदारी नहीं ली है। आज आप ने हम पर आरोप लगाया है, कल ये ईवीएम और चुनाव आयोग पर आरोप लगाएंगे। निश्चित रूप से दिल्ली में भाजपा भारी बहुमत की सरकार बनाने जा रही है और हम दिल्ली में विकास की नई कहानी लिखेंगे।

### 'आप' के सभी नेता दूसरी पार्टियों से आए



अरविंद केजरीवाल द्वारा भाजपा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाने पर कस्तूरबा नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त ने कहा कि केजरीवाल को अपने विधायकों की तस्वीरें ऑनलाइन ट्रेडिंग वेबसाइट पर पोस्ट करनी चाहिए। वे शायद अकेले मुख्यमंत्री हैं जो पिछले 10 सालों से दूसरी पार्टियों पर विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगा रहे हैं। आप के सभी नेता दूसरी पार्टियों से आए हैं।

बुलडोजर कार्रवाई मामले में सुनवाई

# अवमानना के आरोप पर सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय 'भेजा'

शीर्ष कोर्ट ने याचिका पर नहीं किया विचार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संभल के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय में जाने को कहा। याचिका में दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल दिए अपने आदेश में बिना पूर्व नोटिस और सुनवाई का मौका दिए बगैर बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। आरोप लगाया गया अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना की गई। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 13 नवंबर 2024 को कोर्ट ने पूरे देश में बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। लेकिन संभल स्थित उसकी संपत्ति में बिना किसी पूर्व सूचना और उसका पक्ष सुने बगैर तोड़फोड़ की गई। यह अदालत की अवमानना है। अदालत ने कहा कि अपने फैसले में उसने स्वतंत्रता दी थी कि यदि कोई उल्लंघन हुआ है, तो क्षेत्राधिकार वाला उच्च न्यायालय शिकायत पर विचार करने का हकदार होगा।

### बगैर नोटिस की गई तोड़फोड़

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की तरफ से पेश हुए वकील चांद कुरैशी से कहा कि वे याचिका उच्च न्यायालय में दायर करें। यह मामला उच्च न्यायालय द्वारा बेहतर तरीके से निपटाया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में एकतरफा बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई थी और 15 दिन पहले नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन नहीं किया गया और संभल में स्थित उसकी संपति में बिना किसी पूर्व नोटिस के तोड़फोड़ की गई।

### गाउन देखकर व्यवहार नहीं किया जाता

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में 70 वकीलों को वरिष्ठ पदनाम दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यहां किसी के साथ भी गाउन के आधार पर बेहतर व्यवहार नहीं किया गया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा और कई वकीलों की याचिका पर हुए कहा कि हमें नहीं लगता कि इस न्यायालय में किसी को सिर्फ इसलिए बेहतर व्यवहार मिलता है क्योंकि उसने अलग गाउन पहना हुआ है। नेदुम्परा ने बताया कि वकीलों को बॉम्बे उच्च न्यायालय में मामलों को सूचीबद्ध करवाने के लिए कतार में लगना पड़ता है।

## सम्मान और आतिथ्य को सदैव याद रखेंगे



### राष्ट्रपति की गर्मजोशी और आतिथ्य से सचिन अभिभूत

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रपति भवन की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि हर पल बेहद निजी लगा। तेंदुलकर ने सपरिवार के सदस्यों के साथ गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। सचिन ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक अतिथि विंग में अपने परिवार के साथ रहना एक सम्मान की बात है, जिसे हम हमेशा याद रखेंगे। राष्ट्रपति द्वारा दी गई गर्मजोशी और आतिथ्य ने इस यात्रा को खास बना दिया।

### नूंह में चाकू दिखाकर लड़की से गैंगरेप



**नूंह।** हरियाणा के नूंह में दो लड़कों ने कथित तौर पर लड़की को उसके घर से चाकू की नोक पर अगवा किया और फिर उसका रेप किया। अपहरण करने और उसके साथ बलात्कार करने के दो आरोपी युवकों का ग्रामीणों ने सिर मुंडवा दिया और इसके बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

महाकुंभ में फिर से गैस सिलेंडर के फटने से हादसा

# अब सेक्टर 18 में लगी आग, दमकल विभाग की टीम ने जल्द पा लिया काबू

## शुरुआती जांच में आग शिविर के किचन में लगी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यहां के महाकुंभ नगर के सेक्टर 18 में आग लग गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन दमकल विभाग की गाड़ियां और अधिकारी आग बुझाने में जुट गए। यह आग सेक्टर 18 में बने इस्कॉन के शिविर में लगी। शुरुआती जांच में पता लगा है कि आग शिविर के किचन में लगी थी। जहां रखे गैस सिलेंडर के फटने से हादसा हुआ है। हालांकि आधिकारिक रूप से आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं की गई है। सीएफओ का दावा है कोई हताहत नहीं हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है।

### सुबह 10.30 बजे मची अफरा-तफरी



शुक्रवार की सुबह करीब 10.30 बजे आग लगने की घटना सामने आई।मेला क्षेत्र के शंकराचार्य मार्ग पर स्थित सेक्टर 18 में यह घटना घटी। आसमान में काला धुआं नजर आ रहा है। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची है।

**30 जनवरी को छतनाग और झूंसी में लगी थी आग**

महाकुंभ से सटे छतनाग गांव के किनारे अवैध रूप से बनी टेंट सिटी 'जस्ट ए शिविर' में 30 जनवरी को आग लगी थी। जिसमें 15 लग्जरी कॉटेज राख हो गए थे।

उद्धव की शिवसेना ने किया जोरदार प्रदर्शन

# सरकार रोहिंग्याओं, बांग्लादेशियों को वापस भेजे, जम्मू-कश्मीर पर ध्यान दे

## जम्मू-कश्मीर यूनिट के प्रमुख मनीष के नेतृत्व में आंदोलन किया

एजेंसी ▶▶ जम्मू



शिवसेना (यूबीटी) ने शुक्रवार को जम्मू में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र से जम्मू-कश्मीर पर विशेष ध्यान देने की मांग की और अवैध बांग्लादेशियों तथा रोहिंग्याओं को देश से बाहर निकालने का आग्रह किया। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली इस पार्टी की जम्मू-कश्मीर यूनिट के प्रमुख मनीष साहनी के नेतृत्व में कई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया। 'शेख हसीना, सीमा हैदर को वापस भेजो' और 'अवैध रोहिंग्याओं, बांग्लादेशियों को वापस भेजो' जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर उन्होंने शेख हसीना सहित भारत से सभी अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्या प्रवासियों को बाहर निकालने की मांग करते हुए नारे लगाए।

### भारत में 2 करोड़ से ज्यादा अवैध बांग्लादेशी

साहनी ने रोहिंग्या प्रवासियों और अवैध बांग्लादेशियों पर भाजपा के रुख की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी के नेता केवल चुनाव को ध्यान में रखकर बयानबाजी करते हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा के करीब 856 किलोमीटर हिस्से पर बाड़ नहीं लगी है। उन्होंने कहा कि आज के अनुमान के अनुसार देश में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों की आबादी 2 करोड़ से भी ज्यादा है।

राज्यसभा की कार्यवाही 10 फरवरी तक स्थगित

नड्डा ने कड़ी कार्रवाई की बात कही

# आयुष्मान भारत में धोखाधड़ी करने वाले अस्पतालों पर 122 करोड़ का जुर्माना लगाया, 549 अस्पताल सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में धोखाधड़ी की रोकथाम और पता लगाने कार्रवाई की कर रहे हैं। धोखाधड़ी करने वाले 1114 अस्पतालों को पैनल से बाहर करने, 1,504 दोषी अस्पतालों पर 122 करोड़ का जुर्माना लगाने और 549 अस्पतालों को निलंबित किया है। करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण में राष्ट्रीय धोखाधड़ी रोधी इकाई (एनएएफयू) की स्थापना की गई है। यह इकाई राज्य धोखाधड़ी रोधी इकाइयों (एसएएफयू) के साथ काम करती है। चार फरवरी तक गुजरात में इस योजना के तहत 9 डॉक्टरों और 71 अस्पतालों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा दो अस्पतालों को पैनल से हटा दिया गया है और एक अस्पताल को काली सूची में डाल दिया गया है। नड्डा ने बताया कि 15.08 करोड़ की वसूली की गई है, जबकि 19.90 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राज्यसभा की कार्यवाही 10 फरवरी को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

**1,504 दोषी अस्पतालों पर की गई कार्रवाई**

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा यूरिया का कृत्रिम संकट पैदा किया गया



**देश में यूरिया की कोई कमी नहीं**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में यूरिया की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करें और उन लोगों पर कार्रवाई करें जो बाजार को प्रभावित करके लाभ कमाने के लिए अनावश्यक कमी पैदा कर रहे हैं।

**विस्तृत निगरानी तंत्र और जिला मजिस्ट्रेट कर रहे समीक्षाः** नड्डा ने कहा कि एक विस्तृत निगरानी तंत्र और जिला मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को समय पर उर्वरक मिले। यूरिया का 45 किलोग का बैग खुदरा मूल्य 266 पर बेचा जाता है।

जबलपुर
शनिवार, 8 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष –10
■ वर्ष : 19, अंक : 276
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 13


हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**'ऑपरेशन टाइगर' का असर**

## उद्धव गुट के आधा दर्जन सांसद शिंदे की सेना में होंगे शामिल!



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल होने की संभावना है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव सेना में सेंध लगाने के लिए ऑपरेशन टाइगर चलाया है, उसका रिजल्ट जल्द सामने आ सकता है। शिंदे गुट का दावा है कि उद्धव सेना के 6 सांसद जल्द ही शिवसेना में शामिल हो सकते हैं।



■ फरवरी में पहली बार अधिकतर जिलों में दिन का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के नीचे आया
■ पहाड़ों में बर्फबारी होने से हवा की रफ्तार बढ़ गई है

बड़ा तालाब

**ज्यादा नहीं टिक पाएगी अब...ये सर्दी**

ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, धूप खिलने के बावजूद सर्दी

# प्रदेश में सबसे ठंडे रहे राजगढ़-भोपाल पारा 4.4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ठंडी हवाओं की वजह से प्रदेश में शुक्रवार को भी ठिठुरन बनी रही। भोपाल में एक ही दिन में पारा 4.4 डिग्री लुढ़ककर 23.2 डिग्री पर आ गया, यह तापमान दिन का है, जबकि रात में 10.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इसी तरह राजगढ़ में रात का सबसे कम तापमान 6.6 डिग्री रहा। यह रात का सबसे कम तापमान रिकार्ड किया गया है। हालांकि, शनिवार से तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, जिससे दिन और रात में सर्दी का एहसास कम होगा। शुक्रवार को रायसेन में 23.5 डिग्री, रीवा में 23.8 डिग्री, पचमढ़ी में 24.4 डिग्री, सतना में 24.9 डिग्री और धार, नरसिंहपुर-दमोह में 25 डिग्री दर्ज किया गया।

### बर्फीली हवाओं ने गिराया दिन और रात का पारा

बर्फीली हवा चलने की वजह से शुक्रवार को दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायसेन में 23.2 डिग्री, धार में 23.7 डिग्री, नौगांव-रीवा में 24 डिग्री, सिवनी में 24.2 डिग्री, सीधी में 24.4 डिग्री और बैतूल में 25.7 डिग्री तापमान रहा। इससे पहले गुरुवार-शुक्रवार की रात में भी पारे में गिरावट देखने को मिली थी।

### आज से गर्म होंगे दिन और रात

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 8 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इस वजह से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। सिस्टम की वजह से दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।


**खबर संक्षेप**

### 9वीं की छात्रा ने किले से कूदकर आत्महत्या की



**ग्वालियर।** यहां 9वीं कक्षा की एक छात्रा ने पड़ाव थाना क्षेत्र के सेवा नगर स्थित किले से कूदकर खुदकुशी कर ली। छात्रा ने सुसाइड क्यों किया, पता नहीं चल सका है। मृतका की पहचान ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के आनंद नगर निवासी पुष्पा यादव (16) के रूप में हुई है। पिता रिंकू यादव ने कहा कि बेटी की एक युवक ने हत्या की है। उन्होंने बताया पुष्पा शाम करीब 4:00 बजे घर से कोचिंग जाने के लिए स्कूटी लेकर निकली थी। इसके बाद करीब 4:30 बजे राज यादव का फोन आया। उसने बताया कि आपकी लड़की किले से सुसाइड करने वाली है, उसे बचा लो।

### महिला से मिलने पहुंचा युवक, पति ने मार दिया



**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में महिला मित्र से मिलने पहुंचे युवक की पति ने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी। युवक को पहले घर फिर खाली मैदान में डेढ़ घंटे तक लाठी-डंडों से पीटा। इसके बाद क्षेत्र के अक्षत गार्डन के पास छोड़कर चले गए। मृतक का नाम नीलेश पुत्र भागीरथ अटोदे (25) खजूरी बाजार है।

### राममंदिर की ईंट रखने वाले चौपाल का निधन



**नई दिल्ली।** अयोध्या के राम मंदिर निर्माण की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का 69 साल की उम्र में निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। उनके निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक भावपूर्ण पोस्ट के जरिए दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

**आरबीआई ने दी 'खुशखबरी'... करीब 5 साल बाद रेपो रेट कम करने का लिया फैसला**

# लोन होगा सस्ता, कम होगी ईएमआई रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 0.25% घटाया

**रेपो रेट में 0.25% की कटौती, अब 6.25% पर पहुंचा**

## आखिरी बार रेपो रेट में फरवरी 2023 में बदलाव किया गया था। उस समय इसमें बढ़ोतरी कर इसे 6.50% किया गया था

रिजर्व बैंक ने साल 2026 के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.70% और महंगाई दर 4.8% रहने का अनुमान लगाया है।

30 लाख रुपए का लोन 20 साल के लिए 8.75 फीसदी की ब्याज दर पर लिया है। इस पर ईएमआई 26,511 रुपए बनेगी और आपको कुल 33,62,717 रुपए चुकाने होंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ने मिडिल क्लास को बड़ी राहत देते हुए रेपो रेट में कमी कर दी है। केंद्रीय बैंक ने मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की मीटिंग के बाद शुक्रवार को यह फैसला लिया। इसकी जानकारी रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में 0.25% (25 बेसिस पॉइंट) की कटौती की है। इस कटौती के बाद रेपो रेट 6.50% घटकर 6.25% रह गया है। अब लोगों को लोन मिलना सस्ता हो जाएगा। साथ ही उनकी ईएमआई की बोझ भी हल्का होगा। आरबीआई ने करीब 5 साल बाद रेपो रेट में कमी की है।



**रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की रेपो रेट में कटौती की घोषणा**

**मिडिल क्लास को लोन सस्ता होने का मिलेगा फायदा**



### ब्याज दर घटने से कितना होगा फायदा?

यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपने कितना लोन लिया है और कितने लंबे वक्त के लिए लिया है। उदाहरण के लिए 30 लाख रुपए का लोन 20 साल के लिए 8.75 फीसदी की ब्याज दर पर लिया है। इस पर ईएमआई 26,511 रुपए बनेगी और आपको कुल 33,62,717 रुपए चुकाने होंगे। लेकिन, अगर आपका बैंक आरबीआई के रेट कट के बाद ब्याज दर 0.25 फीसदी कम देता है, तो आपकी ब्याज 8.5 फीसदी हो जाएगी।

### क्या है रेपो रेट?

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को पैसा उधार देता है। अगर रिजर्व बैंक कम दर पर पैसा उधार देगा तो बैंक भी ग्राहकों को कम दर पर लोन मुहैया कराते हैं। इसमें होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन आदि शामिल हैं। रेपो रेट कम होने से मिडिल क्लास को बड़ा फायदा होता है, क्योंकि इससे ईएमआई का बोझ कम हो जाता है। वहीं दूसरी ओर बाजार में लिक्विडिटी भी बढ़ती है।

### क्यों कम किया जाता है रेपो रेट?

जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजर रही होती है तो मनी फ्लो बढ़ाकर इसकी रिकवरी करनी होती है। ऐसे में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कमी करते हैं। ब्याज दरों में कमी होने से लोन सस्ता होता है और ईएमआई को बोझ हल्का होता है। वहीं जब महंगाई ज्यादा बढ़ती है तो रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाकर मनी फ्लो को कम करता है।

**अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे...**

## 4200 भारतीयों पर लटकी है 'तलवार' प्रवर्तन निदेशालय की टीम कर रही जांच



◆ इन पर पिछले तीन साल में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवास करने का संदेह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में रह रहे 104 अवैध प्रवासी भारतीयों को भारत वापस भेज दिया गया है। इन निर्वासित भारतीय अप्रवासियों को लेकर एक सैन्य विमान बुधवार दोपहर अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयर पोर्ट पर उतरा था। विमान में निर्वासित व्यक्तियों में 25 महिलाएं, 12 नाबालिग और 79 पुरुष थे।

निर्वासित लोगों में 33 गुजरात के हैं, 30 पंजाब के हैं जबकि दो-दो निर्वासित उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ से हैं और तीन महाराष्ट्र से हैं। इन निर्वासितों को हाथ-पैरों में जंजीर बांधकर देश छोड़ा गया। इस मुद्दे पर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

**एजेंटों के खिलाफ चल रही जांच में 4000 से अधिक संदिग्ध लेन-देन मिले**

गुजरात और पंजाब स्थित एजेंटों के खिलाफ चल रही जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय को भारतीयों को कनाडा भेजने और फिर अमेरिका ले जाने से संबंधित 4,000 से अधिक संदिग्ध लेन-देन मिले हैं। संदेह है कि ये लेन-देन प्रत्येक ऐसे लेन-देन से जुड़े व्यक्ति को कनाडा के जरिए अमेरिका भेजने के इरादे से किए गए थे। यह एजेंट नियमित रूप से अलग-अलग रूट से लोगों को अवैध रूप से अमेरिका भेजते हैं। ईडी की जांच में पाया गया है कि कई एजेंटों ने अमेरिका में भारतीयों के अवैध इमिग्रेशन के लिए शिक्षा का रास्ता अपनाया है। इसके तहत, अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीयों को कनाडा के कॉलेजों में प्रवेश दिया जाता है। इन प्रवेशों के आधार पर उन्हें कनाडा का वीजा मिलता है और वे देश में उतर जाते हैं।

### इस जटिल प्रक्रिया से किया गया संदिग्ध लेन-देन

जांच में यह भी पाया गया कि एजेंटों ने इन अवैध अप्रवासियों के लिए वित्तीय लेन-देन की एक जटिल संरचना बनाई। उन्होंने सबसे पहले संभावित अप्रवासी के लिए एक खाता खोला जिसमें एजेंटों द्वारा कॉलेज प्रवेश शुल्क के भुगतान सहित पर्याप्त धन जमा किया गया। फिर इसे एक सावधि जमा में स्थानांतरित कर दिया गया जिसका उपयोग ओवरड्राफ्ट खाता खोलने के लिए किया गया और फिर एबिक्स के माध्यम से धन भेजने के लिए उपयोग किया गया।

समारोह में केवल करीबी दोस्त और रिश्तेदार शामिल

## शादी के बंधन में बंधे अडाणी के बेटे जीत और दिवा शाह



■ अडाणी ने लिखा- प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ विवाह

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के छोटे बेटे जीत अडाणी शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने दिवा जैमिन शाह के साथ अहमदाबाद में शादी की। जीत और दिवा शाह की सगाई 14 मार्च 2023 को हुई थी। शादी बिल्कुल सादे तरीके से हुई है। इस समारोह में केवल उनके करीबी दोस्त और रिश्तेदार शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल से किया हस्तक्षेप का आग्रह

## नौ दिन के बजट सत्र से नाराज कांग्रेस विधायक राज्यपाल से मिले

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**महीनों चलता था बजट सत्र, बदल दी गईं पहले की परंपराएं**

विधानसभा के बजट सत्र में सिर्फ 9 बैठकों की अधिसूचना जारी होने से कांग्रेस विधायक नाराज हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में इन विधायकों ने शुक्रवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात कर इस मसले पर हस्तक्षेप का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष के साथ उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक आरिफ मसूद और सुरेश राजे ने इस संबंध में राज्यपाल को कांग्रेस विधायकों की ओर से ज्ञापन सौंपा। मिलने गए कांग्रेस विधायकों से राज्यपाल ने पूछा कि क्या इस विषय पर आपकी सरकार से कोई चर्चा हुई है? सिंघार ने बताया कि इस पर हमने कहा कि पहले परंपराएं थीं, लेकिन अब उन्हें बदल दिया गया है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया है कि वे इस विषय में सरकार से बात करेंगे।

### तो बना दें मप्र को केंद्र शासित प्रदेश

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है और आपको इसमें हस्तक्षेप करना पड़ेगा। अगर आप लोकतंत्र नहीं चाहते हैं तो बता दें और यहां से मप्र को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का प्रस्ताव भेज दें। सिंघार ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर सरकार चर्चा से क्यों डरती है? अगर सरकार समाज, युवाओं और 'लाड़ली बहना' के लिए काम कर रही है तो सामने आए। इन्हें जनता की आवाज और समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। इसीलिए, ये विधानसभा में चर्चा नहीं करना चाहते और लाइव टेलीकास्ट से बचते हैं।

**महाकाल के दर्शन कर महाराष्ट्र जा रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार**

हादसे में बाइक सवार दोनों युवक और ट्रैवलर में सवार दो की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए

## महू में बाइक को टक्कर मारते हुए टैंकर में घुसा ट्रैवलर, 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू

इंदौर के करीब महू से एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार की रात हुई थी। पुलिस ने मृतकों के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



ट्रैवलर टैंकर में पीछे से जा घुसा

### शादी समारोह से लौटते समय कुए में जा गिरी बाइक चार दोस्तों की मौत

**धार।** जिले में शादी समारोह से घर लौट रहे युवकों कि बाइक कुएं में जा गिरी। इसमें 4 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मनावर क्षेत्र के छोटी उमरबन के पास हुआ, जहां एक बाइक कुएं में गिर गई। सभी मृतक मुंडला धरमपुरी के रहने वाले थे। इस हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में मातम पसर गया। शादी की खुशियां गम में बदल गईं।

**जेल में सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर से आमने-सामने बैठाकर पूछे गए सवाल**

बोला सौरभ- एक ही प्रकार के सवालों का जबाब देते देते परेशान हो गया

## तीसरे दिन भी ईडी की पूछताछ...पर, 11 करोड़ रु. और 50 किलो सोने का नहीं खुल पा रहा रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी भोपाल की केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में कैद आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से पूछताछ करने पहुंची। इस दौरान शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर को भी आमने सामने बुलाकर पूछताछ की गई। करीब दो दर्जन से अधिक सवाल ईडी की टीम ने तीनों से लिए। हालांकि अभी आरोपियों से पूछताछ में ईडी की टीम संतुष्ट नहीं है इसलिए पूछताछ का क्रम जारी रहेगा।




**सौरभ ने कुछ नाम तो लिए जांच एजेंसी कर रही इन नामों की लिप्तता की जांच**




सेंट्रल जेल में बंद सौरभ से टीम पूछताछ कर रही है

### ईओडब्ल्यू भी दर्ज कर सकती है एफआईआर

पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की भ्रष्टाचार से जुड़ी एक शिकायत ईओडब्ल्यू में भी लंबित है। अब ईओडब्ल्यू ने भी मामले का इन्वेस्टीगेशन तेज कर दिया है। ईओडब्ल्यू भी इस मामले में एफआईआर दर्ज कर सकती है। हालांकि, ईओडब्ल्यू से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अभी मामले में जांच चल रही है। जांच में आए तथ्यों के आधार पर ही कुछ कहा जा सकता है।



## 'फौजी' में हुई अनुपम की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई फिल्मों के निर्माण में व्यस्त है, जिसमें से एक है 'फौजी'। यह वॉर ड्रामा फिल्म हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित है। प्रभास के साथ फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर इसमें  नजर आ सकते हैं। अगर रिपोर्ट्र्स सच हैं तो कार्तिकेय 2 और टाइगर नागेश्वर राव के बाद यह उनकी तीसरी तेलुगु फिल्म होगी। फौजी एक एक्शन ड्रामा है, जिसमें प्रभास एक आर्मी ऑफिसर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशन्स द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रभास कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रभास, मारुति दासारी द्वारा निर्देशित हॉरर कॉमेडी द राजा साब की भी शूटिंग कर रहे हैं।, जिसे भी बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। पाइपलाइन में इतनी सारी फिल्में होने के कारण, प्रभास बिना किसी ब्रेक के लगातार काम कर रहे हैं।



लाइफ Style

# ईशा गुप्ता

## सनातन धर्म के लिए आई हूं

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने हाल ही में पवित्र स्नान करने के लिए प्रयागराज में महाकुंभ का दौरा किया। वो इस पवित्र कार्यक्रम में भाग लेने वाली कई हस्तियों में शामिल हो गईं। हालांकि, ईशा ने यह साफ कर दिया कि वह किसी बॉलीवुड हस्ती के तौर पर नहीं, बल्कि सनातन धर्म के अनुयायी के तौर पर इसमें शामिल हो रही हैं।

शेयर किए गए एक वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा, 'बॉलीवुड एक्टर्स का काम नहीं है कि वो औरों पे टिप्पणी दें, तो मैं नहीं देना चाहूंगी। बॉलीवुड एक्टर्स का काम है एक्टिंग करना। मैं यहां पर बॉलीवुड एक्टर के इरादे से नहीं आई हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं यहां पर सनातन धर्म के अस्तित्व से आई हूं, सनातनी के धर्म से आई हूं। एक बेटी की हैसियत से आई हूं और एक भारतीय की हैसियत से आई हूं। ईशा ने लोगों से महाकुंभ में आने का आग्रह करते हुए कहा, 'चाहे धर्म के लिए आएं या कर्म के लिए आएं, पर जरूर आएं।'

इस साल महाकुंभ में अनुपम खेर, मिलिंद सोमन, कबीर खान और रेमो डिसूजा समेत कई बॉलीवुड हस्तियां पहले ही शामिल हो चुकी हैं। ईशा ने 2012 में क्राइम थ्रिलर फिल्म 'जन्नत 2' से अभिनय की शुरुआत की थी। इसी के साथ ईशा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी महाकुंभ की कई फोटोज शेयर की हैं। इनमें से एक में वो डुबकी लगाती नडर आ रही हैं। दूसरी में स्वामी जी के दर्शन कर रही हैं तो तीसरी फोटो में कुछ लोगों के साथ खड़ी हैं। ईशा गुप्ता ने राज 3डी, बेबी, कमांडो 2, बादशाहो और टोटल धमाल सहित कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें आखिरी बार वन डेः जस्टिस डिलीवर्ड में देखा गया था।

हॉलीवुड मसाला




## एमसीयू में रेड हल्क की धमाल एंट्री

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) के दीवानों के लिए इस बार का वैलेंटाइंस डे खास होने वाला है। बड़े परदे पर उनकी नई कैप्टन अमेरिका से मुलाकात होने वाली है। हालांकि, ये नया कैप्टन अमेरिका उन्हें वेब सीरीज 'द फाल्कन एंड द विंटर सोल्जर'में ही दिख चुका है। लेकिन, इसकी बड़े परदे पर शानदार एंट्री अब होने जा रही है, एमसीयू की 35वीं फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड'में। इस फिल्म का जो दूसरा इससे बड़ा धमाका है वह थैडियस रॉस के रूप में हैरीसन फोर्ड का एमसीयू में कदम रखना। मार्वल की काल्पनिक सिनेमाई दुनिया का ये एक अलग ही प्रयोग बनने जा रहा है।




## वार्नर ब्रदर्स ने यूट्यूब पर रिलीज कीं 31 फुल-लेंथ फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स एंटरटेनमेंट ने अपनी 31 से अधिक फुल-लेंथ वाली फिल्मों को अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर मुफ्त स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध करा दिया है। इस चयन में विभिन्न युगों की पुरानी हिट, पंथिक क्लासिक्स और कुख्यात फ्लॉप फिल्मों का मिश्रण शामिल है। यूट्यूब पर अब जो फिल्में मुफ्त में देखी जा सकती हैं, वे विभिन्न शैलियों और दशकों की हैं। कुछ शीर्षकों में माइकल कोलिन्स (1996), वेटिंग फॉर गफमैन (1996), द मिशन (1986) और डेथट्रैप (1982) शामिल हैं। इस सूची में 2000 की डंगऑन्स एंड ड्रैगन्स फिल्म, बॉबकैट गोल्डथवेट की हॉट टू ट्रॉट (1988) और एडी मर्फी की द एडवेंचर्स ऑफ प्लूटो नैश (2002) जैसी फ्लॉप फिल्में भी शामिल हैं। अन्य फिल्मों में मार्लन ब्रैंडो की म्यूटिनी ऑन द बाउंटी और डेविड बर्न की ट्रू स्टोरीज शामिल हैं।



## बच्चे के जन्म के बाद बदल गई पूरी लाइफ


**मुंबई।** यामी गौतम और फिल्ममेकर आदित्य धर पिछले साल बेटे के पैरेंट्स बने हैं। बेबी के होने के बाद से यामी ब्रेक पर थीं और अब वह धूम-धाम फिल्म के साथ वापसी कर रही हैं। दोनों के बेटे का नाम वेदाविद है और अब एक्ट्रेस ने बेटे को लेकर बात की है। यामी ने कहा, 'मुझे लगता है जब आप मां बनते हैं और ये दोनों पैरेंट्स के लिए है, लेकिन मां के लिए स्पेशयली, आपकी पूरी लाइफ बदल जाती है। चाहे आपने कितना काम किया हो, लेकिन यह लाइफ अलग होती है जिसके लिए आप कभी तैयार नहीं होते हो। जाहिर सी बात है आप खुश होते हो, आपको लगता है कि आप वर्ल्ड के टॉप पर हो, यह सबसे बड़े आशीर्वाद है क्योंकि यह लाइफ की सबसे जरूरी चीज है।'उन्होंने आगे कहा, 'आप नर्वस होते हो, कई चीजें होती हैं, वो बड़ी आंखें आपको देख रही होती हैं और आपसे सिर्फ प्यार चाहिए उन्हें बस।



## बैडऐस रवि कुमार का लॉजिक से नहीं कोई नाता

**मुंबई।** हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडऐस रवि कुमार सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये पहली बार नहीं है जब सिंगर हिमेश रेशमिया फिल्म में एक्टिंग कर रहे हैं। इससे पहले भी वो एक्टिंग कर चुके हैं। हालांकि, हिमेश की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखा पाईं। अब हिमेश की फिल्म बैडऐस रविकुमार रिलीज हुई है। फिल्म में कोई कहानी नहीं है। हिमेश ने वो किया जो हिमेश को पसंद है। फिल्म में कोई लॉजिक नहीं है। हिमेश एक सीन में एक घाटी से कूदेंगे फिर 15 मिनट के सीक्वेंस के लिए जिसमें वो सनी लियोनी के साथ लगातार 5 गानों में नजर आएंगे। वहीं, हिमेश की जेब में सिगरेट का पैकेट तो आप देखेंगे, लेकिन वो सिगरेट पीते नहीं हैं। फिल्म में इसके पीछे की कहानी भी आपको देखने को मिलेगी। फिल्म में एक सीक्वेंस आएगा जहां हीरों की चोरी होगी।

टीवी मसाला




## शक्ति और वीरता की भक्तिमय महागाथा दिखेगी 'वीर हनुमान' में

**नई दिल्ली।** भगवान हनुमान की पौराणिक कथाओं पर आधारित वीर हनुमान शो जल्द ही सोनी सब पर शुरु होने जा रहा है। फिलहाल सोनी सब की तरफ से इस शो का पोस्टर जारी हुआ है। वैसे तो भगवान हनुमान के जीवन पर बहुत सारे टीवी शो आ चुके हैं, जिसमें उनकी कहानी को बेहद खूबसूरती से दिखाया गया है, लेकिन अब एक अलग अंदाज में सोनी सब पर बजरंग बली की जीवन यात्रा पर आधारित एक नया शो वीर हनुमान जल्द ही दर्शकों के लिए दिखने वाला है। सोनी सब एक बार फिर दर्शकों के लिए पौराणिक कथाओं से भरपूर नया शो 'वीर हनुमान'लेकर आ रहा है। यह भव्य शो भगवान हनुमान की असाधारण यात्रा को दर्शाएगा। जिसमें उनकी बाल सुलभ मासूमियत से लेकर दिव्यता और महानता की खोज शामिल होगी। इस शो काफी अलग तरह से तैयार किया गया जो दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब साबित हो सकता है। इससे पहले आपने शक्ति, भक्ति और वीरता जैसी कहानियों को कभी नहीं देखा होगा। लेकिन ये कहानी आपको शक्ति भक्ति का बेहतरीन एक्सपीरिएंस कराएगी। जिसे देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा। जिसे आप और आपका परिवार मिलकर इंजॉय कर पाएंगे। वीर हनुमान में प्रतिभाशाली युवा अभिनेता आन तिवारी भगवान हनुमान की भूमिका में नजर आने वाले हैं। अपना शानदार रोल अदा करते हुए उनकी भावनात्मक एक्टिंग इस प्रतिष्ठित चरित्र में नई जान डालने का काम करेगी।

## खुद को बचाने विहान के घर से भागी झनक अनिरुद्ध की बात सुन बेहोश हुई अर्शी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में हर रोज नए ट्विस्ट और टर्न आते रहते हैं। अब शो में आप देखेंगे कि झनक की सच्चाई सामने आने के बाद सब लोग उसपर विहान से शादी करने का दवाब बनाएंगे।



शादी से खुद को बचाने के लिए अब वो विहान के घर से भी बिना किसी को बताए भाग जाएगी। विहान के घर से भागने के बाद झनक के सामने एक नई मुसीबत खड़ी हो जाएगी। वहीं, विहान अनिरुद्ध से पूछेगा कि क्या वो झनक से प्यार करता है। झनक विहान के घर से भागने से पहले विहान के लिए चिट्ठी लिखकर जाएगी। वो विहान को लिखकर जाएगी कि वो किसी से प्यार करती है और किसी और को दिल से अपना पति मानती है, इसलिए वो उससे शादी कर सकती है। विहान के घर से भागने के बाद झनक एक बार फिर गुंडों के चंगुल में फंस जाएगी। स्टार प्लस के नए प्रोमो में देखने को मिला विहान के घर से भागने के बाद झनक एक बस में बैठी होगी।

## ओटीटी पर महीने से टॉप पर है 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर'

**नई दिल्ली।** 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' 22 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। थिएट्रिकल रिलीज के करीब 2 महीने बाद 16 फरवरी को इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया। फिल्म की भव्यता, धमाकेदार एक्शन और कहानी दर्शकों को इतनी पसंद आई कि ये अब भी ओटीटी पर ये फिल्म दर्शकों की पसंदीदा बनी हुई है। डिज्नी + हॉटस्टार पर ये फिल्म 350 दिनों से टॉप 10 में अपनी जगह बनाए हुए है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर'को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अब तक 30 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रिया रेड्डी, श्रुति हासन और रामचंद्र राजू स्टारर 'सलार'ने 404.45 करोड़ का जबरदस्त कलेक्शन किया था। तेलुगु भाषा में प्रभास की फिल्म ने 217 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था, इसके बाद हिंदी में 151 करोड़ और फिर तमिल भाषा में 19.08 करोड़ कमाए थे। 'सालार' ने दुनिया भर में 700 करोड़ रुपए से ज़्यादा की कमाई की है। यह साल 2023 की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली तेलुगू फिल्म है। फिल्म का क्लाइमेक्स 'सालार पार्ट 2: शौर्यांग पर्वम'के लिए सीधा रास्ता छोड़ जाता है, जो 2026 में रिलीज हो सकती है। सालार की सफलता ने 'सालारः पार्ट 2 शौर्यांग पर्वम' के लिए भी मजबूत नींव तैयार कर दी है। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




## ये हैं इंडिया के सबसे बड़े सुपरस्टार एक साल में करते थे 39 फिल्में

**नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री पर साउथ सुपरस्टार्स आज से नहीं, बहुत पहले से राज कर रहे हैं। जी हां! अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, शाहरुख खान, सलमान खान आदि के सुपरस्टार बनने से पहले साउथ इंडस्ट्री के एक एक्टर चारों तरफ छाए हुए थे। वे एक साल में 39 फिल्में करते थे। यूं तो अक्षय कुमार, गोविंदा समेत कई एक्टर्स ने अपने कॅरियर में 40 फिल्में साइन की हैं, लेकिन किसी ने भी एक साल में 40 की 40 फिल्में नहीं की हैं। आइए आपको साउथ के इस दिग्गज एक्टर के बारे में बताते हैं।



### क्यों कहलाए सबसे बड़े सुपरस्टार?

साउथ इंडस्ट्री के इस फेमस एक्टर का नाम प्रेम नजीर है। प्रेम नजीर का 1989 में निधन हो गया था। प्रेम ने अपने पूरे कॅरियर में 900 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। 700 से ज्यादा फिल्मों में लीड रोल प्ले किया था। 400 से ज्यादा हिट दी थीं। 50 से ज्यादा ब्लॉकबस्टर दी थीं और 40 से ज्यादा फिल्मों में डबल रोल प्ले किया था। इतना ही नहीं, प्रेम ने अपने दौर की तकरीबन सभी एक्ट्रेसेस के साथ काम किया था।

### बनाया रिकॉर्ड

प्रेम ने अपने पूरे कॅरियर में 85 एक्ट्रेस के साथ काम किया था। इतना ही नहीं, उस समय की फेमस एक्ट्रेस शीला के साथ 130 फिल्में की थीं, जिसकी वजह से उनका नाम दुनिया के सबसे बड़े गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। जी हां! एक साथ सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड मलयालम एक्टर प्रेम नजीर और एक्ट्रेस शीला के नाम पर दर्ज हुआ था।

## लव स्टोरी में है प्यार की कमी लेकिन हंसाएगी 'लवयापा'



**नई दिल्ली।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की फिल्म लवयापा शुक्रवार को रिलीज हो गई है। इस फिल्म के जरिए दोनों स्टार किड्स का थिएटर डेब्यू हो रहा है। वैसे तो दोनों का पहले बॉलीवुड डेब्यू हो गया था, लेकिन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर। अब हालांकि थिएटर पर दोनों की पहली फिल्म रिलीज हो रही है। लवयापा में दिखाया गया है कि कैसे आज कल की जनरेशन फोन से ऑब्सेस है और अब सोशल मीडिया उनकी लाइफ कंट्रोल करता है। फिल्म 2 लवर्स पर आधारित है जिसमें दोनों शादी करने का प्लान बनाते हैं, लेकिन उससे पहले दोनों के प्यार के सामने आती है कई मुश्किलें। फिल्म का पहले हाफ में जहां लड़के को लड़की के एक्स के बारे में पता चलता है। वहीं, सेकेंड हाफ में यह पता चलता है कि लड़के के फोन में क्या होता है। एडिटिंग थोड़ी कम क्रिस्पी है। स्नेहा देसाई का स्क्रीनप्ले और डायलॉग अच्छे हैं जिससे कुछ फनी मोमेंट्स मिलते हैं फिल्म में। लेकिन फिल्म को थोड़ा खींच दिया जाता है जिससे आपके पेशंस भी टेस्ट होते हैं। फिल्म के लीड यानी कि जुनैद और खुशी ने काफी मेहनत की है। खुशी की परफॉर्मेंस में काफी इम्प्रूवमेंट आई है फिल्म आर्चीज के बाद। जुनैद को अभी और काम की जरूरत है। ऐसा लगता है जैसे वह रिहर्सल टाइम एक्ट कर रहे हैं।

# अपनी शर्तों पर काम किया करती थीं ये टॉप एक्ट्रेस

पहले के दौर में जहां एक्ट्रेस का कॅरियर शादी के बाद बर्बाद हो जाता था, वहीं मौसमी चटर्जी अकेली ऐसी एक्ट्रेस थीं, जो शादी के बाद भी लीड रोल में नजर आती थीं। एक्ट्रेस ने महज 15 की उम्र में ही शादी रचा ली थी और 17 की उम्र में मां बन गई, फिर भी वो उस दौर की सबसे सफल एक्ट्रेसेस में से एक रहीं।

## मानी जाती थी हिट की गारंटी

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपने जमाने की मशहूर एक्ट्रेस मौसमी चटर्जी ने अपने हर किरदार से दर्शकों को हैरान कर रखा था। वो उस दौर की पहली ऐसी एक्ट्रेस थीं जो अपनी शर्तों पर काम किया करती थीं। उनकी शादी भी फिल्मी घराने में हुई थी। करियर की शुरुआत में तो वह अपनी पहली फिल्म के सेट पर वह अपने ही ससुर पर बुरी तरह भड़क उठी थी। ये किस्सा भी उन्होंने खुद ही शेयर किया था।



### पिता पर ही था एक्ट्रेस को पहला क्रश

मौसमी चटर्जी की प्यारी सी मुस्कान और खूबसूरत पर उस दौर में कई एक्टर्स फिदा थे। लेकिन, मौसमी विनोद खन्ना की डाई हार्ट फैन रहीं। उन्होंने कपिल के शो में खुलासा भी किया था कि उस दौर के सबसे हैंडसम हीरो सिर्फ विनोद खन्ना ही थे। वह उनके हर रोल को बहुत पसंद करती थीं। लेकिन, आर जे अनमोल संग बातचीत में एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि पहला क्रश उनके पिता ही थे। क्योंकि, उनकी जिदंगी में वही पहले पुरुष थे जिन्हें वह जानती थीं। हालांकि ये कहकर वह खूब हंसी थीं।

### जितेंद्र संग हिट थी जोड़ी

यूं तो मौसमी चटर्जी ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। हर एक्टर के साथ उन्होंने काम भी किया है। कॅरियर में उन्होंने विनोद मेहरा, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन और संजीव कुमार समेंत तकरीबन हर एक्टर के साथ काम किया है। लेकिन, जितेंद्र के साथ उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। दोनों ने साथ में फिल्म 'मांग भरो सजना' में काम किया था। ये फिल्म सुपर-डुपर हिट साबित हुई थी। फिल्म में रेखा भी लीड रोल में थीं। इस लव ट्राइएंगल फिल्म को लोगों ने काफी पसंद किया था।

### फिल्म मेकर्स को बनाया मालामाल

बता दें कि मौसमी चटर्जी ने अपने एक्टिंग कॅरियर में अपने हर अवतार से मेकर्स को हिट फिल्में देकर मालामाल बनाया था। अपने कॅरियर में उन्होंने 'घर एक मंदिर', 'मंजिल', 'अनुराग', 'रोटी कपड़ा और मकान' और 'प्यासा सावन' जैसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया था, जिन्होंने कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ दिए थे।

### हाई कोर्ट ने पूर्व में लगाई रोक बरकरार रखी, संयुक्त सुनवाई के दिए निर्देश

## नगर निगम में नियमों की अनदेखी कर पदोन्नति देने का आरोप

जबलपुर।

हाई कोर्ट में अवमानना याचिका के जरिए नगर निगम, जबलपुर में नियमों की अनदेखी कर पदोन्नति दिए जाने का आरोप लगाया गया है। हाई कोर्ट के पूर्व आदेश का पालन नदारद होने के रवैये को भी कठघरे में रखा गया है। न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने इस मामले की सुनवाई पूर्व से विचाराधीन एक अन्य याचिका के साथ किए जाने की व्यवस्था दे दी। यही नहीं उस याचिका में पदोन्नति प्रक्रिया पर लगाई गई रोक को भी बरकरार रखा है। इस तरह अब दोनों प्रकरण संयुक्त रूप से सुने जाएंगे।



अवमानना याचिकाकर्ता नगर निगम, जबलपुर में कार्यरत कालूराम सोलंकी व संतोष कुमार गौर की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि हाई कोर्ट ने पूर्व में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए मुख्य स्वच्छता निरीक्षक के रिक्त पदों के लिए 45 दिनों में विभागीय पदोन्नति समिति का गठन कर वरिष्ठ सूची के आधार पर पदोन्नति प्रदान करने के आदेश जारी किए थे। आदेश का पालन न होने के कारण उक्त अवमानना याचिका दायर की गई है।

इस मामले में हस्तक्षेपकर्ता विनर पोला राव सहित अन्य की ओर दलील दी गई कि याचिकाकर्ताओं ने खुद को स्वच्छता निरीक्षक बताते हुए याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए डीपीसी का गठन कर पदोन्नति प्रदान करने के आदेश पारित किए गए थे। याचिका में उन्होंने खुद को वरिष्ठता सूची में पहले व दूसरे स्थान पर बताया था। वास्तव में उन्हें जूनियर स्वच्छता निरीक्षक पद पर नियुक्ति प्रदान की गई थी। नगर निगम एक्ट में जूनियर स्वच्छता निरीक्षक को स्वच्छता निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान का प्रविधान नहीं है। उन्हें गलत तरीके से पदोन्नति प्रदान की गई थी। नगर निगम एक्ट के प्रावधानों को दरकिनार करते हुए डीपीसी के माध्यम से उन्हें मुख्य स्वच्छता निरीक्षक बनाने की साजिश की जा रही थी। जिसके विरुद्ध उन्होंने याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने डीपीसी की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

## एसपी के निर्देश पर पुलिस कर रही है जन्म से पूर्व की फोटो चस्पा होने की जांच

### हाई कोर्ट में पेश की गई जानकारी, प्रासंगिक साक्ष्यों के अभाव में दुष्कर्म के आरोपित को दी गई जमानत

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में अवगत कराया गया कि छात्रा की अंकसूची में उसके जन्म से एक वर्ष पूर्व की फोटो चस्पा होने के प्रकरण की एसपी के निर्देश पर जांच प्रारंभ कर दी गई है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने इस जानकारी को अभिलेख पर ले लिया। इसी के साथ प्रासंगिक साक्ष्यों के अभाव में दुष्कर्म के आरोपित को जमानत का लाभ दे दिया। मामले की सुनवाई के दौरान विवेचना अधिकारी ने कोर्ट में हाजिर होकर बताया कि स्कूल बंद होने के कारण पीड़िता के प्रवेश संबंधी दस्तावेज प्राप्त नहीं हो सके हैं। हालांकि उसकी अंकूसूची में जन्म से एक वर्ष पूर्व की फोटो कैसे चस्पा हो गई, इसे लेकर पुलिस जांच को गति दे चुकी है। दरअसल, यह मामला मऊगंज निवासी मेहंदी हसन की ओर से दायर किया गया था। उसकी ओर से दलील दी गई कि आवेदक दुष्कर्म के आरोप में सात अक्टूबर, 2024 से न्यायिक अभिरक्षा में है। जिस युवती शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है, वह उसके साथ कक्षा तीसरी से छटवीं तक पढ़ी थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और वर्तमान में याचिकाकर्ता की उम्र 26 साल है। पूर्व में हुई याचिका की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को बताया गया था कि पीड़िता की वर्ष 2016-17 में जारी आठवीं की अंकसूची में उसकी जन्म तिथि तीन मई, 2004 दर्ज है। अंकसूची में जो फोटो चस्पा है उसमें फोटो खिंचवाने की तिथि 10 जुलाई, 2003 अंकित है। बहरहाल, हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा है कि पुलिस अधीक्षक इस संबंध में जांच करें की जन्म से एक वर्ष पूर्व फोटो कैसे खिंच गई थी, जो अंकसूची में चस्पा है। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी इस संबंध स्कूल से स्पष्टीकरण मांगते हुए उचित कार्यवाही करें। मऊगंज थाने में पदस्थ विवेचना अधिकारी प्रज्ञा पटेल ने न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बताया कि स्कूल का संचालन बंद होने के कारण पीडिता का कक्षा एक का दाखिला-खारिज नहीं मिल पाया है। पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय के आदेश का परिपालन करते हुए जांच के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि पीड़िता का दाखिला-खारिज सरकारी अधिवक्ता के पास नहीं है। इसके अलावा पाक्सो एक्ट के अनुसार कोई अन्य प्रासंगिक सबूत भी नहीं है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद आवेदक को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया।

## हाई कोर्ट ने पूछा- 'पीजी सीट छोड़ने के बाद तीन वर्ष का प्रतिबंध क्यों

### राज्य शासन व संचालक चिकित्सा शिक्षा सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह की युगलपीठ ने निजी मेडिकल कालेज की पीजी सीट छोड़ने के बाद अभ्यर्थी को काउंसलिंग में शामिल होने से तीन वर्ष के लिए प्रतिबंधित करने के रवैये पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, संचालक चिकित्सा शिक्षा व आरडी गार्डी मेडिकल कालेज, उज्जैन को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिकाकर्ता डा. रितिका माहेश्वरी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को आरडी गार्डी कालेज में सीट आवंटित हुई थी। दो माह बाद याचिकाकर्ता ने सीट छोड़ दी। इसके एवज में पाठ्यक्रम का संपूर्ण शुल्क एक करोड़ 21 लाख रुपये भी जमा किया। आगे चलकर उसे सूचित किया गया कि प्रीपीजी के एक अन्य नियम के चलते वह अगले तीन साल तक पीजी काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अपात्र है। चूंकि यह नियम महज मध्य प्रदेश में लागू है और यह संविधान के अनुच्छेद-14 व 19 के उल्लंघन की परिधि में आता है, अतः चुनौती के योग्य है। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद जवाब मांग लिया।

## दमोह से मरीज को लेकर जबलपुर आ रही बोलेरो में आग लगी

**जबलपुर।** कटंगी रोड पर प्रज्ञाधाम के पास मरीज को लेकर दमोह से आ रही बोलेरो कार में शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे अचानक से आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही कटंगी से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। बताया गया है कि तेज रफ्तार बोलेरो कटंगी थाना क्षेत्र के प्रज्ञाधाम के पास पहुंची, अचानक उसमें से धुआं निकलने लगा। चालक ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत कार को सड़क किनारे रोका और देखा कि इंजन के पास से धुआं उठ रहा है। उन्होंने तत्काल मरीज को कार से बाहर निकाला, इतने देर में आग विकराल रूप ले चुकी थी।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी। करीब 20 मिनट बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। मरीज को प्राथमिक उपचार के लिए बाइक से कटंगी अस्पताल भेजा गया, जहां से 108 एम्बुलेंस की मदद से परिवारजन उसे इलाज के लिए जबलपुर ले गए।

### ट्रांसमिशन यूटिलिटी की बेस्ट प्रैक्टिसों के आदान-प्रदान पर मंत्रणा

## तमिलनाडु की टीम ने किया एमपी ट्रांसको का दौरा

**जबलपुर।** तमिलनाडु पावर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध संचालक श्रीमती के. इंद्राणी के नेतृत्व मे तमिलनाडु ट्रांसको की उच्च स्तरीय अधिकारियों की एक टीम ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर का दौरा कर एक आपसी समन्वय बैठक में हिस्सा लिया। इस उच्च स्तरीय बैठक में तमिलनाडु ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध संचालक श्रीमती के. इंद्राणी तथा एम पी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी सहित मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया,जिसमें दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संस्थानों में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसों के बारे में चर्चा की और आपसी तालमेल के साथ एक दूसरे की बेस्ट प्रेक्टिस पर अमल करने के लिए सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की।**एम पी ट्रांसको का सिस्टम सटीक : श्रीमती इंद्राणी** तमिलनाडु ट्रांसको टीम की प्रबंध संचालक श्रीमती के इंद्राणी ने स्काडा कंट्रोल सेंटर का दौरा कर उसकी कार्य प्रणाली का सूक्ष्मता से अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि एम पी ट्रांसको का यह बेहतरीन स्काडा सेंटर नेटवर्क स्टडी और सिस्टम मॉनिटरिंग के लिए सटीक टूल है।



## संप्रेक्षण गृह से भागे नाबालिग ने की चोरी की वारदात

**जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी में एक नाबालिग बालक ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा है। पूछताछ में बालक ने संप्रेक्षण गृह से भागने की भी स्वीकारोक्ति की है।तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 दिन पूर्व बसंत विहार कॉलोनी निवासी दिनेश यादव सुबह 11 बजे अपने घर का ताला लगाकर मेडिकल स्टोर गए थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे बाहर थे। करीब 11:30 बजे उन्होंने कैमरे पर देखा कि एक लड़का उनके घर के गेट से कूदते हुए बाहर निकल रहा था। जब वह घर पहुंचे, तो पाया कि मकान का पिछला दरवाजा टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोर ने गोदरेज अलमारी से मोबाइल और 2500 रुपये चोरी किए थे।

### विभिन्न संगठनों ने निगमायुक्त से की चर्चा

## 15 दिन में भी नहीं आ सकी यूनिपोल, होर्डिंग की जांच रिपोर्ट

जबलपुर।

नगर निगम क्षेत्र अतंर्गत समस्त वैध, अवैध यूनिपोल तथा होर्डिंग की जांच करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा 15 दिन के अंदर नहीं आने पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव और जांच समिति के अध्यक्ष अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया से मुलाकात कर जल्द ही रिपोर्ट पेश करने की मांग की है। मंच के अध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि नगर निगम आयुक्त ने जांच समिति को तत्काल प्रक्रिया पूरी कर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, तथा सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव से मुलाकात कर उन्हें बताया कि जांच समिति के गठन के आदेश 21 जनवरी को जारी होकर अब 15 दिन से ज्यादा बीत गया फिर भी समिति की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, जबकि उन्हें आश्वासन दिया था कि रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ जाएगी।

**ट्रेफिक आयलैंड पर खड़े यूनिपोल की समीक्षा होगी**

चर्चा के दौरान डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि ट्रेफिक आयलैंड पर खड़े किए गए यूनिपोल न केवल मप्र आउटडोर मीडिया नियम 2017 कंडिका 28 का घोर उल्लंघन कर रहे है बल्कि वे कभी भी हादसों का सबब बन सकते है। उन्होंने अधिकारियों के संज्ञान में यह बात भी लाई कि आईएसबीटी के प्रवेश द्वार पर डिवाइडर के बीच एक यूनिपोल टांग दिया गया, जो कभी बड़ा हादसा बन सकता है। प्रीति यादव ने इसका संज्ञान लेकर निर्देश दिए कि आईएसबीटी के प्रवेश आईलैंड पर लगाए गए यूनिपोल के संबंध में तत्काल कार्रवाई किया जाए। जांच समिति के अध्यक्ष प्रशांत गोटिया ने चर्चा के दौरान आश्वासन दिया कि ट्रेफिक आयलैंड पर खड़े किए गए सभी यूनिपोल की समीक्षा की जाएगी और इस संबंध में जल्द ही अपनी रिपोर्ट निगामायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच समिति में रिक्त सदस्य पद पर तत्काल नियुक्ति होगी। इस अवसर पर रजत भार्गव, एड वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, सुभाष चंद्रा, केसी सोनी, हरजीवन विश्वकर्मा, विनायक सोरते, राममिलन शर्मा आदि शामिल थे।

## पौने 2 लाख नगद, सहित लाखों के जेवर ले गए चोर

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत कस्तूरी सिटी में एक व्यापारी के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर सहित 1 लाख 70 हजार नगदी रुपए चोरी कर ले गए। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्तूरी सिटी निवासी 48 वर्षीय एयरकंडिशनर एसी के व्यवसायी मोहनलाल पटेल गत सुबह लगभग 6.30 बजे अपने भाई भूषण पटेल के साथ परिवार सहित अपने पैतृक गांव आमगांव बड़ा करेली जिला नरसिंहपुर गए थे। गांव में ही उनके बड़े भाई भूषण पटेल ने अपने मोबाइल पर घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को चैक किया तो उन्हें घर के कैमरे बंद दिखे, तो उन्होंने पड़ौसी दीपाली गुप्ता से फोन पर कालोनी में लाईट है कि नहीं पूछा तो उसने बताया कि कालोनी की लाईट चालू है। संदेह होने पर जबलपुर वापस घर आए तो देखा कि घर के सामने के गेट के ताले टूटे हुये थे। अंदर रखी पेटी में रखे सोने के बाले, मंगलसूत्र, नथ, छोटी बालियां, कंगन, चांदी की 2 जोड़ी पायल, संतान सातें की 3 चूड़ी, 2 जोड़ी बिछिया तथा नगदी 90 हजार रूपये तथा उसके भाई भूषण पटैल के ऊपर वाले ब्लाक में रखे सोने का मंगलसूत्र, चैन, चांदी के 8 सिक्के तथा नगदी 80 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## लिपिक संवर्ग को समान कार्य समान वेतन दे सरकार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष हेमंत ठाकरे ने बताया कि राज्य सरकार की उपेक्षा पूर्ण नीति के चलते लिपिक संवर्ग का सदैव ही आर्थिक शोषण हुआ है। वर्तमान में मंत्रालय के सहायक ग्रेड-3 के मुकाबले विभागाध्यक्ष कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 के समयमान वेतनमानों में शोषण किया जा रहा है। जहां संविधान के अनुच्छेद 39 में प्रावधान है कि 'एक ही कार्य को करने वाले सभी लोगों को समान वेतन मिलना चाहिए' परन्तु मंत्रालय, राज्यपाल सचिवालय, विधि एवं विधायी के सहायक ग्रेड 3 का द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान 9300-34800+3600 ग्रेड पे और तृतीय उच्चतर समयमान वेतनमान 9300-34800/-4200 ग्रेड पे पर दिनांक 01/04/2006 से उन्नत किया गया है। जबकि विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 का द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान 5200-20200-2800 ग्रेड पे और तृतीय उच्चतर समयमान वेतनमान 9300-34800+3200 ग्रेड पे पर उन्नत किया गया है जो कि संवैधानिक अधिकारों का हनन और शोषण है। यही वजह है कि लिपिक संवर्ग में रोष व्याप्त है कि समान कार्य करने के बावजूद वेतन में इतना भारी अंतर क्यों?संघ ने बताया कि आयुक्त कोष एवं लेखा म.प्र. पर्यावास भवन भोपाल के पत्र क्र. सं को. ले./ टी.सी.एस./ स्था./2017/1326 भोपाल दिनांक 04/06/2017 द्वारा विभागाध्यक्ष कार्यालयों में पदस्थ सहायक 3 लिपिकों के दायित्व मंत्रालय में पदस्थ सहायक लिपिकों के समान ही होते हैं। अतः समयमान वेतनमान में उत्पन्न विसंगति को दूर किये जाने हेतु उचित निर्णय वित्त विभाग को लिया जाना चाहिए, परंतु शासन द्वारा किसी प्रकार का उचित निर्णय नहीं लिए जाने के कारण लिपिकों के संवैधानिक अधिकारों पर न्यायोचित कार्यवाही नहीं करने से मंत्रालय के लिपिकों कि तुलना में विभागाध्यक्ष कार्यालयों में पदस्थ लिपिकों को मिलने वाले प्रतिमाह के वेतन में हजारों रूपये का अन्तर है। यही वजह है कि सेवानिवृत्ति पर लिपिकों को कम पेंशन का निर्धारण हो रहा है। अतः लिपिक संवर्ग के वेतन में इतना भारी अंतर होना न्यायसंगत नहीं है क्योंकि समान कार्य के लिए सभी को समान वेतन मिलना चाहिए।संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, शहीर मुमताज़, गुडविन चार्ल्स, राकेश श्रीवास, विनोद सिंह, दिनेश गोंड, एस.बी. रजक, योगेश ठाकरे, फिलिप अन्थोनी, निलेश खरे, अनूप डाहट, अशोक परस्ते, महेन्द्र प्रधान, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, सुनील झारिया, उमेश ठाकुर, चैतन्य कुशरे, गोपीशाह, आशाराम झारिया, त्रिलोक सिंह, समर सिंह ठाकुर, मानसिंह आर्मो, रवि जैन, अफरोज़ खान, रामकुमार कतिया, धर्मेन्द्र गुप्ता, रविशंकर केवट, मनीष मिश्रा, आशीष कोरी आदि ने वित्त विभाग म.प्र. शासन से मांग की है कि लिपिक संवर्ग के वेतनमान में भारी विसंगतियों को दूर किया जाए एवं समान कार्य हेतु समान वेतन दिया जाए।

**समान कार्य समान वेतन लिपिक संवर्ग का संवैधानिक अधिकार**

## ओबीसी आरक्षण पर समीक्षा के बाद जल्द होगा निर्णय

जबलपुर।

मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने यहां कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर उच्च स्तर पर समीक्षा की जाएगी और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। पूरी समीक्षा के बाद गजट नोटिफिकेशन किया जाएगा। जबलपुर प्रवास पर पहुंचे डॉ कुसमरिया यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की कुछ जातियां, अनुसूचित जाति में शामिल होने की मांग कर रही हैं उन पर भी विचार किया जाएगा। अगर यह जातियां अपनी मांग और तथ्यों के साथ आयोग के सामने पेश होती हैं, तो उनको पूरा सहयोग किया जाएगा। डॉ. कुसमरिया ने पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए विशेष योजनाओं का भी जिक्र करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों पर छात्रावासों में सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं, और दूर-दराज से आने वाले छात्रों के लिए ब्लॉक स्तर पर छात्रावास बनाने की पहल की जाएगी, साथ ही इन छात्रावासों में कोचिंग सेंटर खोलने के भी प्रस्ताव है, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि आगे होने वाली समीक्षा बैठक में गंभीरता से चर्चा की जाएगी।

**जबलपुर में बोले पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया**



## माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव पर पूजन कर भंडारा वितरित किया

**जबलपुर।** नर्मदा प्राकट्योत्सव के अवसर पर वार्ड क्रमांक 74 अमखेरा में नर्मदा पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। विगत आठ वर्षों से लगातार यह आयोजन किया जा रहा है जिसमे विशेष सहयोग पनागर विधायक इंदु तिवारी, पार्षद सुभाष तिवारी, युवा नेता हर्ष तिवारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सतीश तिवारी एवं स्थानीय लोगों में सौरभ विश्वकर्मा, पुरषोत्तम गोस्वामी, दीपक श्रीवास्तव, इमरान बारी, संतोष कोल आदि उपस्थित रहे।

### नग्न होकर लग्जरी कार की छत पर बैठे युवक का वीडियो वायरल

## सोशल मीडिया में अश्लील हरकत पड़ेगी महंगी

जबलपुर।

माढ़ोताल थाना क्षेत्र में एक युवक ने अजीबोगरीब हरकत करते हुए नग्न अवस्था में लग्जरी कार की छत पर बैठकर लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोग गुस्से में आ गए और गाड़ी रुकवाकर युवक के खिलाफ विरोध जताया। कुछ लोगों ने तो युवक के साथ मारपीट करने की भी कोशिश की, लेकिन अन्य लोगों ने मामला शांत करा लिया।

यह घटना तीन दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन हाल ही में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में युवक लग्जरी कार की छत पर नग्न होकर इधर-उधर इशारे करते हुए नजर आ रहा है। लोगों का कहना है कि युवक ने यह हरकत सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज हासिल करने के लिए की थी।



### स्थानीय लोगों का विरोध

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक कार की छत पर बैठकर अश्लील हरकतें कर रहा था, जिससे वहां से गुजर रहे लोगों ने गाड़ी रुकवा दी। इस दौरान कुछ लोग गुस्से में आकर युवक के साथ मारपीट करने लगे, लेकिन अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया और मामला शांत कराया।

### पुलिस ने की कार्रवाई की तैयारी

जबलपुर पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने ईएमएस को बताया कि युवक की पहचान की जा रही है और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जनता से अपील की है कि इस तरह की गैरकानूनी और अश्लील हरकतों में शामिल न हों, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा।

### सोशल मीडिया पर स्टंट दिखाना महंगा पड़ेगा

पुलिस ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की अश्लील हरकतें करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया है और वे कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने यह भी कहा कि यदि कोई इस तरह की हरकतें करके सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि प्राप्त करने की कोशिश करेगा, तो उसे कानूनी परिणाम भुगतने होंगे।

## एकलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जांच का निर्देश देकर प्रतिवेदन मांगा

# मानव अधिकार आयोग ने शहर के जनहित के 4 मामलों का लिया संज्ञान

हरिभूमि जबलपुर।

*मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर शहर के चार जनहित के मामलों में मुख्यपीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, सदस्य राजीव कुमार टंडन की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जांच का निर्देश देकर प्रतिवेदन मांगा है।*

### प्रीपेड बूथ होने के बावजूद एम्बुलेंस माफिया कर रहे किराया तय

जबलपुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास बने प्रीपेड एम्बुलेंस सेवा केंद्र में एम्बूलेंस उपलब्ध करवाने और किराया तय करने के लिये बनाया गया है, लेकिन इसके बावजूद एम्बूलेंस का किराया एम्बूलेंस वाले स्वयं ही तय कर रहे है,। प्रीपेड बूथ के द्वारा एम्बूलेंस का किराया तय नहीं करने एम्बूलेंस माफिया द्वारा मरीजों से मनमर्जी किराया वसूला जाता है, इस कारण मरीजों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक एवं डीन मेडिकल कॉलेज से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।




### जीवित मरीज को मृत घोषित कर बना दिया डेथ सर्टिफिकेट

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एक जीवित मरीज को मृत घोषित कर उसका डेथ सर्टिफिकेट बनाने का मामला सामने आया है। बीते सोमवार को इलाज के दौरान डॉक्टरों द्वारा मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन मृत मानकर जब बुजुर्ग को मर्चुरी ले जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि मरीज की सांसे चल रही है, तब परिजनों ने तुरंत बुजुर्ग को वापस अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि मृत घोषित किया गया मरीज जीवित है। डॉक्टरों ने बुजुर्ग का इलाज वापस शुरू किया। आयोग ने जबलपुर मेडिकल कॉलेज के डीन से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### सीनियर छात्रों ने कि जूनियर छात्र के साथ रैगिंग, स्कूल प्रबंधन दबा रहा मामला, पुलिस बेखबर

सदर के एक निजी स्कूल में सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग करते हुए उसके साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। सोशल मीडिया में वायरल हुये एक वीडियों में सीनियर छात्र द्वारा जूनियर छात्र के कपड़े खींचते दिख रहे है, और उसके साथ गंभीर रूप से मारपीट भी करते नजर आ रहे है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### सड़क पर खुला पड़ा चैम्बर, शासन-प्रशासन बेफिक्र

कलेक्ट्रेट रोड स्थित पीएसएम कॉलेज के पास बनी सड़क के बीच में नाले के ऊपर बना चैंबर टूटने का मामला सामने आया है। टूटे पड़े चैंबर के कारण सड़क पर से आवाजाही करने वाले दो एवं चार पहिया वाहन चालकों के साथ दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। चैंबर खुला होने से आवागमन में भी बाधा हो रही है। इस संबंध में क्षेत्र के रहवासियों ने कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी को शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आयोग ने नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम

निरोध आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में राज्य सरकार10 फरवरी के पूर्व निश्चित रूप से प्रस्तुत करें जवाब

जबलपुर। म.प्र. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति सुश्रुत धर्माधिकारी व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने राष्ट्रीय सुरझा अधिनियमके अंतर्गत याचिकाकर्ता को निरुध्द किये जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में राज्य सरकार को निश्चित रुप से 10 जुलाई के पूर्व जवाब देने निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि यह याचिका याचिकाकर्ता बैतूल जिले के विधि छात्र अन्नू उर्फ अनिकेत की ओर से वाद मित्र के रूप में उनके पिता ने प्रस्तुत की है। याचिकाकर्ता ने आरोपित किया है कि बैतूल जिले में असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ कथित मारपीट में उसके विरुध्द कार्रवाई की गई है. जबकि विवाद एक अनुसूचित जाति की छात्रा से प्रोफेसर द्वारा अशोभनीय बर्ताव के कारण बढ़ा था तथा प्रोफेसर ही फोटोग्राफ में याचिकाकर्ता के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। केवल एक समुदाय विशेष के अनुचित राजनैतिक दवाब के कारण याचिकाकर्ता के विरुध्द निरोध आदेश पारित किया गया है व इसमें संवैधानिक प्रक्रिया का हनन किया गया है जैसे जिला मजिस्ट्रेट ने राज्य सरकार के समक्ष तत्क्षण पुष्टि हेतु निरोध आदेश प्रेषित नहीं किया तथा निरोध के आधार व सामग्री केन्द्र सरकार को प्रेषित नहीं किय। । याचिकाकर्ता की ओर से सुशील कुमार तिवारी व असीम त्रिवेदी पैरवी कर रहे हैं।

## सिहोरा सीएमओ ओझा नपा अमले के साथ शहर को स्वच्छ बनाने में जुटे




**सिहोरा।** सफाई के श्रेत्र में सिहोरा को भी प्रदेश की स्वच्छ नगर पालिकाओं में खड़ा करने के लिए इन दिनों मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा विभाग के अमले के शहर को स्वच्छ बनाने के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं। अब सिहोरा के निवासियों का ये फर्ज बनता है कि वे भी नगर पालिका का सहयोग करके स्वच्छता की एक मिसाल कायम करें।नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की आईसी गतिविधि के अंतर्गत आज क्षेत्र में वार्ड नंबर 5 -6 डस्टबिन न रखने वाले व्यापारीयो के ऊपर जुर्माने की कार्यवाही की गई एवं सभी व्यापारीयो से अनुरोध किया कि अपनी अपनी दुकानों के सामने नीले कलर का डस्टबिन रखें दुकानों का सारा कचड़ा डस्टबिन में रखे सड़कों या नालियों में न फेंके आस पास साफ सफाई रखे साथ ही सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए भी अपील की गई। इस अवसर पर राकेश गुप्ता,सुशील कुमार वर्मा,चमन श्रीवास संतोष तिवारी,अयूब खान,संजय पाठक,अरुण कुमार उपाध्याय,अजय शुक्ला,रवि बर्मन,अनंत राम नामदेव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक बरकडे ने किया कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



**सिहोरा।** म प्र राज्य कर्मचारी संघ तहसील शाखा सिहोरा के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन रेस्ट हाउस में विधायक संतोष बरकड़े,जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल,सतीष पटेल, अंकित तिवारी, शिशिर पाण्डे, निरीक्षक खितौला रुचि सिंह की उपस्थिति में किया गया। कैलेंडर का विमोचन करते हुए विधायक ने कहा कि कर्मचारियों की सुविधा व एकता के साथ हर माह की तिथियों सहित अनेक जानकारियों से परिपूर्ण उक्त कैलेंडर कर्मचारियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर संघ के तहसील अध्यक्ष के.जी.पाठक,सुशील दाहिया,सी एम राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय,हरिशंकर गौतम,अनिल दाहिया,संजीव उरमलिया,इन्द्रकुमार बड़गैयाँ, बलराम उपाध्याय, मंजू अग्निहोत्री, हेमंत साहू, आशीष पहारिया, नितिन गर्ग, मंजीत प्रताप, गंगाराम गुप्ता, गगनराज दुबे, रामकुमार सेन, शिव पटेल, पी.सी.सैनी, विवेक जैन, योगेन्द्र मिश्रा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## उर्स बाबा शरिफुल औलिया में उर्स का आयोजन 10 को

**सिहोरा।** खानकाहे सरकार शरीफुल औलिया रज़ा नगर नया मोहल्ला में दरगाह शरीफ हजरत बाबा शरीफुल औलिया का पहला उर्स 10 फरवरी को निहायत शानों शौकत के साथ मुनअकिद हो रहा है जिसमे बाद नमाज आसिर शाम 5 बजे दरगाह शरीफ से शाही संदल चादर शरीफ का जुलुस उठकर बस्ती का गस्त करते हुए माजरे अकदस पर पहुंचेगा।चादर पोशी सलातो सलाम फातहा होगी। रात्रि 9 बजे से बाहर से तशरीफ लाये हुए उल्माए किराम जेरे सरपरस्ती पीरे तरीकत हजरत मुफ्ती मुहम्मद लुकमान खां मुफ्तिए आज़म छत्तरपुर,जेरे सदारत सज्जादा नशीन ब्रादरे असगर सरकार शरीफुल औलिया पीरे तरीकत यूसुफे मिल्लत हजरत मौलाना सूफी बाबा मुहम्मद युसुफ रजा शरीफी,जेरे हिमायत नायवे सज्जादा नशीन शहजादए यूसुफे मिल्लत हजरत मौलाना सूफी बाबा मुहम्मद हसनैन रजा शरीफी,आगाजे जलसा हजरत हाफिज कारी खलील अहमद दमोह, मुकरिरे खुसूसी हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद हामिद रजा छत्तरपुर,जेरे निजामत हजरत मौलाना जियाउर्रजा चाँद कादरी जबलपुर,जेरे कयादत हजरत हाफिज शमीम अहमद अशरफी,जेरे खितावत हजरत मौलाना अब्दुल सलाम बरकाती छतीसगढ़,हजरत हाफिज कारी सूफी अबरार रजा हलीमी रीवा,अपनी नुरानी तक़रीर फरमायेगे,नात ख्वा हाफिज सरताज अहमद शरिफी इलाहाबाद, मुहम्मद जावेद अख्तर जबलपुर नातपाक पेश करेगे। आप तमाम हजरात से गुजारिस है ज्यादा से ज्यादा तादाद में शिरकत फरमाकर सबाबे दारैन हांसिल करें।

## गाय को मिले राष्ट्र माता का दर्जा


**मझौली।** गो कथा धेनु मानस की रचना करके भारतवर्ष मैं गो कथा का शंख नाद करने वाले उत्तराखंड उत्तरकाशी से पधारे महाराज जी गोपाल मणी बुडराई उमरिया की सिद्धा आश्रम में पधारे हैं। आपने अपनी मंच से गो माता राष्ट्र माता आंदोलन के बारे में बताते हुए कहा वैदिक सनातन धर्म गाय को माता से रूप में देखता है किंतु संवैधानिक दृष्टि सी गाय को पशु का दर्जा प्राप्त जब तक गाय को पशु की सूची से हटा कर माता की सूची में नहीं रखा जाता तब तक भारत देश में गौ हत्या का कलंक नहीं मिट सकता इसलिए भारतवर्ष की सनातनी को एक स्वर से यह बात सरकार के सामने रख ली चाहिए पशु सूची से हटा कर गाय माता की सूची में रखा जाए तथा प्रदेश स्तरीय केंद्रीय कानून बनाने जिसे गो हत्या पर प्रतिबंध लगे महाराज जी ने मध्य प्रदेश की जनता का आवाहन करते हुए कहा है अब आप उन उन लोगों को लोकसभा विधानसभा में लाए जो गौ माता की बात रख सके महाराज जी ने इतना प्रवचन देते हुए कथा में सिद्ध आश्रम की कथा सहयोगी आकर्षक महाराज आशुतोष पौराणिक तथा श्रावण सोनी लोग व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं अमित साहू अतुल तिवारी अतुल दीक्षित सारे लोगों के सहयोग से कथा सुनी जा रही है कल कथा का अंतिम दिन है अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक महाराज जी ने ज्यादा से ज्यादा लोग से गौ कथा में शामिल होने के अपील की है।



## स्मार्ट मीटर को लेकर टैगोर वार्ड में बवाल

**जबलपुर।** जबलपुर में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने पर बढ़ता विवाद शुक्रवार को रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड पहुंचा, जहां क्षेत्रीय जनों ने मीटर लगाने आने वालों से मीटर ठीक होने का सर्टीफिकेट और उनके बिजली विभाग के होने का पहचान पत्र मांगा. मौके पर कांग्रेस नेता हाजी हामिद मंसूरी अपने साथियों के साथ पहुंचे, पूरी कार्यवाही का विरोध किया. जिसके बाद मीटर लगाए बिना लोग वापस लौटे. हाजी हामिद मंसूरी ने यहां कहा, स्मार्ट मीटर झूठ बोलकर लगाया जा रहा है. गरीबों से कहा जा रहा है की यह निशुल्क जबलपुर करीब 25 हजार रुपये वसूले जाएंगे. वहीं मीटर भी निम्म गुणवत्ता का है, जिससे लोगों के बिल में कई गुना वृध्दि होगी।

**श्री कृष्ण दास अग्रवाल-** सिहोरा वार्ड क्रमांक 12 नई सड़क डॉ राय के पीछे खि तौ ला निवासी कृष्ण दास अग्रवाल का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार उनके ग्रह नगर गाडरवारा में किया गया। वे दीपक, प्रदीप,चंद्र कुमार अग्रवाल के पिता थे।



**श्री अनुराग विश्वकर्मा-** सुभाष नगर बस्ती नं. 2 गोहलपुर निवासी श्री संजय विश्वकर्मा के पुत्र श्री अनुराग विश्वकर्मा (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती रामदुलारी गुप्ता-** फूटाताल निवासी श्री राम किशोर गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती रामदुलारी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज पासी-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री मनोज पासी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाब चंद साहू-** ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री गुलाब चंद साहू (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंकर लाल तंतुवाय-** शताब्दीपुरम समदड़िया रेसीडेंसी विजय नगर निवासी श्री शंकर लाल तंतुवाय (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र नारंग-** कांचघर पोस्ट आफिस के पास निवासी श्री जीतेंद्र नारंग (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मेवा लाल चौधरी-** रद्दी चौकी अधारताल निवासी श्री मेवा लाल चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज प्रसाद सोनी-** ड्रीमलैंड वृंदा परिसर रिमझा निवासी श्री सूरज प्रसाद सोनी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सावित्री देवी महावर-** गली नं. 5, सदर निवासी श्री जवाहर लाल महावर की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी महावर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता वाल्मीक-** रेलवे इंद्रा कॉलोनी दमोह निवासी श्री राम किशोर वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता वाल्मीक (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दिनेश सोनी-** खिरहनी फाटक के पास कटनी निवासी श्री दिनेश सोनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती कुरील-** गोरखपुर आजाद चौक निवासी श्री अशोक कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती मालती कुरील (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नितिन यादव-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री नितिन यादव (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्री श्याम कुमार नामदेव-** सीएमएम ऑफिसर्स मैस सर्वेंट क्वाटर निवासी श्री श्याम कुमार नामदेव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती भागरथी बाई देशमुख-** पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री गोपाल देशमुख की धर्मपत्नी श्रीमती भागरथी बाई देशमुख (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## कुलपति की नियुक्ति पर उठे गंभीर सवाल

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा की नियुक्ति पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले को गंभीर बताते हुए उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा एवं अन्य कुलपतियों की नियुक्तियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व भारतीय राष्ट्रिय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन रजक द्वारा नेता विपक्ष को एक शिकायत उनसे मिलकर प्रेषित की गई थी जिसमें प्रो राजेश कुमार वर्मा के मूल पद अर्थात प्राध्यापक पद पर नियुक्ति में विसंगति को लेकर साक्ष्य प्रस्तुत किए गए थे। इसी कड़ी में नेता विपक्ष ने संज्ञान लेते हुए जांच का निवेदन प्रमुख सचिव से किया है।

### कृतियों का विमोचन आज

**जबलपुर।** मंथनश्री एवं पाथेय संस्था के तत्वावधान में श्री संतोष नेमा 'संतोष' की दो कृतियों 'सुमित्र संस्मरण' एवं 'अधरों पर मुस्कान'दोहावली का विमोचन 8 फरवरी को सायं 5 बजे से कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में आयोजित है।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### रुपया निचले स्तर से उबरा 87.44 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद शुक्रवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले बंद भाव से 15 पैसे चढ़कर 87.44 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया। मई 2020 के बाद यह पहली कटौती थी और करीब ढाई साल के बाद पहली बार इसमें बदलाव किया गया है।

### एआई आधारित उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायतें बढ़ीं



**नई दिल्ली।** क्षेत्र-विशिष्ट विश्लेषण के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) को लागू करने के बाद राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) में उपभोक्ता शिकायतों में तेज वृद्धि देखी गई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एआई से लैस मंच ने शिकायतों की संख्या में 10 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मासिक औसत शिकायतें 2017 के 37,062 से लगभग तीन गुना होकर 2024 में 1,12,468 हो गई हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक का घाटा बढ़कर 564 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 564 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने बताया कि बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा के कारण राजस्व घटने और गाड़ियों की 'सर्विस' से जुड़े मुद्दों को हल करने के लिए एकमुश्त लागत से उसका घाटा बढ़ा है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 376 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था।

### बलरामपुर चीनी का शुद्ध मुनाफा 23 प्रतिशत घटा



**मुंबई।** बलरामपुर चीनी का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही का शुद्ध मुनाफा 22.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70.47 करोड़ रुपये रह गया है। बलरामपुर चीनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 91.32 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 3.10 प्रतिशत घटकर 1,192.14 करोड़ रुपये रह गयी, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,230.38 करोड़ रुपये थी।

# इन्फोसिस ने 300 से अधिक नए कर्मियों को नौकरी से निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी इन्फोसिस ने 300 से अधिक नए लोगों (पहली बार नौकरी करने वाले-फ्रेशर्स) को नौकरी से निकाल दिया है। सूत्रों के अनुसार, इन कर्मचारियों ने कंपनी के मैसुरु परिसर में शुरुआती प्रशिक्षण लिया था, लेकिन तीन प्रयासों के बाद भी वे आंतरिक मूल्यांकन में उत्तीर्ण नहीं हो पाए। हालांकि, आईटी कर्मचारी यूनियन एनआईटीईएस ने कहा कि इस कदम से प्रभावित होने वाले नए कर्मचारियों की संख्या बहुत अधिक है। यूनियन ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के समक्ष आधिकारिक शिकायत दर्ज कर कंपनी के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप और सख्त कार्रवाई की मांग करने की धमकी दी है।

- कर्मचारियों ने कंपनी के मैसुरु परिसर में शुरुआती प्रशिक्षण लिया था
- तीन प्रयासों के बाद भी वे आंतरिक मूल्यांकन में उत्तीर्ण नहीं हो पाए

### नियुक्ति प्रक्रिया बहुत सख्त

इस संबंध में भेजे गए ई-मेल के जवाब में बेंगलुरु मुख्यालय वाली आईटी सेवा कंपनी ने कहा, "इन्फोसिस में हमारी नियुक्ति प्रक्रिया बहुत सख्त है, जिसमें सभी नए कर्मचारियों को हमारे मैसुरु परिसर में व्यापक आधारभूत प्रशिक्षण लेने के बाद आंतरिक मूल्यांकन में सफल होने की उम्मीद होती है।"




### प्रक्रिया दो दशक से लागू है: इंफोसिस

कंपनी ने कहा कि सभी नए कर्मचारियों को मूल्यांकन में सफल होने के लिए तीन मौके मिलते हैं, जिसमें विफल होने पर वे संस्थान में बने नहीं रह पाएंगे। कंपनी ने कहा कि यह उपनियम 'उनके अनुबंध में भी उल्लिखित है।' इन्फोसिस ने कहा, "यह प्रक्रिया दो दशक से अधिक समय से अस्तित्व में है और हमारे ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा की उपलब्धता सुनिश्चित करती है।"

### दावा संख्या इससे अधिक

घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि प्रभावित नए लोगों की संख्या 300 से कुछ अधिक है। इस बीच, नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉयज सीनेट (एनआईटीईएस) ने दावा किया कि संख्या बहुत अधिक थी और प्रभावित नए कर्मचारियों को कुछ महीने पहले अक्टूबर, 2024 में ही कंपनी में शामिल किया गया था।

### इंफोसिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग

*एनआईटीईएस ने कहा, "स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनआईटीईएस श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के समक्ष एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कर रही है, जिसमें इन्फोसिस के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।" इसमें कहा गया, "इन कर्मचारियों को अपने 'ऑफर लेटर' प्राप्त करने के बाद पहले ही दो साल का लंबा इंतजार सहना पड़ा था, और एनआईटीईएस और प्रभावित उम्मीदवारों के निरंतर प्रयासों के बाद ही उनका शामिल होना संभव हो सका।" एनआईटीईएस ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को मैसुरु परिसर के बैठक कक्ष में बुलाया गया, तथा उनसे 'आपसी अलगाव' पत्र पर हस्ताक्षर करने को कहा गया। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।*

### आरबीआई गवर्नर ने कहा, देश को इसे हासिल करने की आकांक्षा करनी चाहिए

# देश निश्चित रूप से सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकता है : मल्होत्रा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि भारत निश्चित रूप से सात प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है और देश को इसे हासिल करने की आकांक्षा करनी चाहिए। रिजर्व बैंक ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 6.4 प्रतिशत से अधिक है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज गति से बढ़ने की संभावना है, उन्होंने कहा, ...निश्चित रूप से भारत सात प्रतिशत और उससे अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकता है। हमें निश्चित रूप से इसकी आकांक्षा करनी चाहिए।''

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट प्रस्तावों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि आयकर राहत से मुद्रास्फीति नहीं बढ़ेगी, बल्कि आर्थिक वृद्धि का समर्थन मिलेगा। सीतारमण ने नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को पूरी तरह से कर से छूट देने की घोषणा की है। साथ ही कर स्लैब में भी बदलाव किया है।

#### खास बातें

- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी का अनुमान
- भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज गति से बढ़ने की संभावना
- बजट में मिले आयकर राहत से मुद्रास्फीति नहीं बढ़ेगी




### विनिमय दर नीति वर्षों से एक समान

आरबीआई गवर्नर ने रुपये के बारे में कहा कि विनिमय दर नीति वर्षों से एक समान बनी हुई है और केंद्रीय बैंक रुपये के किसी 'विशिष्ट स्तर या बैंड' को लक्षित नहीं करता है। उन्होंने कहा, ''हमें रुपये में रोजाना की अस्थिरता पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि दीर्घकालिक विनिमय दर पर नजर रखनी चाहिए।''

### कर छूट से एक करोड़ करदाताओं को लाभ

नई कर व्यवस्था में कर छूट सात लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये किये जाने से एक करोड़ करदाताओं को लाभ होगा। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की आखिरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों नजरिये से 'उत्कृष्ट' है।

### 10 माह के आयात के लिए विदेशी मुद्रा

विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण पिछले तीन महीनों में विदेशी मुद्रा भंडार में 45 अरब डॉलर की गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा भंडार आठ नवंबर, 2024 को 675.65 अरब डॉलर था। इस वर्ष 31 जनवरी को, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 630.6 अरब डॉलर पर था जो 10 महीने से अधिक के आयात के लिए पर्याप्त है।

### कृषि पर ध्यान दिया गया

*बजट में कृषि पर ध्यान केंद्रित करने से दलहन, तिलहन और अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी और खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आएगी। आरबीआई ने अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है, जबकि 2024-25 के लिए पहले के 4.8 प्रतिशत के अनुमान को बरकरार रखा है।*

# देश में विदेशी मुद्रा भंडार 1.05 अरब डॉलर बढ़ा

### 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 630.61 अरब डॉलर हुआ

एजेंसी ▶▶ मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.05 अरब डॉलर बढ़कर 630.61 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर रहा था। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है, अन्यथा पिछले कुछ सप्ताहों से इसमें गिरावट का रुख रहा है। इस गिरावट का कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ-साथ रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को माना जा रहा है।

पिछले साल सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 20.7 करोड़ डॉलर घटकर 537.68 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 70.89 अरब डॉलर हो गया।

### आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.9 करोड डॉलर बढ़कर 17.89 अरब डॉलर रहा।रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.14 अरब डॉलर रह गया।

# ब्याज दर कटौती से भी नहीं सुधरा बाजार, सेंसेक्स 198 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा से स्थानीय शेयर बाजार निष्प्रभावी रहे और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 198 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी में 43 अंक का नुकसान रहा।

- विदेशी कोषों की निकासी जारी रही

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 197.97 अंक गिरकर 77,860.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 582.42 अंक गिरकर 77,475.74 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 43.40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,559.95 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी के शेयर में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।दूसरी तरफ, टाटा स्टील के शेयर में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई।

### बाजार में लगातार मुनाफावसूली जारी रही

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''ब्याज दर में कटौती से बाजार को कोई बड़ा आश्चर्य नहीं हुआ। निवेशकों को नए आरबीआई गवर्नर की टिप्पणियों में कुछ भी दिलचस्प नहीं लगा, जिसकी वजह से बैंकिंग, तेल एवं गैस, एफएमसीजी और बिजली शेयरों में लगातार मुनाफावसूली हुई।''

### 'डीटीडीसी' त्वरित वाणिज्य क्षेत्र में उतरी

**मुंबई।** एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स परिचालक डीटीडीसी ने शुक्रवार को 2-4 घंटे में और उसी दिन डिलिवरी करने वाली सेवाओं की शुरुआत करने की घोषणा की। इसके साथ कंपनी ने तेजी से बढ़ते त्वरित वाणिज्य खंड में प्रवेश किया। अपने रणनीतिक कदम के हिस्से के रूप में कंपनी ने बेंगलुरु में अपना पहला डार्क स्टोर स्थापित किया है, जो एक हाइपरलोकल पूर्ति पारिस्थितिकी तंत्र की शुरुआत का संकेत देता है जो अंतिम गंतव्य तक डिलिवरी की गति और दक्षता में काफी सुधार करेगा। एक डार्क स्टोर ऑनलाइन ऑर्डर को पूरा करने के लिए खुदरा स्टोर या पूर्ति केंद्र है। कंपनी ने कहा कि यह कदम डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) ब्रांड और सोशल कॉमर्स विक्रेताओं को पूरे भारत में तेज और कुशल डिलिवरी सेवाएं प्रदान करने में सक्षम करेगा।

सेवाएं देने पर्याप्त साझेदार नहीं जोड़ सकी

# फोनपे 'खाता एग्रीगेशन' कारोबार से बाहर निकली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी फोनपे ने शुक्रवार को कहा कि वह 'खाता एग्रीगेशन' (एए) कारोबार से बाहर निकल गई है। कंपनी ने कहा कि वह उम्मीद के मुताबिक सेवाएं देने के लिए पर्याप्त साझेदार नहीं जोड़ सकी, इसलिए यह फैसला किया गया।

फोनपे ने कहा कि उसने आरबीआई को एनबीएफसी-एए लाइसेंस सौंपने का फैसला किया है, और वह एए संचालन को बंद कर देगी। एए लाइसेंस से कंपनी को उपयोगकर्ताओं की सहमति से उनकी वित्तीय जानकारी हासिल करने, और ऋण, क्रेडिट कार्ड जैसी वित्तीय सेवाएं देने के लिए बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के साथ उसे साझा करने की अनुमति मिली थी। फोनपे ने कहा, हमें गर्व है कि हम दो साल से भी कम समय में अपने एए मंच पर लगभग पांच करोड़ भारतीयों को पंजीकृत करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि, प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं के कारण, हम अपने मंच पर उतने वित्तीय सूचना प्रदाताओं (एफआईपी) को शामिल नहीं कर पाए हैं, जितने हम चाहते थे। फोनपे समूह ने खाता एग्रीगेटर व्यवसाय से बाहर निकलने का फैसला किया है।




### दिशानिर्देशों के अनुरूप मदद करेगी

कंपनी ने कहा कि वह जल्द ही अपने एए उपयोगकर्ता आधार से संपर्क करेगी और उन्हें इस फैसले के बारे में बताएगी और नियामकीय दिशानिर्देशों के अनुरूप उनकी मदद करेगी।



### अप्रैल-जनवरी के दौरान देश में इस्पात का आयात 20% बढ़ा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी की अवधि में इस्पात का आयात 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 82.9 लाख टन हो जाने से भारत इस्पात का शुद्ध आयातक बना रहा। शुक्रवार को आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। देश ने वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 10 महीने में 68.9 लाख टन इस्पात का आयात किया था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत तैयार इस्पात का शुद्ध आयातक रहा। आलोच्य अवधि में तैयार इस्पात का आयात 82.92 लाख टन रहा जो सालाना आधार पर 20.3 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, इस्पात निर्यात में इस अवधि में 28.9 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 39.94 लाख टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में यह 56.19 लाख टन था। स्टील और स्टेनलेस स्टील उद्योग के खिलाड़ी लगातार सरकार के साथ आयात का मुद्दा उठाते रहे हैं। उनका दावा है कि चीन सहित चुनिंदा देशों से आयात में उछाल के कारण उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हुई है।

# अमूल 600 करोड़ रुपए की लागत से कोलकाता में संयंत्र लगाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक (एमडी) जयेन मेहता ने कहा है कि कंपनी कोलकाता में एक एकीकृत संयंत्र स्थापित करने के लिए 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जहां दुनिया की सबसे बड़ी दही विनिर्माण सुविधा होगी।



जीसीएमएमएफ 'अमूल' ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचती है। जीसीएमएमएफ ने संपन्न हुए बंगाल वैश्विक व्यापार सम्मेलन (बीजीबीएस) के दौरान यह निवेश प्रतिबद्धता जताई। मेहता ने कहा, "हम पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक एकीकृत डेयरी संयंत्र स्थापित करेंगे। नई सुविधा में दुनिया का सबसे बड़ा दही विनिर्माण संयंत्र होगा, जिसकी क्षमता 10 लाख किलोग्राम प्रतिदिन होगी।" मेहता ने बताया कि इस संयंत्र में कुल 600 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### आरबीआई ने बैंकों और गैर-बैंकिंग के लिए शुरू किए जाने की घोषणा की

# डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने अब विशेष इंटरनेट डोमेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए बैंकों और गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन...बैंक डॉट इन और फिन डॉट इन...शुरू किये जाने की घोषणा की है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामले चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए रिजर्व बैंक इस साल अप्रैल से भारतीय बैंकों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन 'बैंक डॉट इन' शुरू कर रहा है।

- अप्रैल से भारतीय बैंकों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन शुरू हो जाएगा

### भुगतान सेवाओं में विश्वास बढ़ेगा

साथ ही आने वाले समय में गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाइयों के लिए 'फिन डॉट इन' शुरू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और 'फिशिंग' जैसी दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को करने के साथ सुरक्षित वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित बनाना है ताकि डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में विश्वास बढ़े।

### एएफए ने सुरक्षा बढ़ाई

डिजिटल भुगतान के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक (एएफए) की शुरुआत ने लेनदेन की सुरक्षा को बढ़ाया है, जिससे ग्राहकों को डिजिटल भुगतान अपनाने का भरोसा मिला है। हालांकि, यह आवश्यकता केवल घरेलू लेनदेन के लिए अनिवार्य है।



### ऑनलाइन लेनदेन के लिए भी सक्षम करने का प्रस्ताव

आधिकारिक बयान के अनुसार, ''भारत में जारी किए गए कार्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय लेनदेन पर समान स्तर की सुरक्षा प्रदान करने के लिए बिना कार्ड प्रस्तुत किये अंतरराष्ट्रीय (ऑनलाइन) लेनदेन के लिए भी एएफए को सक्षम करने का प्रस्ताव है।''

### बैंकों के लिए दिशा-निर्देश अलग से जारी होंगे

मल्होत्रा ने कहा कि इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) विशेष रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेगा। वास्तविक पंजीकरण अप्रैल 2025 से शुरू होंगे। बैंकों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

### 'फिन डॉट इन' शुरू किया जाएगा

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए अलग से 'फिन डॉट इन' शुरू किया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ सीमा पार बिना कार्ड प्रस्तुत किये (कार्ड नॉट प्रेजेंट) लेनदेन में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत शुरू करने का भी निर्णय किया है।


**"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग" धमतरी वनमंडल धमतरी**

**काष्ठागार धमतरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत धमतरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार धमतरी से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक :- 11 फरवरी 2025 नीलाम समय :- प्रातः 9.00 बजे से**

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ खूंटा नग में | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ खूंटा नग में | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ खूंटा नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| सागौन | 100.717 | 1109 | 1.956 | 480 | 102.673 | 1589 |
| बीजा | 0.187 | - | - | - | 0.187 | - |
| हल्दू/मुण्डी | - | - | 1.810 | - | 1.810 | - |
| साजा | 0.128 | - | - | 16 | 0.128 | 16 |
| नीलगिरी | 0.361 | - | - | - | 0.361 | - |
| अन्य | 78.387 | 859 | 3.487 | - | 81.874 | 859 |
| **योग:-** | **179.780** | **1968** | **7.253** | **496** | **187.033** | **2464** |

**जलाऊ चट्टा**

| प्रजाति | काष्ठागार धमतरी | योग | केन्द्रीय उपभोक्ता डिपो श्यामतराई | कुरूद डिपो में पुराना बांस विभिन्न साईज के टुकड़ो में (साईज 5.50 मीटर) |
|---|---|---|---|---|
| | नया | | पुराना बांस | |
| अन्य | 88 | 88 | 1923 नग | 1000 नग |
| **योग:-** | **88** | **88** | **1923 नग** | **1000 नग** |

टीप:- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई - कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई - कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन - 07722-238371, फैक्स 07722-236137
G-242505496/2

वनमण्डलाधिकारी
धमतरी वनमण्डल, धमतरी

## चिंतन

# रेपो दर में कटौती से घरेलू उपभोग को मिलेगा बढ़ावा

हुजूर आते आते बहुत देर कर दी। रिजर्व बैंक को रेपो रेट में कटौती करने का फैसला करने में पांच साल लग गए। जिस महंगाई के तथ्य को आधार बनाकर केंद्रीय बैंक रेपो रेट में कटौती नहीं कर रहा था, महंगाई की स्थिति कमोबेश आज भी वही है। बस रिजर्व बैंक का गनर्वर बदल गया है। कई सर्वेक्षणों और आकलनों में साफ हो चुका है कि केवल मौद्रिक उपायों से ही महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता है, उत्पादन व आपूर्ति तंत्र को भी दुरुस्त करने की आवश्यकता है और यह काम सरकार का है। खैर देर ही सही, पर रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में चौथाई फीसदी की कटौती कर कर्ज बाजार को राहत प्रदान की है। उद्योग जगत लंबे समय से सस्ते कर्ज की मांग कर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सुस्त पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से लगभग पांच साल बाद प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। रेपो दर करीब दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर थी। रेपो दर घटने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आने की उम्मीद है। आरबीआई के कदम से घरेलू उपभोग में बढ़ोतरी होगी, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। अर्थव्यवस्था में गति लाने के लिए आम बजट में भी घरेलू खपत बढ़ाने के उपाय किए गए हैं। इसमें करमुक्त आय की सीमा 12 लाख रुपये करने से लेकर सोशल वेलफेयर स्कीमों को जारी रखने और पूंजीगत व्यय बढ़ाने व इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर ध्यान देने तक के उपाय किए गए हैं। अब आरबीआई के कदम से लोन सस्ते होंगे, जिससे उपभोक्ता बाजार को ताकत मिलेगी। रेपो दर वह ब्याज है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर कम होने से आवास, कार और व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज दर घटने की उम्मीद रहती है। रिजर्व बैंक ने आर्थिक समीक्षा के अनुमानों के दायरे में ही अगले वित्त वर्ष 25-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जबकि मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 24-25 के लिए सरकार के 6.4 प्रतिशत के अनुमान को बरकरार रखा है। यह चार साल का निचला स्तर है। जीडीपी ग्रोथ अनुमान के आंकड़े अर्थव्यवस्था के सुस्त होने के संकेत दे रहे हैं। इसलिए घरेलू खपत बढ़ाने पर जोर देना जरूरी है। इसके लिए बजट उपाय के बाद मौद्रिक उपाय किया गया है। अभी रिजर्व बैंक को रेपो रेट को 5 फीसदी की आदर्श स्थिति पर लाने तक रेपो रेट में कटौती का सिलसिला जारी रखना चाहिए। डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी से निपटने के लिए बैंकों और गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन- बैंक डॉट इन और फिन डॉट इन शुरू किए जाने की घोषणा स्वागत योग्य है। डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रहे रुपये को लेकर रिजर्व बैंक वेट एंड वाच मोड में ही है। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं, तो बाहरी चुनौतियों से निपटने के लिए ब्याज में कटौती से घरेलू उद्योग को समर्थन देना जरूरी है।

## अवैध प्रवास

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



# रोजगार के उचित व अधिक अवसर पैदा करने जरूरी

अमेरिका से निर्वासित किए गए 104 भारतीय घर लौट चुके हैं। इनके संबध में बताया गया है कि ये लोग भारत से वैध तरीके से रवाना हुए थे, किन्तु इन्होंने डंकी रूट के जरिए अमेरिका में घुसने की कोशिश की थी। अमेरिका द्वारा जारी की गई सूची में 205 भारतीयों के नाम शामिल थे। बाकी भारतीय कब भारत पहुंचेंगे, इस पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अमेरिका से भारत पहुंचे भारतीयों में हरियाणा के युवाओं में सर्वाधिक 11 कैथल और 7 करनाल से हैं। वहीं अमेरिका द्वारा जारी की गई सूची को देखेंगे तो यह संख्या और बढ़ जाती है। दरअसल यह कोई नई बात नहीं है। 2008 के बाद अमेरिका से निकाले गए भारतीयों की संख्या क्रमशः 2009 में 734, 2010 में 799, 2011में 597, 2012 में 530, 2013 में 515, 2014 में 591, 2015 में 708, 2016 में 1303, 2017 में 1024, 2018 में 1180, 2019 में 2042, 2020 में 1889, 2021 में 805, 2022 में 862, 2023 में 617 और 2024 में 1368 रही है। यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन के डाटा के अनुसार 95000 से अधिक भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसपैठ करते हुए पकड़े गए हैं। कनाडा और मैक्सिको बार्डर से अधिक हो रही यह घुसपैठ पिछले कुछ सालों में चार से पांच गुणा बढ़ी है। इस दौरान विभिन्न कारणों से बहुत युवा जान से भी हाथ धो बैठे हैं। ऐसे में जब इनके परिवारों तक यह सूचना पहुंचती है तो उन पर वज्रपात होता है। फिर सरकार से शव मंगाने के लिए गुहार लगानी पड़ती है। आपके लिए यह जानना भी कम दिलचस्प नहीं होगा कि हरियाणा के कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, जींद, पानीपत, यमुनानगर जैसे जिलों से हजारों युवा विदेशों में जा चुके हैं। गांव के गांव खाली हो चुके हैं और कई घरों में अब केवल बुजुर्ग शेष बचे हैं जो घरों की रखवाली करते प्रतीत होते हैं। करनाल जिले के चिड़ावा ब्लॉक के गांव घोघड़ीपुर गांव के लगभग 1200 युवा विदेश चले गए हैं। जहां के घरों की छतों पर विशालकाय मूर्तियां दूर से दिख जाती हैं। जो शायद यहां के बाशिंदों की उन विदेशी उड़ानों की ओर संकेत करती है, जो कि खतरनाक डंकी रूट्स लेकर सात समंदर पार जाते हैं। इनमें ज्यादा तादाद अमेरिका जाने वालों की है। कुछ न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी हैं। ऐसा ही जींद के दुड़ाना गांव में दिखने को मिल रहा है, जिसकी कुल आबादी में लगभग 30 प्रतिशत सिख परिवार हैं। गांव के 18 से 45 साल के 300 से ज्यादा युवक-युवतियां रोजगार पाने के लिए विदेशों में चले गए हैं।

नतीजतन गांव के बड़े-बड़े मकान खाली से दिखने लगे हैं। गांव के अधिकतर युवा कनाडा, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, पुर्तगाल और इंग्लैंड आदि देशों में रहने लगे हैं। गांव के बड़े-बुजुर्ग विदेशों से अपने बेटा-बेटी के आने के इंतजार में जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि युवक-युवती विदेशों से अपने घर पैसे भी खूब भेज रहे हैं, लेकिन वह वापस आने के लिए तैयार नहीं है। भारत में पहले गुजरात फिर पंजाब और अब हरियाणा के युवाओं में विदेश जाने की भावना बहुत प्रबल हो गयी है। सब ओर माता-पिता में बच्चों को विदेश भेजने और युवाओं में विदेश जाने की धुन छाई है। इस सम्बन्ध में जब हम बात करते हैं तो विदेश जाने के लिए केवल रोजगार ही एक मुख्य कारण बताया जाता है। जिसे जानकर गलत तो नहीं ही कहा जा सकता किन्तु यह बिल्कुल सही भी नहीं है। अगर आप धैर्य से इस बारे में विचार करेंगे तो पायेंगे कि यह सारी जद्दोजहद केवल रोजगार के लिए न होकर अधिक पैसों के लिए है। माता-पिता अपनी जमीन-संपत्ति बेचकर या कर्ज लेकर अपनी औलाद को विदेश भेजने के सारे खर्च का प्रबंधन करते हैं ताकि अधिकाधिक धन अर्जित किया जा सके। हालाँकि हरियाणा सरकार ने विदेश में रोजगार के लिए जाने के इच्छुक युवाओं को कबूतरबाजों के चंगुल से बचाने की जिम्मेदारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) को सौंपी है। इस काम में विदेश सहयोग विभाग उसकी मदद करेगा। कॉलेजों में अभी तक करीब 30 हजार छात्र-छात्राओं के निशुल्क पासपोर्ट भी बनाए गए हैं। किन्तु यह पर्याप्त जान नहीं पड़ता। अब समय आ गया है कि हमें गांव, प्रदेश और देश की स्थितियों और संसाधनों के दृष्टिगत विचार करना होगा और इस प्रकार की समस्याओं का समाधान तलाशना होगा। अब आवश्यता है कि जिस युवा शक्ति का हवाला हम पूरी दुनिया को देते हैं, उसके लिए अनुकूल, उसके सपनों के वातावरण का निर्माण करना होगा। रोजगार के उचित और अधिक अवसर पैदा करने होंगे ताकि युवा शक्ति सम्मान से अपने वतन में खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके।

(लेखक शिक्षाविद् व रचनाकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विमर्श

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# फ़िलेमॉन यैंग की भारत यात्रा अहम

**महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग यह जानते हैं कि भारत संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में अपनी जगह बनाने के लिए प्रयत्नशील है और उसे वीटो पॉवर वाली जगह मिलनी चाहिए। भारत दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में शुमार किया जाता है और इसकी आबादी ही ताकत है। इसे डेविडेंट के रूप में भारत मानता है। भारत ने डिजिटलाइजेशन, आईटी और मानव कल्याण की योजनाओं के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक काम किया है। इसकी ग्रोथ रेट इकॉनॉमिकली बढ़ी है और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में अब भारत का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के कारण इस क्षेत्र की जीडीपी 2025 में 5.7% बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।**

भारत का यह एक ऐतिहासिक पल है जब संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग की भारत यात्रा शुरू हुई है। यह यात्रा ऐसे समय में शुरू हुई है जब विश्व में भविष्य के लिए शिखर सम्मलेन के बाद कई तरह से परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है। सतत विकास लक्ष्य-2030 के लिए पूरी पृथ्वी के राष्ट्राध्यक्ष सतत प्रयत्न कर रहे हैं कि अधिकतम इस लक्ष्य के करीब पहुंच जाएं। यद्यपि भारत इस वर्ष यह नीति आयोग की रिपोर्ट से यह दावा कर चुका है कि उसने 71 प्रतिशत एसडीजी-2030 का लक्ष्य हासिल कर लिया है। महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग यह जानते हैं कि भारत संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में अपनी जगह बनाने के लिए प्रयत्नशील है और उसे वीटो पॉवर वाली जगह मिलनी चाहिए। भारत दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में शुमार किया जाता है और इसकी आबादी ही ताकत है। इसे डेविडेंट के रूप में भारत मानता है। भारत ने आईटी, डिजिटलाइजेशन और मानव कल्याण की योजनाओं के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक काम किया है। इसकी ग्रोथ रेट इकॉनॉमिकली बढ़ी है और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में अब भारत का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और पड़ोसी देशों में सुधार के कारण इस क्षेत्र की जीडीपी 2025 में 5.7% बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख आर्थिक रिपोर्ट विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2025 के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6% की दर से बढ़ने के लिए तैयार है, जो उस समय वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगी जब समग्र विश्व अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत स्थिर रहने का अनुमान है। दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, मजबूत निजी खपत और निवेश के कारण भारत में इस साल 6.6% और 2026 में 6.8% की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस दृष्टि से भी यह आज कहा जा सकता है कि भारत अपने आर्थिक पक्ष से मजबूत देश है। फ़िलेमॉन यैंग भारत सरकार के निमंत्रण पर आए हैं। वह 4 से 8 फ़रवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान राजधानी दिल्ली, भारत की सिलिकॉन वैली माने जाने वाले शहर बैंगलुर जाएंगे। वह भी चाहेंगे कि उनकी भारत यात्रा का कुछ मतलब निकले। उनकी इस यात्रा से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ भविष्य के समझौते सहित प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर भारत के साथ बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत किया जाए। फ़िलेमॉन यैंग ने कैमरून गणराज्य के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। जून 2024 में, उन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में चुना गया और वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में सितंबर 2025 तक रहेंगे। उनकी प्राथमिकताएं यदि देखी जाएं तो 79वें सत्र में, अध्यक्षता संभालते हुए, यांग ने अपने वक्तव्य में विभाजित विश्व को एकजुट होने और सीमाहीन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक स्पष्ट आह्वान किया था। इसमें सूडान, हैती, यूक्रेन और गाजा के कठिन संघर्षों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से निपटने की भी पहल शामिल रही है। उन्होंने अपने ध्येय वाक्य विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास और हर जगह सभी के लिए मानव सम्मान के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के तीन स्तंभ शांति एवं सुरक्षा, सतत



विकास, मानवाधिकार और मानवीय सहायता को रेखांकित किया था। इस दृष्टि से देखा जाए तो अभी उनके पास विजन भी है और अभी एक लंबा वक्त है, जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए पहल कर सकते हैं। इस मुद्दे पर बैठक हेतु देशों को आमंत्रित कर सकते हैं। इस दृष्टि से अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग की यात्रा भारत के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है और भारत भी फ़िलेमॉन यैंग के लिए महत्त्वपूर्ण है। वह खुद एक स्टेट के पूर्व में नेतृत्वकर्ता के रूप में 10 वर्षों तक योगदान दे चुके हैं तो यह समझ सकते हैं कि भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र वीटो पॉवर कितना अहम है और उसकी अहमियत वैश्विक बदलाव में क्या हो सकती है। भारत सरकार स्वयं यह चाहती है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बने। कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए रणनीति बहुत मजबूत है लेकिन जिन देशों का प्रतिरोध जारी है कि भारत कहीं सुरक्षा परिषद में न पहुंच जाए, उसे गंभीरता से लेने की जगह भारत को ऐसे डिप्लोमेटिक विजिट पर आए अध्यक्ष से भी शिष्टाचार भेंट के दौरान अपनी बात कहने से नहीं चूकना चाहिए। यह कोशिश करनी ही होगी कि महासभा के अध्यक्ष अपनी पहल से संयुक्त राष्ट्र विस्तार के लिए ऐसी रणनीतियां बनाएं जिसमें कुछ देश वीटो देशों में सम्मिलित हों और उसमें भारत की जगह भी सुनिश्चित हो। चीन के प्रतिरोध के बावजूद यदि कुछ और देशों को सम्मिलित करने की पहल तेज होगी और उस पर वैश्विक रायशुमारी बनेगी तो भारत आज इस स्थिति में है कि उसे विश्व के देशों को शामिल करना ही होगा। यैंग की यात्रा पूर्व में महासभा के अध्यक्षों की भांति केवल रस्म बनकर न रह जाये बल्कि इसके कुछ परिणाम भी आएं तो निश्चय ही भारत अपनी उस उपलब्धि को अर्जित कर सकेगा। हमारे प्रयास अभी तक फलीभूत क्यों नहीं हुए, इसका आकलन किया जाये तो पहली बात यह समझ आती है कि भारत को अब वैश्विक चुनौतियों को रेखांकित करके लड़ने का रिस्क लेना ज़रूरी है।


दूसरी बात, भारत की पहल और महासभा अध्यक्ष की पहल में आज अंतर समझना होगा। आज फ़िलेमॉन यैंग उस महासभा को चेयर कर रहे हैं जहां से बात बन सकती है, जहां से वह रायशुमारी के लिए देशों को एकत्रित कर अपने कार्यकाल को ऐतिहासिक बना सकते हैं, इसे चिन्हित करना ज़रूरी है। आज भारत की यदि उपलब्धियां और उसके वैभव का आकलन किया जाए तो भारत अपनी नई पहल से भी विश्व को अपनी ओर आकर्षित करता है। वैश्विक शांति हो या गरीबी और भुखमरी के खिलाफ वैश्विक आवाज़ उठाने के लिए आगे आने में कहां संकट है, समझ नहीं आता। ऐसे रिस्क भारत ले तो वह खुद अनेक विघ्न पैदा करने वाले देशों को भारत के लिए सोचने हेतु मजबूर करेगा। भारत को चाहिए कि फ़िलेमॉन यैंग की यात्रा के दौरान ऐसे अवसर के एक-एक पल को ऐसे मानस बनाने में व्यतीत हों कि वे स्वयं भारतीय गरिमा, शक्ति, सभ्यतागत वैशिष्ट्य को विश्व के समक्ष रखें और भारत की सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता के लिए पैरोकार बनें।

उनकी ओर से यह पहल होनी ही चाहिए कि विकासशील देशों का भी सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व स्थायी रूप से होना ज़रूरी है। तीसरे विश्व युद्ध के मोहाने पर खड़े विश्व हेतु सुरक्षा परिषद में विस्तार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि पांच वीटो देश परमाणु हथियारों के भय से सशंकित हैं और सच में वे कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं और न कुछ रोकने के पक्ष में। ऐसे में यदि सुरक्षा परिषद में विस्तार होता है तो निश्चय ही किसी बड़े संकट से निपटने में आसानी होगी। फ़िलेमॉन यैंग की इस यात्रा से निःसंदेह कुछ रचनात्मक हो सकता है लेकिन यह सब तब होगा जब भारत और फ़िलेमॉन यैंग के बीच विश्व के बदलाव की इच्छाशक्ति होगी।

(लेखक पीसीयू में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# समय के साथ 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं



संकलित
## दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
## प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें!

## सटाका




## आज की पाती

### चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति जरूरी

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया।

- संकेत देशमुख, दुर्ग

## ट्रेंड

### कामेश्वर का निधन दुःखद



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्थायी सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर चौपाल का निधन दुःखद है। प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। ॐ शांति।

-अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष

### देश का स्वाभिमान



महिलाओं व बच्चों सहित गुजरात, पंजाब व हरियाणा आदि राज्यों के 104 भारतीयों को हथकड़ी व पांव में बेड़ी डालकर अमानवीय तरीके से अमेरिका द्वारा सैन्य विमान से वापस भेजे गए भारतीयों का मामला अति-दुखद तथा देश के स्वाभिमान से जुड़ा व ठेस पहुँचाने वाला अति-चिन्तनीय।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### वोटों का सारा ब्यौरा



कई अनुरोधों के बावजूद चुनाव आयोग ने फॉर्म 17सी और प्रत्येक विधानसभा में प्रति बूथ डाले गए वोटों की संख्या अपलोड करने से इनकार कर दिया है। 'आप' ने एक वेबसाइट बनाई है, जहां वोटों का सारा ब्यौरा है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### अग्नि निरीक्षण व सर्वेक्षण



हम फिर से शासन-प्रशासन को जगाते हुए माँग करेंगे कि 'अग्नि निरीक्षण और सर्वेक्षण' कराया जाए। ये एक अति गंभीर मामला है और लोगों की ज़िंदगी का सवाल भी है। -अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

# यूएनआरडब्ल्यूए के अस्तित्व को खतरा




फलस्तीनी शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि इजराइली प्रतिबंध से एजेंसी के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा है लेकिन दीर्घावधि में इसके 'अस्तित्व को खतरा' है। संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के महाआयुक्त फिलिप लाजारिनी ने बेरूत की यात्रा के दौरान कहा, 'मेरा स्पष्ट रूप से मानना है कि एजेंसी के सामने आने वाली सभी बाधाओं और दबाव के बावजूद, हमारा उद्देश्य तब तक काम करते रहना है जब तक हमें रोका नहीं जाता।' पिछले सप्ताह इजराइल ने औपचारिक रूप से यूएनआरडब्ल्यूए पर अपने क्षेत्र में काम करने से रोक लगा दी थी। लाजारिनी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय कर्मचारियों को पूर्वी यरुशलम छोड़ना पड़ा क्योंकि उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई थी, लेकिन गाजा और वेस्ट बैंक में संचालन पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी यरूशलम में भी यूएनआरडब्ल्यूए द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य और अन्य सेवाएं 'जारी हैं, हालांकि जरूरी नहीं कि उनका दायरा पहले जैसा हो।'

## ऑफ बीट

# क्या है बोटुलिज्म? कैसे बोटोक्स से जुड़ी हुई है



बोटोक्स या बोटुलिनम टॉक्सिन, 'क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिन' नाम के जीवाणु द्वारा उत्पादित 'टॉक्सिन' से बनी दवा है। बोटोक्स टॉक्सिन एक 'न्यूरोटॉक्सिन' है, जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में कोशिकाओं के कामकाज में बाधा पैदा करता है। विशेष रूप से, यह 'न्यूरोटॉक्सिन' आपके तंत्रिकाओं द्वारा आपकी मांसपेशियों को भेजे जाने वाले संदेशों को अवरुद्ध करता है, जो उनके सिकुड़ने का कारण बनता है। इस तरह यह अस्थायी रूप से झुर्रियों को कम कर सकता है। बोटोक्स को अक्सर कॉस्मेटिक अनुप्रयोगों के लिए जाना जाता है और इसका उपयोग कुछ चिकित्सा स्थितियों, जैसे कि पुराने माइग्रेन और मांसपेशियों में ऐंठन के उपचार में भी किया जा सकता है। 'बोटोक्स इंजेक्शन' में बहुत कम सांद्रता वाले टॉक्सिन का उपयोग किया जाता है। इसके दुष्प्रभाव (जैसे इंजेक्शन वाली जगह पर अस्थायी दर्द और सूजन) की संभावना के बावजूद लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य चिकित्सकों की निगरानी में बोटोक्स को आम तौर पर सुरक्षित माना जाता है। बोटुलिज्म भी बैक्टीरिया सी. बोटुलिनम द्वारा उत्पादित टॉक्सिन के कारण होता है। बोटोक्स इंजेक्शन से जुड़े बोटुलिज्म के मामलों के लिए अतीत में नकली उत्पाद या इसके गलत तरीके से इस्तेमाल को जिम्मेदार ठहराया गया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दो दिवसीय फ्रांस का दौरा करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

# पेरिस में एआई समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे, वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा भारत, कई कंपनियों से करेंगे मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी फरवरी के तीसरे सप्ताह में फ्रांस का दौरा करेंगे। जहां वे 11 फरवरी को पेरिस में एआई समिट 2025 की सह-अध्यक्षता करेंगे। बता दें कि, फ्रांस ने भारत को इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता के लिए निमंत्रण दिया था। जानकारी के मुताबिक, इस कार्यक्रम में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीनी उप-पीएम कई अन्य लोग शिरकत करेंगे।

राजनयिक सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी इस दौरान तमाम फ्रांसीसी कंपनियों को प्रमुख के साथ मुलाकात और बातचीत भी करेंगे। यह पीएम मोदी की फ्रांस की छठा आधिकारिक दौरा है। एआई मीट की सह-अध्यक्षता करने के अलावा, पीएम मोदी 12 फरवरी को फ्रांस सरकार की तरफ से आयोजित वीवीआईपी डिनर में भी शामिल होंगे।

### 12 फरवरी को वीवीआईपी डिनर में होंगे शामिल




### मार्सिले में नया दूतावास खोलेगा

*वहीं भारत मार्सिले में एक नया वाणिज्य दूतावास खोलने के लिए तैयार है, जो दक्षिणी फ्रांस में अपनी राजनयिक उपस्थिति को और मजबूत करेगा। इस कदम से भारत और फ्रांस के बीच व्यापार, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाने की उम्मीद है।*

### एआई के विकास को समावेशी दृष्टिकोण मिलेगा

*पेरिस शांति मंच का हिस्सा एआई शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई विकास और तैनाती के लिए एक नैतिक, टिकाऊ और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी की भागीदारी के साथ, भारत वैश्विक एआई एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इससे पहले ये सम्मेलन लंदन और सियोल में आयोजित किया गया था।*

### फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय चर्चा होगी

जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी 12 फरवरी को मार्सिले में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। एयरोस्पेस, इंजन और पनडुब्बियों के क्षेत्र में भारत और फ्रांस के बीच सफल वार्ता चल रही है। असैन्य परमाणु ऊर्जा और रिएक्टरों पर भी अग्रिम वार्ता चल रही है। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान ठोस घोषणाओं की संभावना भी है।

### पीएम मोदी का यह अहम दौरा

इससे पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीएम मोदी के दौरे और इस कार्यक्रम को लेकर कहा था कि फ्रांस 10-11 फरवरी को एआई एक्शन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन में एआई को लेकर अंतरराष्ट्रीय विमर्श होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह एक अहम दौरा होगा क्योंकि हम हम सभी एआई ताकतों से इसे लेकर चर्चा करना चाहते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### तीसरी बार खारिज किया वीजा, तो दूतावास में घुसीं



**सिएटल।** भारतीय मूल की अमेरिकी नेता क्षमा सावंत ने दावा किया है कि भारत के लिए उनका वीजा आवेदन तीन बार खारिज कर दिया गया, जबकि उनके पति को उनकी बीमार मां से मिलने के लिए आपातकालीन वीजा मिल गया। सिएटल सिटी काउंसिल की पूर्व सदस्य क्षमा सावंत ने बताया कि मेरे पति और मैं सिएटल के भारतीय वाणिज्य दूतावास में हैं। उन्हें मेरी मां की गंभीर हालत को देखते हुए आपातकालीन वीजा दे दिया गया, लेकिन मेरा आवेदन बिना स्पष्टीकरण के रिजेक्ट कर दिया।

### डोनाल्ड ट्रंप ने आईसीसी पर लगाए कड़े प्रतिबंध



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) पर कड़े प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अदालत अमेरिका और उसके करीबी सहयोगी इजराइल को गलत तरीके से निशाना बना रही है। इस आदेश के तहत उन व्यक्तियों पर वित्तीय और वीजा प्रतिबंध लगाए जाएंगे जो अमेरिकी नागरिकों या उसके सहयोगियों के खिलाफ आईसीसी की जांच में सहयोग कर रहे हैं।

---

## भारत और ग्रीस के बीच नए आयाम पर पहुंचे संबंध

# एआई, व्यापार और कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार, आईएमईसी पर बढ़ेगा सहयोग

◆ ग्रीस को यूएन में अस्थायी सदस्य के रूप में समर्थन देगा भारत

*भारत और ग्रीस के विदेश मंत्रियों ने इंडिया-मिडल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) और भारत-मेडिटेरेनियन कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने की बात कही। दोनों मंत्रियों ने व्यापार, निवेश और कनेक्टिविटी पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भरोसा दिलाया कि भारत, ग्रीस को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 2025-26 के अस्थायी सदस्य के रूप में पूरा समर्थन देगा*

◆ भारत-यूरोपीय संघ के रिश्तों को आगे ले जाने में मदद करेगा ग्रीस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ग्रीस के बीच रिश्ते नए आयाम पर पहुंच रहे हैं। दोनों देशों ने अपने रिश्तों को और मजबूत करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और ग्रीस के विदेश मंत्री जॉर्ज जेरापेट्रिटिस ने गुरुवार को नई दिल्ली में मुलाकात की।इस दौरान दोनों मंत्रियों ने इंडिया-मिडल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) और भारत-मेडिटेरेनियन कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने की बात कही।

दोनों मंत्रियों ने व्यापार, निवेश और कनेक्टिविटी पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भरोसा दिलाया कि भारत, ग्रीस को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 2025-26 के अस्थायी सदस्य के रूप में पूरा समर्थन देगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि ग्रीस के विदेश मंत्री जॉर्ज जेरापेट्रिटिस के साथ शानदार बातचीत हुई। हमने व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सांस्कृतिक सहयोग पर चर्चा की। आईएमईसी और भारत-मेडिटेरेनियन कनेक्टिविटी हमारे संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे।



डॉ. एस. जयशंकर से ग्रीस के विदेश मंत्री जॉर्ज जेरापेट्रिटिस ने मुलाकात की।

### यूएन में भारत की आवाज मजबूत करेगा ग्रीस

ग्रीस के विदेश मंत्री जॉर्ज जेरापेट्रिटिस ने विदेश मंत्री जयशंकर की बातों पर सहमति जताते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और ग्रीस के बीच द्विपक्षीय संबंधों में काफी वृद्धि हुई है। हम इन संबंधों को हर दृष्टिकोण से आगे बढ़ाना चाहते हैं जिसमें पर्यटन, संस्कृति और व्यापार सहित सभी द्विपक्षीय संबंध शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में हम भारत की आवाज को मजबूत करेंगे और भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों को और आगे ले जाने में भी मदद करेंगे। बता दें, जेरापेट्रिटिस इस समय भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं जिसका मकसद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई देना है। यह यात्रा इसलिए भी खास है क्योंकि भारत और ग्रीस अपनी कूटनीतिक साझेदारी के 75 साल पूरे कर रहे हैं।

### उच्चस्तरीय बैठकों से मजबूती आएगी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ग्रीस के प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों देशों के बीच लगातार हो रही उच्चस्तरीय बैठकों को रिश्तों में मजबूती का संकेत बताया। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच प्रधानमंत्री स्तर की यात्राएं लगातार हो रही हैं। एस. जयशंकर ने कहा कि पिछले साल से हमारे संबंधों में काफी उछाल आया। ऐसे बहुत कम देशों के बीच संबंध हैं, जहां पीएम स्तर के दौरों का आदान-प्रदान इतनी तेजी से हुआ हो। हमारे पास एक मजबूत राजनीतिक समर्थन और लोगों के बीच समझ है। हम अधिक व्यापार, निवेश, तकनीकी सहयोग और संपर्क पर मिलकर काम करना चाहते हैं।

---



## इंडियन पोस्ट पर हमले की साजिश नाकाम

# सेना ने 7 पाक घुसपैठियों को मार गिराया, इनमें 3 पाकिस्तानी सैनिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। इनमें 3 पाकिस्तानी आर्मी के जवान भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई, जब वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश की गई। सूत्रों का दावा है कि भारतीय सेना की फॉरवर्ड पोस्ट पर हमले की प्लानिंग थी।

इसकी सूचना इंडियन आर्मी को मिली और उन्होंने पहले ही हमला कर साजिश को नाकाम कर दिया। घुसपैठ के दौरान मारे गए 7 लोगों में 3 पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) के मेंबर्स की भी मौत हो गई। यह टीम क्रॉस बॉर्डर ऑपरेशन में माहिर होती है। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में 4 आतंकवादियों की मौत हुई है।

### गृह मंत्री ने सख्ती के दिए थे निर्देश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार (5 फरवरी) को सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया था ताकि जीरो घुसपैठ के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों से घुसपैठ और आतंकवादी कृत्यों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा था कि आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा था कि मादक पदार्थ तस्करी का नेटवर्क घुसपैठियों और आतंकवादियों को उनकी गतिविधियों को अंजाम देने में मदद कर रहा है। इसी दिन लाहौर में 5 फरवरी 2025 को एक रैली में आतंकी हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद ने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया था।

### पाकिस्तानी में 12 आतंकी ढेर

पाक के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाक सेना ने एक खुफिया अभियान में 12 आतंकवादियों को मार गिराया है। पाक सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल इलाके में 5-6 फरवरी की रात को चलाए गए अभियान में एक सुरक्षाकर्मी भी मारा गया। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है, जो सुरक्षा बलों के साथ-साथ नागरिकों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे।

---

## उड़ानें होंगी तेज और सुरक्षित, ईंधन की भी होगी बचत

# नवी मुंबई और नोएडा एयरपोर्ट के लिए नया एयरस्पेस डिजाइन व उड़ान मार्ग तैयार किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने नवी मुंबई और नोएडा (जेवर) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के लिए नया एयरस्पेस डिजाइन और उड़ान मार्ग तैयार कर लिया है। इससे विमानों की उड़ानें अधिक तेज, सुरक्षित और ईंधन-किफायती होंगी। यह दोनों एयरपोर्ट्स देश के सबसे व्यस्त हवाई मार्गों के पास बन रहे हैं इसलिए बेहतर एयरस्पेस डिजाइन से भीड़भाड़ कम होगी और संचालन सुचारु रूप से जारी रहेगा। एएआई ने ऐसा एयरस्पेस डिजाइन तैयार किया है



जिससे विमानों की उड़ान का समय कम होगा और ईंधन की बचत होगी। एएआई के चेयरमैन विपिन कुमार ने कहा कि यह नई प्रणाली नवी मुंबई और नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली आईजीआई और मुंबई सीएसएमआईए जैसे बड़े हवाई अड्डों के साथ जोड़ने में मदद करेगी।

### बोइंग इंडिया का लिया सहयोग

इस प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए एएआई ने बोइंग इंडिया के साथ मिलकर काम किया है। बोइंग ने सिमुलेशन और टकराव विश्लेषण के जरिए यह सुनिश्चित किया कि सभी उड़ान मार्ग सुरक्षित और प्रभावी हों। एएआई ने बोइंग के टोटल एयरस्पेस एंड एयरपोर्ट मॉडलर (टीएएएम) का उपयोग करके उड़ान भरने (एसआईडी) और लैंडिंग (स्टार) की नई प्रक्रियाएं तैयार की हैं।

## सैफ अली खान पर हमले का मामला

# आरोपी के फिंगरप्रिंट मैच हुए अब फाइनल रिपोर्ट का इंतजार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम का फिंगरप्रिंट मैच हो गया है। सैफ अली खान मामले में यह बड़ी जानकारी मुंबई पुलिस की ओर से दी गई है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम के फिंगरप्रिंट के जांच के लिए जो सैंपल भेजे गए थे, उनमें से कुछ की रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट में कुछ फिंगरप्रिंट मैच हुए हैं। हालांकि, पुलिस अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### कई सैंपल में से अभी कुछ की रिपोर्ट आई



पुलिस ने बताया है कि सैफ अली खान के घर से कई सारे सैंपल लिए गए थे, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया था। कुछ की रिपोर्ट आई है। आरोपी शरीफुल इस्लाम को पुलिस ने 19 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

## एच-1बी वीजा के आवेदन की तारीख का ऐलान

# 215 डॉलर फीस के साथ 7 से 24 मार्च तक कर सकेंगे अब आवेदन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा विभाग (यूएससीआईएस) ने साल 2026 के लिए एच-1बी वीजा के लिए आवेदन की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक 7 मार्च से लेकर 24 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा।

गौरतलब है कि एच-1बी वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थियों में भारतीय भी शामिल हैं। एच-1बी वीजा एक अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कुशल कर्मचारियों को नियुक्त करने की सुविधा देता है। इस वीजा के जरिए अमेरिकी तकनीकी कंपनियां




हर साल भारत, चीन आदि देशों के हजारों कुशल कर्मचारियों को अपने यहां नौकरी पर रखती हैं। यूएससीआईएस ने बताया कि आवेदनकर्ता को यूएससीआईएस की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की फीस 215 डॉलर होगी। एच-1बी वीजा के सबसे बड़े लाभार्थियों में भारतीय शामिल हैं।

### यूएस को लगी साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा की चपत

*104 भारतीयों को अमेरिका से वापस भारत पहुंचाने के लिए ट्रंप सरकार को एक मिलियन डॉलर यानी कि साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा की चपत लग गई। सैन्य उड़ानें अन्य देशों में हवाई क्षेत्र की संवेदनशीलता के कारण अलग-अलग मार्गों को फॉलो करती हैं और नागरिक हवाई अड्डों के बजाय सैन्य ठिकानों पर ईंधन भरती हैं। इसलिए कमर्शियल उड़ानों की तुलना में बहुत अधिक महंगी हैं।*

---

### चीन के मून मिशन में पाकिस्तान देगा साथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अंतरिक्ष एजेंसी सुपार्को ने 2028 में चीन के आगामी चेंज-8 चंद्र मिशन के लिए हाथ मिलाया है। सुपार्को द्वारा निर्मित एक स्वदेशी रोवर कथित तौर पर चेंज-8 मिशन में शामिल होगा, जो कि बड़े अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन परियोजना का हिस्सा है। सुपार्को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया 35 किलोग्राम का रोवर चीनी मिशन की मदद करेगा। चेंज-8 मिशन पृथ्वी अवलोकन, चांद के नमूनों का विश्लेषण और चंद्रमा के वातावरण में पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए तकनीकों का परीक्षण करेगा।

SUPARCO

## नवी मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को मिली बड़ी कामयाबी

# 200 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, चार लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नवी मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां पर एनसीबी ने एक बड़े ड्रग्स गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान एनसीबी ने लगभग 200 करोड़ रुपए मूल्य के विभिन्न प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए हैं। इस मामले में अभी तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से बल्कि से अलग-अलग तरह के ड्रग्स भी बरामद किए हैं। इस पूरे मामले को लेकर एक अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी दी। एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के एक अधिकारी के अनुसार विदेश में बैठे लोगों का एक समूह इस सिंडिकेट को संचालित कर रहा है और जब्त की गई कुछ दवाएं कूरियर या छोटी कार्गो सेवाओं और मानव वाहकों के माध्यम से अमेरिका से लाई गई थीं।

ड्रग्स कूरियर या छोटी कार्गो सेवाओं के माध्यम से अमेरिका से लाई गई थीं

बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की पहचान करने के लिए जांच चल रही है



### 200 ग्राम कोकीन से पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़

*एक अधिकारी ने इसको लेकर बताया कि उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले पार्सल से 200 ग्राम कोकीन जब्त की थी। जब जांच आगे बढ़ाई तब पता चला कि इसका और कंसाइनमेंट नवी मुंबई में छुपाया गया है। इसके बाद ड्रग के स्रोत का पता लगाकर सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। एनसीबी ने तकनीकी और ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए तस्करी के स्रोत तक पहुंचने में कामयाब रही।*

### छद्म नामों का इस्तेमाल करते

मामले में शामिल लोग एक-दूसरे से पूरी तरह से अनजान हैं। ये लोग ड्रग्स की तस्करी के लिए हर दिन बातचीत के लिए छद्म नामों का इस्तेमाल करते हैं। चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके साथ ही ड्रग्स सिंडिकेट के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की पहचान करने के लिए जांच चल रही है।

## अवैध प्रवासियों को लेकर 'नरम' हुआ कनाडा

# रिफ्यूजी के लिए अब एक साल का अस्थायी निवास परमिट का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका में ट्रंप-2 के कार्यकाल में जहां गैर कानून रूप से घुसे अप्रवासियों को निकालने के लिए कार्य शुरू कर दिया है।

वहीं कनाडा ने कहा है कि इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप विभाग मानव तस्करी और पारिवारिक हिंसा के पीड़ितों की सुरक्षा के लिए समर्पित है। इसमें कनाडा में कमजोर विदेशी नागरिकों के लिए उपायों की नियमित समीक्षा करना शामिल है, ताकि उन बाधाओं की पहचान की जा सके और उन्हें हटाया जा सके जो उन्हें सहायता प्राप्त करने से रोक सकती हैं। कनाडा सरकार के इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटीजनशिप ने मानव तस्करी और पारिवारिक हिंसा के शिकार विदेशी नागरिकों व उनके आश्रितों के लिए कम से कम 12 महीने के लिए प्रारंभिक अस्थायी निवासी परमिट देने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त बायोमीट्रिक्स के लिए शुल्क अब माफ कर दिए जाएंगे।

## मनाया गया मोक्षकल्याणक महोत्सव

# तीर्थंकर महावीर का पावापुर से हुआ निर्वाण

### आज ज्ञानायतन में होंगे अनुष्ठान

जबलपुर।

संस्कारधानी जबलपुर में चल रहे श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के छठवें दिन सकल जैन समाज, वीतराग विज्ञान मंडल, जैन युवा फेडरेशन एवं त्रिशला महिला मंडल के साथ हजारों जैन बंधुओं ने मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाकर तीर्थंकर महावीर भगवान के निर्वाण महोत्सव की खुशियां मनाई। महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि श्री वीर प्रभु को कार्तिक कृष्ण अमावस्या के शुभ दिन प्रातःकाल की मंगल बेला पर पावपुर से निर्वाण अर्थात मोक्ष की प्राप्ति हुई, जिसकी खुशी में सौधर्म इंद्र सहित समस्त इंद्र- इंद्राणी, राजा- रानियों सहित श्रावक-श्राविकाओं ने निर्वाण काण्ड पढ़कर मोक्षकल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू समर्पित किया और विश्व शांति की मंगल भावना के साथ सुखी रहे सब जीव जगत के ऐसी मंगल भावना व्यक्त की।



#### श्री जिनेन्द्र शोभायात्रा निकली

श्री वीर प्रभु के निर्वाण के पश्चात प्रतिष्ठाचार्य रजनीभाई दोशी, निर्देशक पं. अभयकुमार शास्त्री एवं संयोजक पं. विराग शास्त्री के मार्गदर्शन श्रीजी, मां जिनवाणी एवं आचार्य भगवन्तों के पावन चरण लेकर विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो मंगलगान करते हुए नवीन जिनालय धर्मायतन पहुंची जहां सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा मानस्तंभ सहित वेद पर मनोहारी जिनबिम्बों की स्थापना कर मां जिनवाणी सहित आचार्य भगवन्तों के पावन चरण विराजमान किए गए, पश्चात शिखर पर स्वर्ण ध्वजाओं सहित मंगल कलश की स्थापना कर जिनालय का उद्घाटन कर परम पवित्र जिनशासन की मंगल प्रभावना की गई।

#### आज ज्ञानायतन में होंगे अनुष्ठान

मंडल अध्यक्ष अशोक जैन एवं फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि आज शनिवार 8 फरवरी को पाटन रोड करमेता के ग्रीनवेली स्कूल प्रांगण में बने सुंदर श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय ज्ञानायतन में विविध अनुष्ठान संपन्न होंगे जिसका शुभारंभ प्रातः 7 बजे से जिनबिम्ब प्रक्षालन, 08.00 से श्री जिनेन्द्र शोभायात्रा, 08.45 से ध्वजारोहण एवं जिनमंदिर उद्घाटन, 09.00 से मंगल विधान, 10.30 से शास्त्र स्वाध्याय, 11.15 से जिनबिम्ब विराजमान विधि एवं 12.15 से साधर्मी वात्सल्य भोजन का आयोजन रखा गया है जिसमें सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से महोत्सव समिति द्वारा की गई है।

# कुलाधिपति से रादुविवि कुलगुरु प्रोफेसर वर्मा ने की सौजन्य भेंट

**जबलपुर।** कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कुलाधिपति मंगुभाई पटेल से भोपाल प्रवास के दौरान भेंट कर समस्त विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आत्मीय स्वागत करते हुए विगत 01 वर्ष में विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रगति एवं निरंतर किए जा रहे नवाचार की गतिविधियों से भी अवगत कराया। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं नीति आयोग के द्वारा विश्वविद्यालय में एक बायोडिजाइन इनोवेशन सेन्टर (डी.आई.सी.) स्थापित है। डीआईसी तथा इन्क्यूबेशन सेन्टर द्वारा अब तक 06 पेटेन्ट हासिल किए गए हैं। पीएम.-ऊषा परियोजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उन्नयन हेतु रु. 20 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया गया है। विश्वविद्यालय के समग्र मूल्यांकन के उपरांत नैक द्वारा 'ए' ग्रेड (सीजीपीए 3.22) प्रदान किया गया है। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा समाप्ति के दिन ही घोषित किए गए 05 परीक्षा परिणामों एवं परीक्षा समाप्ति के दूसरे दिन घोषित किए गए 03 परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। साथ ही वर्तमान सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय की एम.काम. एवं एम.ए. की परीक्षाओं के परिणाम परीक्षा समाप्ति के 8 एवं 12 दिवसों में घोषित किए जाने की भी जानकारी दी। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कुलाधिपति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के कौशल विकास संस्थान द्वारा निर्मित अंगवस्त्रों का उपयोग महत्वपूर्ण अवसरों पर अतिथियों के स्वागत में किया जाता है। इस तरह से विश्वविद्यालय में मितव्ययता बरतते हुए आर्थिक सुदृढ़ता के प्रयास जारी हैं। साथ ही संस्थान द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वर्ष भर में 30, 60 एवं 90 दिवसीय "निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण" कार्यक्रमों का आयोजन कर लगभग 110 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया तथा विद्यार्थियों के लिए "बल्ब/ट्यूबलाइट एल.ई.डी., सोलर पैनल रिपेयरिंग प्रशिक्षण" कार्यक्रम आयोजित किये गये ताकि वे अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।



विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों बी.टेक (कम्प्यूटर साइंस एण्ड इन्फारमेशन साइंस), बी.एससी. (आनर्स) एवियेशन, बी.वॉक इंटीरियर डिजाइन, बी.वॉक फैशन टेक्नालाजी, बी.काम. इन रिटेल आपरेशन मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ सोशल वर्क, बी.एस.सी., बैचलर ऑफ फैशन डिजाइन, बैचलर ऑफ इंटीरियर डिजाइन को प्रारंभ किया गया है जिसमें प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का अत्यधिक रुझान बढ़ा है तथा प्रवेश संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्तमान सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में प्रवेश संख्या में 46 प्रतिशत अर्थात 700 से अधिक विद्यार्थियों की प्रवेश संख्या में वृद्धि हुई है जो प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है। कुलाधिपति को यह भी अवगत कराया गया कि कुलगुरु प्रो. वर्मा द्वारा शासकीय महाकौशल महाविद्यालय, जबलपुर एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय, जबलपुर में बी.काम. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाएं ली गई हैं तथा पाठ्यक्रम से संबंधित जिज्ञासाओं के समाधान हेतु उनसे सीधा संवाद किया गया जिससे छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा है।

# मानस वेलनेस ग्रोव का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान

## भारतीय साहित्य में मनोविज्ञान का अनुप्रयोग : डॉ. किरण कला जैन

**जबलपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में आज विद्यार्थियों ने अपने इंटर्नशिप के अन्तर्गत डॉ. किरण कला जैन प्रसिद्ध साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष हिन्दी पी.एम. कॉलेज ऑफ़ एक्सिलेंस महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर के सानिध्य में मनोविज्ञान एवं साहित्य के अन्तर शास्त्रीय सम्बन्ध पर विचार सुने, उन्होंने भारतीय साहित्य में मनोविज्ञान के अनुप्रयोग की महत्ता को समझाया एवं हिंदी साहित्य का मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रेमचंद के उपन्यासों में वर्णित मनोवैज्ञानिक परिपक्वता, सामाजिक परिवेश का समावेश करते हुए अपने उद्बोधन में मनोविज्ञान के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि हमने पुस्तकों को पढ़ना छोड़ दिया है इससे हमारी जानकारियां अधूरी रह जाती हैं अतः



विद्यार्थी जीवन में पुस्तक पढ़ना अति आवश्यक है यही जीवन को प्रेरणादायक बनाता है।

डॉ. सुमित पासी डायरेक्टर मानस वैलनेस ग्रोव काउंसलिंग एवं गाइडेंस सॉल्यूशन्स, मध्य प्रदेश ने बताया कि विद्यार्थियों ने पूर्ण तन्मयता के साथ उनके निर्देशन में इंटर्नशिप हेतु ट्रेनिंग प्राप्त की और अलग-अलग संस्थानों में विजिट कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया क्योंकि इंटर्नशिप विद्यार्थियों के जीवन को रोजगारोन्मुखी बनाने का कार्य करती है।

कार्यक्रम में मानस वेलनेस ग्रोव के निदेशक डॉ. सुमित पासी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. नीलिमा द्वारा विभागाध्यक्ष श्रीमती रति राय, सुश्री दीपशिखा कुंडे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के पूर्ण करने हेतु सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भावनाए की मासिक बैठक आज

**जबलपुर।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन जबलपुर की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में 08 फरवरी को शाम 05 बजे से आयोजित है, बैठक में सीजीएचएस से संबंधित जेनेरिक दवाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष टीके रायघटक, महामंत्री डीके सिंह, एसके श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, विनायक राव सोरते, नंदलाल कोष्टा, हरिसिंह, महेन्द्र नामदेव सहित अन्य ने उपस्थिति की अपील की है।

## खालसा कॉलेज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'आरोहण' आज

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'आरोहण' का आयोजन 08 फरवरी को किया जा रहा है, आयोजन के मुख्य अतिथि राकेश सिंह लोक निर्माण मंत्री, विशिष्ट अतिथि डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष स. एमएस चावला उपस्थित रहेंगे। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से करेंगे।

## इग्नू के छात्रों ने पुराछात्र सम्मेलन व सम्मान समारोह का किया आयोजन

# मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा आज के समय की आवश्यकता : डॉ. सोमासी श्रीनिवास

**जबलपुर।** "आज के इस तकनीकी युग में दूरस्थ व मुक्त शिक्षा की महत्ता बढ़ी है। इसके माध्यम से आजीवन शिक्षा ग्रहण किया जा सकता है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से वोकल फॉर लोकल की संकल्पना को नया आयाम देते हुए तथा अभिनव प्रयोगों द्वारा समाज व राष्ट्र की उन्नति में सहभागी बना जा सकता है।" उक्त विचार इग्नू के छात्रों के पुराछात्र सम्मेलन में मुख्य अतिथि इग्नू जबलपुर क्षेत्रीय केंद्र निदेशक डॉ. सोमासी श्रीनिवास ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के आचार्य व कौशल विकास संस्थान कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय के विभिन्न आयामों व



समाज में इसकी भूमिका की चर्चा करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने भी प्रो. सिंह से प्रतियोगी परीक्षाओं व उनके अध्ययन से जुड़े अनुभवों पर चर्चा की और अनेक जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। सहायक क्षेत्रीय केंद्र निदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. हरीश केवट तथा डॉ. अनीता पहाड़िया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। छात्रों द्वारा अपने पाठ्यक्रम को पूर्ण करने में समस्याओं व सुविधाओं की चर्चा की। पुरा छात्रों द्वारा क्षेत्रीय केंद्र निदेशक डॉ. श्रीनिवास के अहर्निश सहयोग के लिए प्रशंसा करते हुए सम्मान में स्मृति चिन्ह भेंट किया।

ज्ञातव्य हो कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जबलपुर में सबसे अधिक छात्र संख्या वाला पाठ्यक्रम है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के परिसर में इग्नू का क्षेत्रीय केंद्र होने की वजह से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय के छात्रों को विश्वविद्यालय ग्रंथालय विभाग की सेवाएं व सुविधाएँ भी मिलती रहती हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के छात्रों व इग्नू के छात्रों का आपस में सहयोग व प्रतियोगिता की भावना की वजह से दोनों संस्थाओं के छात्रों द्वारा यू जी सी - नेट , एम पी सेट, लोक सेवा आयोग आदि की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. लीना हल्दकार, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. मो. जावेद, डॉ. शैलेश प्रसाद सहित लगभग 60 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## चोरी गया सामान पाने के लिए 4 सालों से भटक रहा युवक

**जबलपुर।** आवेदक मोहित तिवारी कटनी थाना ढीमरखेड़ा निवासी ने आईजी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि विगत वर्ष 2020 में विवेक तिवारी उर्फ मिंटू हमारे घर से गैस सिलेंडर और बर्तनों की चोरी करके अपने मौसिया प्रहलाद खंपरिया के निवास पर रख दिया था, वर्ष 2024 में उसके मौसिया प्रहलाद खंपरिया के यहां चोरी का सामान मिला, हमारी चोरी गए सामान की कीमत लगभग 20000 हज़ार रुपए है, उसके दूसरे दिन भी 16 नवंबर 2024 को हम एस.आई. चौकी प्रभारी दिनेश कोरोसिया को पुलिस चौकी सीलोडी में अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए गए तो उन्होंने शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया, 20 दिन हो जाने के पश्चात कोई भी कार्रवाई नहीं हुई, इसके पश्चात हमने पुलिस अधीक्षक एवं एडिशनल एस.पी. के पास भी जाकर आवेदन दिया, फिर भी हमको हमारा चोरी गया सामान नहीं मिला, आज हम यहां जबलपुर पुलिस महानिरीक्षक आई.जी. साहब के पास आए हुए हैं उन्होंने चोरी की घटना विस्तारपूर्वक सुनी एवं हमको आश्वासन दिया और कहा कि हमारी ग्रामीण कटनी सिलोनी एडिशनल एस.पी से बात हो गई है, आपकी समस्या हल हो जाएगी, आप उनसे जाकर मिल लीजिए।

## अतीक शाह उमराह पर रवाना



**जबलपुर।** मुस्लिम शाह समाज बिरादरी के प्रदेश महासचिव अतीक शाह अपनी पत्नी सहित उमराह यात्रा के लिए बुधवार को गरीब रथ से मुंबई रवाना हुए, वे यहाँ से वायुयान द्वारा मक्का मदीना की जियारत के लिए जद्दा के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर हाजी अजीज शाह, सुल्तानुज़्ज़ामा क़ादरी कासमी, इफ्तिखार अहमद शाह मिर्जा, अनीस शाह, जाने आलम, यासीन खान, शाह समाज के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर शाह, जिला अध्यक्ष हसन शाह, शहजाद शाह, नासिर अली साहित समस्त पदाधिकारी, परिवारजन, मित्रजन, एवं समाज के वरिष्ठजनों ने स्टेशन पहुंचकर फूल माला से इस्तक़बाल करते हुए उन्हें रवाना किया। अतीक शाह मक्का मदीना में इबादत के साथ अपने इष्टजनों सहित शहर, प्रदेश के साथ देश की तरक्की खुशहाली अमान, शांति के लिए दुआ करेंगे।

# किसानों को आजीविका संवर्धन के लिए दिए गए सब्जी बीज

**जबलपुर।** कुंडम ब्लाक के संजारी ग्राम मे एसबीआई फाउंडेशन के ग्राम सक्षम परियोजना के अंतर्गत वित्तीय सहयोग से लोककल्याण भूमिका समिति के माध्यम से चयनित आदिवासी किसान महिलाओं को आजीविका संवर्धन के लिए सब्जी के बीज किट वितरण किए गए। संस्था लोककल्याण भूमिका समिति की अध्यक्षा रेखा कुशवाहा द्वारा जानकारी दी गई कि संचालित ग्राम सक्षम परियोजना के माध्यम से सब्जी बीज किट जो प्रदाय किए जा रहे हैं, उसमें एसबीआई फाउंडेशन के ग्राम सक्षम परियोजना के अंतर्गत वित्तीय सहयोग से है। साथ ही यह सब्जी बीज कैसे उनकी आजीविका को बढ़ाएंगे इसकी पूरी जानकारी




विस्तार से दी, अभी किसान सब्जी केवल अपने घर के उपयोग के लिए ही लगाते थे, अब अधिक बीज मिलने से यह सब्जी लगाकर घर के उपयोग के साथ-साथ स्थानीय बाजार में बेचकर अपनी आजीविका को बढ़ा सकेंगे, साथ ही कृषक मित्र द्वारा बीज लगाने की प्रकिया एवं कीट व्याधि से बचाव कैसे करें इसकी पूरी जानकारी दी है, किसानों के चेहरे बीज किट पाकर बहुत ही खिले थे, सभी ने एसबीआई फाउंडेशन एवं लोक कल्याण भूमिका समिति को धन्यवाद दिया।



## गदा प्रतियोगिता में शहर के खिलाड़ियों ने किया नाम रोशन

**जबलपुर।** विगत दिवस चंडीगढ़ स्थित सेक्टर 43 के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गदा स्पोर्ट्स की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने भाग लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने शहर और राज्य का नाम रोशन किया। विजेता अंकित विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक (गदा चक्र) विवेक बर्मन ने कांस्य पदक (गदा युद्ध) 60 किलो भार वर्ग, राघव श्रीवास्तव ने कांस्य पदक (गदा युद्ध) 40 किलो भार वर्ग, वहीं दूसरी ओर राज्य स्तरीय रोलबॉल सिलेक्शन प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक वर्ग में जबलपुर के विवेक बर्मन व तनिष्क केसरवानी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता इन्दौर के IMC खजराना रोलबॉल ग्राउन्ड में आयोजित की गई, उक्त खिलाड़ी कोच ममता पाण्डेय से नियमित रूप से उखरी रोड स्थित खेल मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करेगा भारत : डॉ. अभिलाष पांडे

## विकसित भारत विषय पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** विकसित भारत विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह विविध जागरूकता प्रचार कार्यक्रम का शुभारंभ 07 फरवरी को स्थानीय शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास होमसाइंस व विज्ञान महिला महाविद्यालय में विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीमा सिंह जुग्गी, प्रदीप पटले उप महानिदेशक आकाशवाणी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर समीर शुक्ला प्राचार्य शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास होमसाइंस व विज्ञान महिला महाविद्यालय उपस्थित थे। सर्वप्रथम रिबिन काटकर फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विधायक अभिलाष पांडे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत प्रगति की ओर अग्रसर है



और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर नए लक्ष्य और उच्च कीर्तिमान को स्थापित कर रहा है। सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के द्वारा निरंतर जनमानस को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को समझें और विभिन्न माध्यम से इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें, उन्होंने इस आयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो व महाविद्यालय को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई और सही जवाब देने वाली छात्राओं को विधायक के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में विभाग के पंजीकृत दल गुरु नाट्य संस्था के कलाकारों द्वारा गीत, नाटक, लोकगीत एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण उपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात संदीप चौकसे प्रभारी केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए विकसित भारत 2047 फोटो प्रदर्शनी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि सीमा सिंह जुग्गी द्वारा भी छात्राओं से विकसित भारत विजन 2047 पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी कड़ी में कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रदीप पटले उप महानिदेशक आकाशवाणी जबलपुर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर समीर शुक्ला ने भी छात्राओं को विकसित भारत के विजन को समझाया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रम सहायक अतुल पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवीन शिवा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की छात्राओं का विशेष योगदान रहा। यह फोटो प्रदर्शनी 8 फरवरी 2025 को सुबह 10:30 से शाम 5:00 बजे तक सभी के अवलोकनार्थ हेतु खुली रहेगी।

## बजट 2025-26 व विकसित भारत पर परिचर्चा आज

**जबलपुर।** शासकीय महाविद्यालय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय के अर्थ शास्त्र स्नातकोत्तर परिषद द्वारा "बजट 2025-26 एवं विकसित भारत" विषय पर व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन 08 फरवरी को पूर्वान्ह 11.30 बजे से सभाकक्ष (भूतल) में किया गया है। डॉ. रविन्द्र कुमार ब्रह्मे प्रो. एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर विषय विशेषज्ञ होंगे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं RAHUL KUMAR KHEMANI S/O JAMNA DAS KHEMANI यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर M0644989 जारी दिनांक 14/08/2014 वैद्यता दिनांक 13/08/2024 में मेरा नाम RAHUL KHEMANI लिखा हुआ है, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम RAHUL KUMAR KHEMANI रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक आदि में लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को RAHUL KUMAR KHEMANI ही पढ़ा -लिखा एवं समझा जावें। पूर्व नाम-RAHUL KHEMANI

वर्तमान नाम- RAHUL KUMAR KHEMANI

पता- 82/80, Mukadamganj Jabalpur (M.P.)- 482001

# एएमएफआई का महाकुंभ अभियानः वित्तीय साक्षरता के प्रति किया जनजागरण



**मुंबई।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) महाकुंभ 2025 में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, जहां 40 करोड़ से अधिक भारतीयों के आने की उम्मीद है। वित्तीय साक्षरता फैलाने और लाखों आगंतुकों को म्यूचुअल फंड के लाभों के बारे में शिक्षित करने की दृष्टि से, एएमएफआई का अभियान गहरी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नवीन ऑन-ग्राउंड गतिविधियों को एकीकृत करता है। दो विशेष रूप से डिज़ाइन की गई बसें उच्च भीड़ वाले क्षेत्रों में तैनात की गई हैं, जो एक अनूठा अनुभव प्रदान करती हैं जहां कुंभ आगंतुक म्यूचुअल फंड की बुनियादी बातों पर आकर्षक वीडियो देख सकते हैं, इंटरैक्टिव क्विज में भाग ले सकते हैं, जबकि चार्जिंग स्टेशनों पर अपने मोबाइल फोन को फिर से चार्ज कर सकते हैं। प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले लोगों को 12 साल का हिंदू कैलेंडर, निवेश पंचांग उपहार में दिया जाता है, जो एसआईपी शुरू करने के लिए शुभ दिनों को उजागर करता है, जिससे यह एक यादगार उपहार बन जाता है। महाकुंभ 2025 में एएमएफआई की पहल के बारे में बोलते हुए, एएमएफआई के अध्यक्ष नवनीत मुनोत ने कहा कि, 'एएमएफआई में, हम वित्तीय साक्षरता के साथ व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महाकुंभ में हमारी भागीदारी वित्तीय समावेशन के अवसरों के साथ परंपरा के सार को विलय करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिस तरह कुंभ संस्कृति और आध्यात्मिकता के संगम का प्रतीक है, म्यूचुअल फंड विश्वास और अनुशासन के संगम का प्रतिनिधित्व करते हैं - विशेष रूप से एसआईपी, जो व्यक्तियों और परिवारों को अपनी वित्तीय आकांक्षाओं को प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। हम इसे लाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह संदेश दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित सभाओं में से एक के लिए है।'

एएमएफआई के मुख्य कार्यकारी, वेंकट एन चलसानी ने कहाः 'महाकुंभ मेला हमें लाखों लोगों से जुड़ने और वित्तीय नियोजन के महत्व और उनके जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में म्यूचुअल फंड की भूमिका को समझने में मदद करके विश्वास और याद दिलाने की अनुमति देता है। नवीन गतिविधियों और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक संदेश के माध्यम से, हमारा लक्ष्य व्यक्तियों को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना है।' यह अभियान 30-दिवसीय आउट-ऑफ-होम अभियान के साथ कुंभ मैदान से आगे भी फैला हुआ है, जिसमें रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों सहित प्रयागराज और वाराणसी के प्रमुख स्थानों को शामिल किया गया है। प्रयागराज और लखनऊ के बीच प्रतिदिन चलने वाली गंगा गोमती एक्सप्रेस को ''म्यूचुअल फंड सही है'' संदेश के साथ ब्रांड किया गया है। यूपी तक जैसे स्थानीय चैनलों के साथ सहयोग से विशेष स्टेज प्रोग्रामिंग, म्यूचुअल फंड पर नुक्कड़ नाटक, लाइव स्ट्रीम और रणनीतिक सामग्री प्लेसमेंट के माध्यम से जनजागरुकता बढ़ेगी। महाकुंभ मेले में इन पहलों के माध्यम से, एएमएफआई का लक्ष्य म्यूचुअल फंड के बारे में जागरूकता पैदा करना और इस भव्य आयोजन में वित्तीय साक्षरता को सांस्कृतिक महत्व के साथ जोड़कर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है।

## आईसीएफएआई का 15वां स्थापना दिवस

# भारत है संज्ञानात्मक क्रांति के शिखर परः प्रोफेसर देबाशीष चटर्जी



**हैदराबाद।** प्रोफेसर चटर्जी 6 फरवरी 2025 को आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद के परिसर में 'वैश्वीकरण और भारतीय विचारः नेतृत्व इतिहास से अंतर्दृष्टि' पर पंद्रहवें स्थापना दिवस व्याख्यान दे रहे थे। "न तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता और न ही प्राकृतिक मूर्खता हमारे अस्तित्व के उस मूल तक पहुँच सकती है जो मैं हूँ से शुरू होता है; मैं हूं यह मेरी अस्तित्वगत वास्तविकता है। कोई भी उपकरण इस अस्तित्वगत वास्तविकता को दोहरा नहीं सकता; इसे प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। हमारी शिक्षा इस पूरी यात्रा में निहित है कि यह व्यक्ति कौन है जो इस शिक्षा को अपना रहा है और किस उद्देश्य से इसे एक नई अवधारणा की आवश्यकता है", प्रोफेसर चटर्जी ने कहा। उनका मत था कि तक्षशिला जैसे प्राचीन भारत के विश्वविद्यालय दार्शनिक और धार्मिक परंपराओं पर आधारित थे। उनके अनुसार, जैसे-जैसे हम उपभोग से नवाचार की ओर बढ़ते हैं, भारतीय विचार समकालीन भारत में और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। नवप्रवर्तन की अर्थव्यवस्था को देखने का एकमात्र तरीका विशाल जनसंख्या को देखना और उसे मानव पूंजी में परिवर्तित करना है। आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के चांसलर डॉ. सी. रंगराजन ने समारोह की अध्यक्षता की। प्राचीन भारतीय चिंतन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जो हजारों साल पहले प्रासंगिक था वह वर्तमान स्थिति में प्रासंगिक नहीं हो सकता है।

डॉ. रंगराजन ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान की पहचान करना महत्वपूर्ण है जो आधुनिक युग में भी प्रासंगिक है। अपने परिचयात्मक भाषण में कुलपति डॉ. एलएस गणेश ने ''सत्यमेव जयते'' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन की नींव सत्यमेव जयते के आदर्श वाक्य पर है। उन्होंने छात्रों को कक्षा के अंदर की शिक्षा और कक्षा के बाहर की शिक्षा दोनों को समान महत्व देने के लिए प्रोत्साहित किया। श्रीमती सोभा रानी यसस्वी, चेयरपर्सन, आईसीएफएआई सोसाइटी, डॉ.जे. महेंद्र रेड्डी, प्रतिष्ठित सलाहकार, आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, प्रो. बी.जे. राव, कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय, प्रो. मेंद्रु राममोहन राव, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद के पूर्व डीन अमीरात, आईएमआई सॉफ्ट इंजीनियरिंग के संस्थापक और जे.कृष्णमूर्ति फाउंडेशन के सचिव विश्वनाथ अल्लूरी, रजिस्ट्रार प्रो. विजयलक्ष्मी, रजिस्ट्रार, अन्य गणमान्य व्यक्ति, छात्र और संकाय ने व्याख्यान में भाग लिया।

**भारत समेत दक्षिण एशिया में मचा सकता है तबाही**

# विशालकाय एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने का अंदेशा



**वॉशिंगटन।** धरती की तरफ बढ़ते एक विशाल एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रह) ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। संयुक्त राष्ट्र के खगोलविद इस क्षुद्रग्रह पर नजर रख रहे हैं, जिसके पृथ्वी से टकराने का अंदेशा जताया गया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा है कि एस्टेरॉयड के 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी के पास सुरक्षित रूप से गुजरने की 99 फीसदी संभावना है, लेकिन बाकी एक फीसदी टकराव की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। ऐसा कोई भी टकराव एक बड़ी तबाही का सबब बन सकता है। इस तबाही की जद में दक्षिण एशिया के देश (भारत-पाकिस्तान और आसपास के मुल्क) भी आ सकते हैं।

### अगर टकराव हुआ तो मचेगी तबाही

एक्सपर्ट का कहना है कि यह एस्टेरॉयड अगर पृथ्वी से टकराता है तो इसमें परमाणु बम जितनी तबाही मचाने की शक्ति होगी। यह किसी आबादी वाले इलाके में गिरता है तो इससे गंभीर नुकसान होगा। हालांकि, यह अधिक संभावना है कि वाईआर4 समुद्र या धरती के किसी दूरस्थ भाग में गिरेगा। इस समय यह पृथ्वी से बहुत दूर है। अभी ये तय करना मुश्किल है कि टकराव की स्थिति में इससे क्या प्रभाव होगा।

### 'अभी घबराने की जरूरत नहीं'

रॉबर्ट मैसी कहते हैं कि हमें घबराना नहीं है लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। फिलहाल खगोलविदों को इस तरह के खतरों को ट्रैक करने के लिए जरूरी संसाधन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि YR4 को टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर 10 में से 3 का दर्जा मिला है। धरती से टकराव तभी निश्चित होता है, जब यह 8, 9 या 10 तक पहुंच जाता है। YR4 फिलहाल में सीधी रेखा में पृथ्वी से दूर जा रहा है। इससे पृथ्वी की ओर वापस लौटने से पहले इसकी सटीक कक्षा का सटीक निर्धारण करना मुश्किल हो रहा है।

# इंसानों की तरह चलता है ये विचित्र पेड़ होते हैं बड़े-बड़े पैर, बढ़ता जाता है आगे

*लंदन। हम जिस धरती पर रहते हैं, उसके बारे में सब कुछ नहीं जानते। हम जो जानते भी हैं, वो इतना कम है कि जब आश्चर्यजनक फैक्ट्स सामने आते हैं, तो आंखें फटी की फटी रह जाती हैं। एक ऐसा ही दिलचस्प तथ्य हम आपको आज बताने जा रहे हैं। इसके बारे में बहुत ही कम लोगों को पता होगा।*



### प्रकृति की विचित्र रचना से अनजान हैं कई लोग

अगर हम आपसे कहें कि एक ऐसा भी पेड़ है, जो बिल्कुल इंसानों की तरह चल सकता है, तो शायद आप चौंक जाएंगे। हालांकि, ये सच है कि धरती पर ऐसा भी पेड़ है, जिसके पैर हैं और वो चल सकता है। ये एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंच सकता है। ये तो सभी को पता है कि इंसानों की तरह ही पेड़-पौधों में भी प्राणतत्व होते हैं। यही वजह है कि वो बढ़ते हैं और छोटे से बड़े हो जाते हैं। हालांकि, एक पेड़ न सिर्फ हमारी तरह सांस लेता है, बल्कि हमारी ही तरह चल भी सकता है। हममें से बहुत से लोग प्रकृति की इस विचित्र रचना से अनजान हैं।

### जीवित रहने के लिए बदलता रहता है अपनी जगह

स्लोवॉक राज्य अनुसंधान संस्थान के वनस्पति शास्त्री पीटर व्रान्स्की ने इस पेड़ की जड़ों के माध्यम से गति करने की क्षमता का रहस्य सबके सामने रखा था। उनके शोध से पता चला है कि कैसापोना वृक्ष जीवित रहने के लिए अपनी जगह बदलता रहता है। हालांकि, स्थानांतरण की यह प्रक्रिया काफी धीमी है और पेड़ एक दिन में दो से तीन सेंटीमीटर तक आगे बढ़ सकता है।

### इक्वाडोर के वन में पाया जाता है कैसापोना वृक्ष

प्रकृति की सबसे रहस्यमय और विचित्र रचना है- कैसापोना वृक्ष, जो इक्वाडोर के गहरे उष्णकटिबंधीय वर्षा वन में पाया जाता है। ताड़ की प्रजाति के इस पेड़ को 'दौड़ता हुआ ताड़' या 'चलता हुआ ताड़' भी कहा जाता है। वैसे इसका वैज्ञानिक नाम सोक्रेटिया एक्सोर्रिज़ा है। इक्वेडोर के घने जंगलों में सॉइल इरोशन यानी मृदा अपर्दन की दर बहुत ज्यादा है। जंगल घना होने की वजह से प्रकाश हर जगह नहीं पहुंच पाता।ऐसे में जब पौधे की जड़ पर मिट्टी ढीली हो जाती है, तो वह मजबूत मिट्टी और पर्याप्त सूर्य के प्रकाश की तलाश में नई मूल जड़ें पैदा करता है। नई जड़ें धीरे-धीरे कठोर मिट्टी में जम जाती हैं, जबकि पुरानी जड़ें मिट्टी से ढीली हो जाती हैं। इस तरह पेड़ अपनी पुरानी स्थिति से आगे बढ़कर नई जगह जम जाता है।

**बंधक बने एक युवक की मौत के बाद खुला राज**

# तेलंगाना के ईंट भट्ठों में बंधक बने राष्ट्रपति के 150 दत्तक पुत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ के एकताल गांव के रहने वाले करीब डेढ़ सौ शिल्पकार तेलंगाना में बंधक बने हुए हैं। ये सभी शिल्पकार कमाने खाने के लिए गए हैं, शिल्पकारों के बंधक बनने का राज तब खुला जब एक मजदूर की मौत हो गई, ठेकेदार ने उसके साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। यहां तक कि मजदूर की मौत के बाद उसके शव को भी लाने नहीं दिया जा रहा था। बता दें एकताल के झारा शिल्पकारों को राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र माना जाता है।

### काम नहीं करते थे तो मारता था ठेकेदार

हरिभूमि से चर्चा करते हुए मृतक की पत्नी सुभाषिनी की आंख में आंसू आ गई। आंसू आ गए। उसने कहा कि तेलंगाना के गरूडपेठ गांव में ईंट का भट्ठा है, जहां उसके पति नवीन झारा, बेटा आदित्य और बेटी अंकिता झारा के साथ वह काम करती थी। उन्हें सप्ताह में कभी छुट्टी नहीं मिलती थी। वहीं, कभी जब किसी का तबीयत बिगड़ता था तो ठेकेदार उनसे जबर्दस्ती काम लेता था। काम नहीं करने की स्थिति में उनकी सरेआम पिटाई होती थी।यहां तक कि परिवार के सदस्यों के सामने ही ठेकेदार उसे पिटता था।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 09034329258 (रायपुर /09 /फरवरी25)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर /21 /फरवरी25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

# दुनिया के इस हिस्से में हो सकते हैं धरती के 2 टुकड़े 20 करोड़ साल पहले हुई हलचल, अब डाल रही असर

**लंदन।** वैज्ञानिकों को धरती के नीचे हैरान करने वाली हलचल का पता चला है, जिससे धरती दो हिस्सों में बंट सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से गायब एक समुद्री प्लेट मेंटल में गहराई की ओर गोता लगा रही है। इस प्रक्रिया में ऊपर की परत नीचे की ओर खिंचाव महसूस कर रही है। ऐसी ही एक प्लेट इराक में जाग्रोस पर्वत के नीचे टूट रही है, क्योंकि यह नीचे की ओर गिर रही है। नए शोध में पाया गया है कि टूटने की यह प्रक्रिया पर्वत श्रृंखला के पश्चिमी भाग में पहले ही हो चुकी है, जहां इराक का कुर्दिस्तान क्षेत्र तुर्की से सटा हुआ है।

### टेथीस सागर का क्रस्ट अभी भी डाल रहा असर

महासागरीय प्लेट कभी टेथीस सागर का समुद्रतल हुआ करती थी। टेथीस सागर 20 करोड़ साल पहले बना था, जब गोंडवाना और लारेशिया में यह धरती टूटी थी। गोंडवाना में दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, भारत, मेडागास्कर, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका शामिल हुआ करता था। हालांकि, टेथीज सागर 2 करोड़ साल पहले खत्म हो गया था, लेकिन जो समुद्री क्रस्ट इसे आधार बनाता था। वह अभी भी जाग्रोस पर्वत क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है।



### धरती के अंदर चल रही है हलचल

शोध के अनुसार, यह टूटन अब उत्तर-पश्चिम ईरान की ओर बढ़ रही है। 25 नवम्बर 2024 को सॉरिड अर्थ पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा कि यह गतिशीलता सतह पर तुरंत स्पष्ट नहीं होती है, लेकिन इससे पता चलता है कि मेंटल और क्रस्ट मिलकर पृथ्वी की संरचना को किस तरह से आकार देते हैं।

### यूरेशिया के साथ टकराव बने पहाड़

शोधकर्ता और स्टडी के लेखक रेनास कोशनाव ने एक बयान में कहा, यह प्लेट इस क्षेत्र को नीचे से नीचे की ओर खींच रही है। शोध में कहा गया है कि जैसे ही टेथीस सागर बंद हुआ, समुद्री क्रस्ट यूरेशियन महाद्वीप के नीचे चला गया। अरब प्लेट का महाद्वीपीय भाग, जो आधुनिक इराक और सऊदी अरब को आधार बनाता है, वो पीछे की ओर खिंच गया। इसके परिणास्वरूप यूरेशिया के साथ टकराव हुआ, जिससे पहाड़ बने।

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5772



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5771 का हल**



## सूडोकु नववाल - 5782

✱✱✱✱✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नववाल - 5781 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## खबर संक्षेप

### 4 कुख्यात बदमाश 6 माह के लिए जिला बदर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। 4 कुख्यात बदमाशों को 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। इनमें से एक युवा कांग्रेस का ग्रामीण जिलाध्यक्ष भी शामिल है। राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। जिला बदर किए गए बदमाशों में युवा कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष जयकिशन यादव भी शामिल है इसके अलावा विक्की पांडेय, समीर उर्फ बकरा मुंडी एवं पी. ज्योति प्रकाश राव उर्फ मैडी राव के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भवन का उद्घाटन कल

**भोपाल।** पीएम केंद्रीय विद्यालय चंदेरी के नवनिर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन सांसद तथा केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया नौ फरवरी को सुबह 10 बजे करेंगे। इस अवसर पर मंत्री राकेश शुक्ला, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं प्रभारी मंत्री जिला अशोकनगर, विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी भी उपस्थित रहेंगे।

### सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा

**रायपुर।** केंद्रीय बजट को विकास की दिशा में प्रगति और भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो टेक्नोलॉजी और ऊर्जा पर भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। डॉ. निशांत डोंगरी, मैनेजिंग डायरेक्टर और फाउंडर, प्योर ईवी ने कहा कि लिथियम-आयन बैटरी पर छूट और ईवी बैटरी निर्माण के लिए 35 नई छूटें, भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का वैश्विक हब बनाने की दिशा में तेजी से स्थानीयकरण और तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देंगी।

### विशेषज्ञ, नीति निर्माता और निवेशक होंगे एक मंच पर

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पहली बार होंगी सेक्टर वाइस समिट: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर है। निवेशकों को अधिक प्रभावी अवसर देने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य के प्रमुख 6 सेक्टर्स पर केंद्रित समिट के आयोजन की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

यह पहली बार होगा जब हर सेक्टर के विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और निवेशक एक मंच पर आकर विशेषज्ञ चर्चाओं, अवसरों और नीतिगत सुधारों पर संवाद करेंगे। इससे निवेश प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाया जा सकेगा।



### आकर्षक डेस्टिनेशन बनता मध्य प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की अद्वितीय भौगोलिक स्थिति, समृद्ध प्राकृतिक संसाधन, विकसित बुनियादी ढांचा और उद्योग-अनुकूल नीतियां इसे निवेश के लिए देश का सबसे आकर्षक डेस्टिनेशन बनाती हैं। शहरी विकास, पर्यटन, माइनिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, आईटी और एमएसएमई जैसे क्षेत्र अपनी असीमित संभावनाओं और अनुकूल वातावरण से निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। प्रदेश न केवल देश का पहला डायमंड प्रोड्यूसिंग स्टेट है, बल्कि ग्रीन एनर्जी हब, विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र और उभरते हुए टेक्नोलॉजी हब के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। इन विभागीय समिट से सरकार निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन, संसाधनों की उपलब्धता और औद्योगिक ईको सिस्टम की मजबूती से अवगत कराएगी। इससे जीआईएस में होने वाली चर्चाएं वास्तविक निवेश प्रस्तावों में तब्दील हो सकेंगी।

### *जीआईएस, प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर*

*प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के उद्योग, स्टार्ट-अप, पर्यटन, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। यह समिट न केवल राज्य की आर्थिक प्रगति में प्रवासी भारतीयों की भागीदारी सुनिश्चित करेगा, बल्कि मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मध्यप्रदेश प्रवासी भारतीय समिट का उद्देश्य विश्वभर में बसे मध्यप्रदेश के प्रवासी भारतीयों को एक मंच पर लाना और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ ही मध्यप्रदेश के विकास में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। समिट से मप्र के प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने का महत्वपूर्ण अवसर भी मिलेगा।*

### क्षेत्रवार समिट का होगा आयोजन

जीआईएस में क्षेत्रवार समिट का आयोजन किया जाएगा। जीआईएस में शहरी विकास समिट के माध्यम से स्मार्ट और सतत शहरों के निर्माण पर केंद्रित चर्चा होगी, जिससे नवाचार और आधुनिक शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश में खजुराहो, उज्जैन, सांची, पचमढ़ी, कान्हा और बांधवगढ़ जैसे विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। पर्यटन समिट में हॉस्पिटैलिटी, थीम-बेस्ड डेस्टिनेशन और एडवेंचर टूरिज्म में निवेश को बढ़ावा देने के लिए गहन चर्चा होगी। मध्यप्रदेश देश में डायमंड, लाइमस्टोन, बॉक्साइट, कोयला, मैंगनीज और तांबे का प्रमुख उत्पादक है। पन्ना स्थित एशिया की एकमात्र डायमंड माइंस और विशाल कोयला भंडार राज्य को माइनिंग इंडस्ट्री के लिए एक आदर्श डेस्टिनेशन बनाते हैं। माइनिंग समिट से खनन आधारित उद्योगों, मूल्यवर्धित प्र-संस्करण और नीतिगत प्रोत्साहनों पर चर्चा होगी। प्रदेश ग्रीन एनर्जी हब बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। रीवा सोलर प्लांट, ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट और ग्रीन हाइड्रोजन में हो रहे विकास इसे नवकरणीय ऊर्जा निवेशकों के लिए एक प्रमुख केंद्र बना रहे हैं। रिन्यूएबल एनर्जी समिट में सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के लिए ठोस रणनीतियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### टेक्नोलॉजी इनोवेशन का केंद्र

मध्यप्रदेश अब टेक्नोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन का केंद्र बन रहा है। इंदौर आईटी हब, डेटा सेंटर पॉलिसी, स्टार्ट-अप ईको सिस्टम और उभरते एआई और साइबर सिक्योरिटी क्षेत्रों में तेजी से निवेश आ रहा है। जीआईएस में आईटी समिट के माध्यम से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आईटी पार्क और नई टेक्नोलॉजीज पर निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया जाएगा। प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर राज्य की आर्थिक रीढ़ है, जहां लाखों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम कार्यरत हैं। वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट योजना, नए क्लस्टर और निर्यात प्रोत्साहन नीतियां इसे निवेश के लिए एक डेस्टिनेशन बना रही हैं। एमएसएमई समिट में उद्योगों को वित्तीय सहयोग, टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन और नए बाजारों तक पहुंच को लेकर चर्चा होगी।

### औचक निरीक्षण के संबंध में वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कड़ी जांच लापरवाह तीन अधिकारियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



*लोक निर्माण मंत्री सिंह के निर्देश पर शुरू हुई पड़ताल*

प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं।

इसके तहत हर माह की 5 और 20 तारीख़ को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में हाल ही में लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं की टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के बाद प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रबंध संचालक भवन विकास निगम पंकज जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता एसआर बघेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं समस्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे।

### उपयंत्री को निलंबित किया, कार्यपालन यंत्री को नोटिस

समीक्षा बैठक में सिंगपुर, धरमपुर रोड से मझपुरा रोड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता में गंभीर कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपयंत्री को निलंबित करने एवं कार्यपालन यंत्री को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ठेकेदार मेसर्स माँ शारदा कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर पन्ना को कालीसूची में दर्ज करने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया।

### *भोपाल-देवास मार्ग पर सरफेस में क्रेक व रफनेस*

पन्ना जिले में वन स्टॉप सेंटर भवन कार्य में पाई गई कमी के आधार पर उपयंत्री को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। भोपाल जिले में भोपाल-देवास मार्ग में किमी 20, 23, 24 एवं 25 में कुछ स्थानो पर सरफेस में क्रेक एवं रफनेस पाई गई। मार्ग में डिवाइडर में पेंटिंग एवं साइन बोर्ड तथा शोल्डर मापदंडानुसार नही पाए गए। इसके लिए ठेकेदार को एवं संबंधित अधिकारियों को 7 दिनों में सुधार कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। ग्वालियर जिले में एक सड़क कार्य पटेल का पुरा से गुरी बंजारों का पूरा मार्ग में निरीक्षण में ठेकेदार द्वारा सीआरएम एवं डब्ल्यूएम का कार्य मानक स्तर का नहीं किए जाने के एवं कार्य में विलंब के कारण ठेकेदार मेसर्स कामतानाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी मुरैना को कालीसूची में दर्ज करने के लिए मुख्य अभियंता ग्वालियर को निर्देशित किया गया।

# अवैध शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के आबकारी विभाग ने अवैध शराब के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने एक घर से 1.56 लाख रुपये कीमत की शराब को जब्त किया है। ये शराब एमपी में निर्मित है, जिसे यहां लाया लाया गया था।

मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसे जेल भेज दिया गया है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार नेताम ने बताया कि जिले में पंचायत व निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। इस दौरान अवैध शराब खपाए जाने की शिकायत मिल रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि करही वार्ड नं 12 में सनत खरे के रिहायशी मकान में शराब रखी हुई है। मौके पर जाकर मकान की तलाशी की गई। जांच तलाशी के दौरान आरोपी सनत खरे के घर से विदेशी शराब बरामद की गई। मौके पर बरामद शराब को जांच उपरांत सील बंद कर कब्जा में ले लिया गया है। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ विधिवत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर रिमांड मे लिया गया। आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



## मध्यप्रदेश को खुशहाली का मिला तीसरा इंजन

# जीआईएस-2025 को मोदी सरकार ने दे दी 'नई ऊर्जा'

*वैसे तो केन्द्र की मोदी सरकार और मध्य प्रदेश में डॉ.मोहन यादव सरकार के डबल इंजन से खुशहाली और उन्नति के पथ पर मध्य प्रदेश लगातार दौड़ रहा है, लेकिन अब तीसरा नई ऊर्जा वाला इंजन भी प्रदेश को मिला है, इससे विकास की रफ्तार तीन गुना हो जाएगी। हम बात कर रहे हैं निवेश के तीसरे इंजन यानी मोदी सरकार के बजट में उद्योग से लेकर निवेशकों तक, किसान से लेकर युवा तक को विशेष सौगातें देने की।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का आम बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से लेकर किसान और युवाओं तक जो अभूतपूर्व सौगातें दी हैं, उसका मध्यप्रदेश में भी खासा प्रभाव दिखाई देगा।

विशेष रूप से 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2025 को लेकर निवेश की संभावनाओं को काफी मजबूती मिली है। बजट में जो घोषणाएं हैं, उससे न केवल उद्योग जगत सशक्त होगा, बल्कि रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। यह सुखद संयोग है कि फरवरी माह के पहले दिन केंद्र सरकार द्वारा आम बजट पेश किया गया है, और इसी माह 24 और 25 तारीख को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों से निवेश की अनंत संभावनाओं वाले इस महासम्मेलन को लेकर उद्योग जगत में पहले से ही उत्साह है और अब केंद्र सरकार की उद्योग जगत के हितों में की गई घोषणाओं से इस समिट की सफलता कई गुना बढ़ी है।

### *भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान हो रहे विकसित*

*देश के शीर्ष 50 टूरिज्म स्पॉट को राज्यों की सहायता से और विकसित किया जाएगा। भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान विकसित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में सांची बौद्ध अनुयायियों के लिए धार्मिक पर्यटन का विशिष्ट स्थल है। पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के बढ़ते कदम का लाभ बजट में की गई उस घोषणा से मिलेगा, जिसमें कहा गया है कि मेडिकल टूरिज्म के लिए बीजा नियमों को आसान किया जाएगा।*

### *20 हजार करोड़ किए गए आवंटित*

*मध्यप्रदेश का इंदौर स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता है। इनोवेटिव्स के लिए बजट में 20 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। नेक्स्ट जनरेशन के स्टार्टअप के लिए डीप टेक फंड पर विचार किया जाना मध्यप्रदेश के युवाओं को नए अवसर दे रहा है। स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया गया है। गारंटी फीस में भी कमी होगी। एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ रुपए का ऐलान स्वागत योग्य है।*






### ग्रीन एनर्जी और ईवी तकनीक में अग्रणी मध्यप्रदेश

*बजट में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि निवेश हमारी सरकार का तीसरा इंजन है। ग्रीन एनर्जी और ईवी तकनीक को ज्यादा बढ़ावा दिया जाएगा। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। अब देश में राज्य खनन सूचकांक की स्थापना होगी। इससे लघु खनिजों समेत खनन सेक्टर को फायदा होगा। खनन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश निवेशकों की पहली पसंद है। खनन को लेकर निवेशकों का एक सम्मेलन भोपाल में पहले आयोजित किया जा चुका है, जिसमें 20,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए थे।*

### *इनका कहना है*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता में रखा है, उसे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतत आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार के बजट में उद्योग जगत सहित युवाओं और किसानों को सौगातें मिली हैं। मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की संभावनाओं को आम बजट ने और अधिक विस्तार दिया है। मध्यप्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और बेहतरीन वातावरण को इस बजट में जो ऊर्जा दी है, वह आने वाले समिट में स्पष्ट दिखाई देगा।*


*चंद्रमौली शुक्ला, एमडी, एमपीआईडीसी*

### केसीसी से 5 लाख का कर्ज



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों की प्राथमिकता में कृषि क्षेत्र भी है। केंद्रीय बजट में अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस किया गया है। कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन, इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख होगी। इन सौगातों का सीधा लाभ मध्यप्रदेश के किसानों के साथ कृषि और कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश करने वालों को मिलेगा। आम बजट में उद्योगों के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, वह मध्यप्रदेश में मौजूदा कंपनियों के साथ आने वाले निवेशकों के लिए भी सौगात है। छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे। एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा।

D-19274/24



# लीग कप : लिवरपूल ने फाइनल में बनाई जगह, न्यूकैसल से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶ लंदन

गत चैंपियन लिवरपूल ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टोटेनहम को 4-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना न्यूकैसल से होगा। लिवरपूल सेमीफाइनल के पहले चरण में एक गोल से हार गया था लेकिन दूसरे चरण में उसने बाजी पलटने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

लिवरपूल की तरफ से पहले हाफ में फॉरवर्ड कोडी गाकपो ने गोल करके उसे शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सलाह, डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई और वर्जिल वान डिज्क के गोल की मदद से उसने सेमीफाइनल के दूसरे चरण को एकतरफा बना दिया। अपने खिताब का बचाव करने के लिए लिवरपूल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में न्यूकैसल का सामना करेगा। न्यूकैसल ने पिछले 70 साल से कोई बड़ा घरेलू टूर्नामेंट नहीं जीता है।



## बार्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में, वालेंसिया को 5-0 से रौंदा

मैड्रिड। फेरान टोरेस ने पहले आधे घंटे में हैट्रिक बनाई जिससे बार्सिलोना ने वालेंसिया को 5–0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फ़र्मिन लोपेज़ ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को 2-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से एंडर बैरेनेटेक्सिया और ब्रिस मेन्डेज़ ने पहले हाफ में गोल किए। रियाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्के कर चुके हैं।

## चर्चिल ब्रदर्स ने गोकुलम केरला को 2-1 से हराया

गोवा। चर्चिल ब्रदर्स ने शुक्रवार को यहां गोकुलम केरला एफसी पर 2-1 की शानदार जीत से आई लीग 2024-25 तालिका में शीर्ष स्थान पर वापसी की। चर्चिल ब्रदर्स के लिए लालरेमुआता राल्टे और किंग्स्ली फर्नांडिज ने गोल दागे जिससे घरेलू टीम 13 मैच में 26 अंक लेकर तालिका में पहले स्थान पर काबिज हो गई। अभी चर्चिल ब्रदर्स की टीम नामधारी एफसी से दो अंक आगे है। गोकुलम केरला के लिए एम सुसाईराज ने अतिरिक्त समय में गोल कर हार का अंतर कम किया। टीम की यह लगातार दूसरी हार थी जिससे वह 19 अंक लेकर छठे स्थान पर है।

## फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को किया निलंबित

कराची। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ ने अपने संविधान में संशोधन करने में विफल रहने के बाद पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को निलंबित कर दिया है। विश्व निकाय ने कहा कि पाकिस्तान तब तक निलंबित रहेगा जब तक पीएफएफ कांग्रेस अपने संविधान में आवश्यक संशोधन नहीं कर लेती। पाकिस्तान में जून 2019 से एक समिति फुटबॉल का संचालन कर रही थी जिसे फीफा ने नियुक्त किया था। इस समिति को चुनाव कराने और देश के फुटबॉल ढांचे में आवश्यक बदलाव करने का काम सौंपा गया था लेकिन वह इसमें नाकाम रही। समिति के अध्यक्ष हारून मलिक ने इस सप्ताह के शुरू में एक संसदीय पैनल को चेतावनी दी थी कि 15 फरवरी उनके कार्यकाल का आखिरी दिन होगा और अगर पाकिस्तान ने संवैधानिक संशोधनों को लागू नहीं किया तो उसे निलंबन का जोखिम उठाना पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप



### भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का विश्वास

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया महिला लीग में शानदार प्रदर्शन करने के दम पर महिला प्रो लीग के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुनी गई युवा हॉकी फारवर्ड सोनम को विश्वास है कि वह भारतीय टीम की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। महिला लीग में तीन मैच में चार गोल करने वाली 19 साल की सोनम को टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल किए। वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर रही।

### बीसीसीआई की एक मार्च को एसजीएम

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देवजीत सैकिया के सचिव चुने जाने के बाद उनके स्थान पर नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति के लिए एक मार्च को मुंबई में विशेष आम बैठक बुलाई है। असम क्रिकेट संघ के सैकिया ने पिछले महीने सचिव पद पर जय शाह का स्थान लिया था। शाह ने एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष का पद संभाला था। बीसीसीआई ने राज्य संघों को एसजीएम के लिए जो नोटिस भेजा है उसने एकमात्र एजेंडा संयुक्त सचिव की नियुक्ति है।

### डब्लूपीएल ने मुझे पारी को संवारना सिखाया

पुणे। दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने शुक्रवार को कहा कि महिला प्रीमियर लीग से उन्हें अपनी पारी संवारने का तरीका सीखने में मदद मिली। वर्मा ने कहा, 'डब्लूपीएल में खिलाड़ियों को अच्छी संख्या में मैच खेलने को मिलते हैं। आपको इस लीग में अपने खेल में यहां-वहां छोटे-छोटे बदलाव करने के कुछ बहुत अच्छे मौके मिलते हैं। विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का अनुभव हम सभी के लिए एक अलग सीख है। एक चीज जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है वह है मैदान के अंदर और बाहर उनका खुद को शांत रखने का तरीका। यह एक ऐसी सीख है जो मुझे विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मिली है।'



### चोटिल अयूब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

कराची। पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को टखने की चोट से उबरने के लिए कम से कम 10 हफ्ते के रिहैबिलिटेशन करना होगा जिससे वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि सईम टखने के फ्रेक्चर से अच्छी तरह उबर रहे हैं और वह इंग्लैंड में रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। उन्हें यह चोट जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में लगी थी। पीसीबी ने एक बयान में कहा, 'एमआरआई स्कैन, एक्स रे और चिकित्सा जांच के बाद सईम चोट के समय से 10 हफ्तों के लिए बाहर हो गए हैं।'

## इंग्लैंड के रूट और भारत के महान बल्लेबाज द्रविड़ की बराबरी

# स्मिथ ने जड़ा 36वां टेस्ट शतक, कैरी की सेंचुरी, ऑस्ट्रेलिया को मिली बढ़त

एजेंसी ▶▶ गॉल

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने श्रीलंका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को धमाकेदार पारी खेलते हुए कॅरियर का 36वां टेस्ट शतक जड़ा। स्मिथ ने इस धमाकेदार पारी से इंग्लैंड के जो रूट और भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ की बराबरी कर ली। पैट कमिंस की जगह इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की अगुआई कर रहे स्टीव स्मिथ ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 191 गेंदों में अपना 36वां शतक पूरा किया।

इसी के साथ वह जो रूट और राहुल द्रविड़ के साथ सर्वाधिक टेस्ट शतक के मामले में संयुक्त रूप से पांचवें बल्लेबाज बन गए। रूट और द्रविड़ ने भी 36 टेस्ट शतक लगाए हैं। ऑस्ट्रेलिया 37 के स्कोर पर दो विकेट गंवा चुकी थी। ट्रेविस हेड 21 और मार्नस लाबुशेन चार रन बनाकर आउट हुए। दाएं हाथ के बल्लेबाज स्मिथ का यह एशिया में सातवां टेस्ट शतक है। विदेशी खिलाड़ियों की लिस्ट में वह इस मामले में तीसरे स्थान पर हैं। शीर्ष पर एलिस्टेयर कुक और जैक्स कैलिस हैं।



### 239 रनों की साझेदारी

ऑस्ट्रेलियाई टीम एक समय अपने तीन विकेट सिर्फ 91 रनों पर ही खो दिए थे। इसके बाद कैरी और स्टीव स्मिथ ने अंगद की तरह पैर जमा लिए और दिन का खेल खत्म होने तक टीम को चौथा झटका नहीं लगने दिया।


ऑस्ट्रेलिया ने दिन का अंत तीन विकेट के नुकसान पर 330 रनों के साथ किया। कंगारुओं ने श्रीलंका पर 73 रन की बढ़त बना ली है। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 239 रनों की साझेदारी की और टीम को मजबूत किया। दिन का खेल खत्म होने तक स्मिथ 120 रन और कैरी 139 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## कैरी एशिया में शतक बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई विकेट कीपर

*ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में शानदार शतकीय पारी खेली है। अपनी इस शतकीय पारी से उन्होंने एक बड़ा कीर्तिमान हासिल कर लिया है। कैरी ने इस दौरान वो काम किया जो उनसे पहले सिर्फ एक ही ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर कर पाया था। कैरी एशियाई जमीन पर टेस्ट शतक जमाने वाले ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दूसरे विकेटकीपर हैं। कैरी से पहले ये काम एडम गिलक्रिस्ट ने किया था। गिलक्रिस्ट ने एशिया में चार शतक जमाए हैं। उनके बाद अब कैरी ने ये काम किया है। कैरी ने अपना शतक 118 गेंदों पर पूरा किया। दिन का खेल खत्म होने तक वह 139 रन बनाकर नाबाद हैं।*

### पहले टेस्ट में भी शतक

स्मिथ इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अपने घर में भारत के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में शतक जमाया था। इसके बाद वह श्रीलंका दौरे पर आए और गॉल में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भी उन्होंने शतक जमाया था। उन्होंने इस मैच में 141 रनों की पारी खेली थी।



### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | मैच | शतक |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 200 | 51 |
| जैक्स कैलिस | 166 | 45 |
| रिकी पॉन्टिंग | 168 | 41 |
| कुमार संगाकारा | 135 | 38 |
| स्टीव स्मिथ | 116 | 36* |
| जो रूट | 152 | 36* |
| राहुल द्रविड़ | 164 | 36 |

## रणजी क्वार्टर फाइनल

# 42 बार की चैंपियन मुंबई का पलड़ा हरियाणा पर भारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

42 बार की चैंपियन मुंबई की टीम हरियाणा के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। पहले यह मैच हरियाणा के लाहली में खेला जाना था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इसे स्थानांतरित करके ईडन गार्डंस को इसकी मेजबानी सौंप दी थी।

बीसीसीआई ने हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया था। हरियाणा को इस तरह से इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का मौका नहीं मिलेगा जबकि मुंबई अपने पेशेवर दृष्टिकोण के कारण किसी भी तरह की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में माहिर है। हरियाणा का सामना 42 बार के चैंपियन मुंबई से हो रहा है और अगर उसे इस मैच में अपेक्षित परिणाम हासिल करना है तो उसे स्थान बदलने के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे के जुड़ने से मुंबई को और अधिक मजबूती मिली है।

**कार्यालय, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल (म.प्र.)**

**जनसुनवाई सूचना**

मण्डला जिले के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की खण्डपीठ बैठक ( कैम्प कोर्ट ) 10 फरवरी 2025 (सोमवार) को जिला कलेक्टर कार्यालय, मण्डला के सभागृह में प्रातः 11.00 बजे से शाम 4.00 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें मानव अधिकार हनन से संबंधित जिले के सभी पूर्व लंबित मामलों एवं नये आवेदन पत्रों की सीधी जनसुनवाई की जाएगी।

अतः सभी संबंधित पक्षकार नियत तिथि, स्थान एवं समय पर जनसुनवाई में उपस्थित होंवे।

उप संचालक (जनसम्पर्क)
मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग
भोपाल (म.प्र.)

G-22768/24

# कोहली की चोट गंभीर नहीं दूसरे वनडे में करेंगे वापसी

एजेंसी ▶▶ कटक

भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वापसी करेगा।

कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे भारतीय टीम की चिंता बढ़ गई क्योंकि पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी को देखते हुए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। गिल ने डिजनी हॉटस्टार से कहा, 'उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।'

शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं क्षेत्ररक्षण की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।'

## लगातार तीसरी बार एसए20 फाइनल में पहुंची सनराइजर्स

सेंचुरियन। टोनी डि जोर्जी और जॉर्डन हरमान के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दूसरे क्वालीफायर में पार्ल रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार एसए20 लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एसए 20 के सीवें मैच में कप्तान एडेन मार्क्रम ने जैसे ही बीसवें ओवर की दूसरी गेंद पर क्वेना मफाका को विजयी चौका जड़ा, सुपरस्पोर्ट पार्क पर नारंगी झंडे हवा में लहराते दिखने लगे। 'सनराइजर्स ला ला ला' थीम गीत बार बार मैदान पर सुनाई देता रहा। अब सनराइजर्स का सामना शनिवार को वांडरर्स पर राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन से होगा जो लगातार पांच मैच जीतकर पहली बार फाइनल में पहुंची है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने वाली पार्ल रॉयल्स ने चार विकेट पर 175 रन बनाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**
Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com
क्र./ 600 /न.पा.परि./ लो.नि./ 2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 06/02/25

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण) ::-**

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से वार्ड क्र. 01 से 20 तक विभिन्न स्थानों में पाईप लाईन विस्तार कार्य करने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 164986 लागत राशि 143.49 लाख रू. एवं अंतिम तिथि 28.02.2025 है। उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.uad. cg.gov.in या http://eproc. cgstate.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

-: स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें :-

## एसए20 में टीमों के बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली। एसए20 के ब्रांड दूत दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने निकट भविष्य में छह टीमों वाली लीग में दो नई फ्रेंचाइजी के शामिल होने की संभावना का संकेत दिया। मौजूदा समय में लीग के तीसरे सत्र का खेल जारी है। इसके फाइनल में शनिवार को सनराइजर्स ईस्टर्न केप का सामना एमआई केपटाउन से होगा। सनराइजर्स की टीम लगातार तीसरी बार इस लीग के फाइनल में पहुंची है। एसए20 की सभी टीमें में आईपीएल टीम मालिकों की साझेदारी है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**लाइसेंस के आवंटन कार्य के लिए ई–नीलामी**

कार्य विवरण : विभिन्न स्टेशनों पर पीआरएस, यूटीएस और यूटीएस सह पीआरएस काउंटरों पर दोहरी प्रदर्शन सूचना प्रणाली (डीडीआईएस)/एलईडी टीवी की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए लाइसेंस के आवंटन हेतु ई–नीलामी।

5 साल की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर पीआरएस, यूटीएस और यूटीएस सह पीआरएस काउंटरों पर दोहरी प्रदर्शन सूचना प्रणाली (डीडीआईएस)/एलईडी टीवी की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए लाइसेंस के काम के लिए आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://www.ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है –

| कैटेलॉग क्रमांक | श्रेणी | नीलामी दिनांक/समय | लॉट क्रमांक | स्टेशनों की संख्या | काउंटरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| OSD-DDIS-LEDTV | Advertising - On Station Premise (Digital) | 11.02.2025 12:00:00 | (i) ADVT-BSP-USL-OSD-154-25-2 | 1 | 3 |
| | | 11.02.2025 12:10:00 | (ii) ADVT-BSP-KTMA-OSD-158-25-2 | 9 | 11 |
| | | 11.02.2025 12:20:00 | (iii) ADVT-BSP-NIA-OSD-157-25-2 | 9 | 11 |
| | | 11.02.2025 12:30:00 | (iv) ADVT-BSP-SKT-OSD-156-25-2 | 11 | 19 |
| | | 11.02.2025 12:40:00 | (v) ADVT-BSP-BRS-OSD-161-25-2 | 14 | 17 |
| | | 11.02.2025 12:50:00 | (vi) ADVT-BSP-KGB-OSD-159-25-2 | 11 | 11 |
| | | 11.02.2025 13:00:00 | (vii) ADVT-BSP-CHRM-OSD-160-25-2 | 13 | 13 |

लॉट विवरण : विभिन्न स्टेशनों पर पीआरएस, यूटीएस और यूटीएस सह पीआरएस काउंटरों पर दोहरी प्रदर्शन सूचना प्रणाली (डीडीआईएस)/एलईडी टीवी की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए लाइसेंस।
अनुबंध अवधि : 1826 दिन।
सीपीआर/10/467 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Vikas Gupta**
Additional Principal Judge Family Court,
**Shivam Divakar**
**Vs.**
**Bharati Yadav**
CNR No. HRKR01-015531-2022
HMA/1188/2022
Next Date : 07.04.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Bharati Yadav**
**Spouse::-SHIVAM DIVAKAR**
**H.NO. 995, GATE NO. 4 KHERMAI MANDIR, SUBHADRA KUMARI CHAUHAN WARD, JABALPUR VILLAGE, VIJAY NAGAR COLONY, MADHYA PARDESH**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) **Bharati Yadav Spouse::-SHIVAM DIVAKAR H.NO. 995, GATE NO. 4 KHERMAI MANDIR, SUBHADRA KUMARI CHAUHAN WARD, JABALPUR VILLAGE, VIJAY NAGAR COLONY, MADHYA PARDESH** could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) **Bharati Yadav Spouse: -SHIVAM DIVAKAR H.NO. 995, GATE NO. 4 KHERMAI MANDIR, SUBHADRA KUMARI CHAUHAN WARD, JABALPUR VILLAGE, VIJAY NAGAR COLONY, MADHYA PARDESH** should appear in person or through counsel on **07-04-2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal

Sd/- Sh. Vikas Gupta
Additional Principal Judge Family Court, Karnal

Dated, this day of 16.01.2025

**पश्चिम मध्य रेल**
**वाणिज्य विभाग – जबलपुर मंडल**

मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **Catalogue:** पार्किंग, **Catalogue No.:** JBP-C-PARKING-P, **Lot No.:** PARKING-JBP-PHA-MX-60-25-3(Parking - Mixed), **Assets Details:** पथरिया स्टेशन पर तीन वर्ष के लिए साईकिल/स्कूटर/कार पार्किंग स्टेंड के लाइसेंस हेतु, **Auction Start:** 13.02.2025 12:00 hrs, **Auction End:** 13.02.2025 12:30 hrs, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध हैं कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई निविदा भारत संघ के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू – जे.बी.पी.–19–2025 दिनांक 05.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** रेलवे कॉलोनी में कर्मचारी सुविधाओं के रूप में पानी की आपूर्ति व्यवस्था में वृद्धि करने के लिए जबलपुर स्टेशन में (40 मीटर स्टेजिंग) 2.75 लाख लीटर क्षमता वाले आरसीसी ओवरहेड टेंक की व्यवस्था करना और पाईपलाईन बिछाना। (कार्य का हिस्सा– रेलवे कॉलोनी में कर्मचारी सुविधाओं के रूप में पानी की आपूर्ति व्यवस्था में वृद्धि करने के लिए एनयू और जबलपुर स्टेशनों पर 90,000 लीटर क्षमता वाले आरसीसी ओवर हैड टेंक और पाईपलाईन की व्यवस्था करना, गाडरवारा और जबलपुर स्टेशनों पर 2.75 लाख लीटर क्षमता वाले आरसीसी ओवरहैड टेंक और पाईपलाईन की व्यवस्था करना) **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 1,21,89,796/–, **बयाना राशि–** 2,11,000/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय** 15:00 बजे– 28.02.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** 15:15 बजे – 28.02.2025, उपरोक्त ई निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय अपर संचालक/प्राचार्य,**
**शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर मप्र**
Office No. 0761-2663471 Fax No. 0761- E.Mail - petcjabalpur@gmail.com
क्रमांक/74/प्राचार्य/पीईटीसी./प्रशिक्षण/2025 जबलपुर, दिनांक 07/02/2025

**पी.एस.सी (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा) / रेलवे, बैंकिंग, एस. एस. सी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये नि:शुल्क ऑफलाईन कोचिंग हेतु विज्ञापन।**

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग हेतु निम्न शर्तों के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1- आवेदक अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग का सदस्य एवं म.प्र. का मूल निवासी हो तथा आवेदक के परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 6 लाख रुपए से अधिक न हो तथा न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष हो। आवेदक ने पूर्व में किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण न लिया हो।

2- प्रशिक्षण हेतु स्नातक होना आवश्यक है। प्रशिक्षण का माध्यम हिंदी होगा, छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है। आवेदक के स्नातक परीक्षा में 55 प्रतिशत या अधिक होने पर मूल टी. सी. एवं अन्य आवश्यक अभिलेख जमा करने पर नियमानुसार आवास सहायता राशि 2000/- एवं स्टाईपेण्ड राशि 500/- प्रतिमाह 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर देय होगी।

3- प्रशिक्षण संस्था में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब एवं लायब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है।

4- अत: इच्छुक छात्र/छात्राऐं दिनांक 28.02.2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

उपरोक्तानुसार आवेदक आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल, हायर सेकेन्ड्री, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, 02 पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति डाक द्वारा प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ( रामपुर पुलिस चौकी के पास, कौशल विकास संचालनालय के बाजू में ग्वारीघाट रोड) जबलपुर पिन कोड-482008 कार्यालयीन पता अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय एवं दिवसों में कार्यालय में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय दूरभाष 0761-2663471 एवं मो.नं. 8889609588 (प्राचार्य) पर कार्यालयीन समय एवं दिवसों में संपर्क कर सकते है।

संलग्न :-उपरोक्तानुसार।

प्राचार्य,
शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र,
जबलपुर म.प्र.

G-22748/24

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No. : 2026/22/D-12/Brg.DPR/2025 Bhopal, Dated : 07.02.2025

**DPR CONSULTANCY OF BRIDGES**
**(Short Time E-Procurement Notice)**

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of Bridge under PMGSY-III as per details given below :-

- No. of Packages - 03
- Nodal PIU - Betul-2, Balaghat-1 & Alirajapur
- No. of Bridges - 21

**Total Estimated Construction Cost (in Rs.) – Rs. 770552000.00**

- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs. on 11.02.2025 .
2. Last date of Submission of bid is date **03.03.2025 upto 15.00 hrs.**

Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT and Tender Document for preparation of DPR of Bridges under PMGSY January-2020 amended up to date on our Website **http://mptenders.gov.in.**

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/118714/2025

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।




दमोह की क्रिश्चियन कॉलोनी का मामला, पेश किए गए बच्चों के बयान हुए दर्ज

**कैमरा प्रोसीडिंग के जरिए अभिभावकों व बच्चों से जानी गई प्रकरण की सच्चाई**

# हाई कोर्ट ने 12 नाबालिग बच्चों के कथित धर्मांतरण के आरोप को झूठा पाया

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने दमोह की क्रिश्चियन कालोनी से पकड़े गए 12 नाबालिग बच्चों के कथित धर्मांतरण के आरोप को झूठा पाया है। कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में शुक्रवार को पुलिस ने सभी 12 बच्चों को हाई कोर्ट के समक्ष पेश किया। सभी के अभिभावक भी कोर्ट में हाजिर थे। कोर्ट ने अभिभावकों व बच्चों से कैमरा प्रोसीडिंग के जरिए विस्तार से बातचीत कर प्रकरण की सच्चाई जानी।



कैमरा प्रोसीडिंग प्रारंभ होते ही कुछ देर में सारा माजरा सामने आ गयाा। कोर्ट ने पाया कि वास्तव में बच्चे अपनी मर्जी से अपनी पढ़ाई सुविधा के सिलसिले में उस घर में रह रहे थे, जहां से उन्हें मुक्त कराए जाने का दावा किया गया। उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं था। कथित रूप से धर्मांतरण की मंशा से वहां रखे जाने के आरोप में भी दम नहीं है।

हाई कोर्ट ने बयान दर्ज करने के बाद बच्चों को अभिभावकों को सौंपने के निर्देश दे दिए। यह भी कहा कि बच्चों की पढ़ाई जारी रखी जाए। यदि अभिभावक चाहें तो उन्हें सरकारी हास्टल में रखने स्वतंत्र हैं। पढ़ाई के लिए किराए के मकान में भी रख सकते हैं। अभिभावकों की जिम्मेदारी होगी कि वे बच्चों के रहने की जानकारी बाल कल्याण समिति को देंगे। समिति नियमित तौर पर बच्चों से बात करेगी और साप्ताहिक रिपोर्ट कोर्ट में जमा करेगी।

### क्या था मामला

उल्लेखनीय है कि बच्चों की ओर से उनके अभिभावक दमोह निवासी कालू भील सहित अन्य ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। इसके जरिए बाल कल्याण समिति से बच्चों को मुक्त कराए जाने पर बल दिया गया था। उनका आरोप था कि बच्चों को 29 जनवरी की रात जबरन बंधक बना लिया गया है। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग की शिकायत पर पुलिस व महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने दमोह की क्रिश्चियन कालोनी में 29 जनवरी की रात दबिश दी थी। वहां प्रवीण कुमार शुक्ला के घर से 12 नाबालिग बच्चों को पाया था। उस घर के मालिक पर आरोप है कि उसने आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण के लिए पकड़ कर रखा था। मौके पर पाए गए किए सभी 12 बच्चों को बाल कल्याण समिति ने सागर में अपनी अभिरक्षा में रखा था। लिहाजा, अभिभावकों ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर बच्चों को बाल कल्याण समिति से मुक्त कराए जाने की मांग की। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने बच्चों को पेश करने के निर्देश दे दिए थे।

2 दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ फिर बढ़ायेगा तापमान

# मौसम के मिजाज में उतार-चढ़ाव के आसार



**जबलपुर।** उत्तरी हवाओं के कारण दिन में हल्की धूप अच्छी लग रही थी। हालांकि दिन व रात का तापमान औसत से 2 डिग्री नीचे चल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि 9 तारीख को नया पश्चिमी विक्षोप प्रभावी हो रहा है। 10 तारीख से तापमान में वृद्धि होगी फिर वातावरण गर्म होगा। फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा और मौसम के मिजाज अभी ऐसे ही उतार चढ़ाव भरे चलेंगे। मौसम विभाग का कहना है कि बसंती बयारों से रात को गुलाबी ठंडक बन जाती है, जबकि दिन में कभी-कभी चटख धूप गर्मी का अहसास करा रही है। एकाध हफ्ते के अंदर मौसम में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। अभी ठंड एक बार और लौटकर आएगी और उसके बाद धीरे-धीरे ग्रीष्म ऋतु दस्तक देगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवाओं का रूख उत्तरी हो जाने के कारण हल्की ठंडक का अहसास हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 24.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 10.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 55 प्रतिशत और सायं काल 44 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.46 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.02 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे कम 6.4 डिग्री सेल्सियस तापमान कल्याणपुर (शहडोल) में दर्ज किया गया। उत्तरी पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

नौ पार्षदों की ओर से दी गई है चुनौती

# *हाई कोर्ट ने नगर परिषद के प्रस्ताव को चुनौती पर मांगा जवाब*

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने नगर परिषद, बक्सवाहा के प्रस्ताव को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिकाकर्ता नगर परिषद की पार्षद सीमा जैस सहित नौ पार्षदों की ओर से दलील दी गई कि नगर पारिषद, बक्सवाहा में सामान्य सभा व अध्यक्ष परिषद ने जो प्रस्ताव पारित किए हैं, वे चुनौती के योग्य हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि नियमों की अवहेलना करते हुए पार्षदों को प्रस्ताव की जानकारी नहीं दी गई। उनकी सहमति लिए बिना मनमाने तरीके से प्रस्ताव पारित कर दिए गए। इसलिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी व अध्यक्ष के द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव अनुचित हैं। विगत दो वर्ष में यह मनमानी हुई है। नियमानुसार समस्त प्रस्ताव साधारण सभा में अनुमोदन के बाद ही पारित कराए जा सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। पूर्व में पार्षदों की ओर से अध्यक्ष व मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा परिषद की बैठकों में की जा रही अनियमितताओं की शिकायत भी उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की। इसीलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। मुख्य मांग यही है कि समस्त प्रस्ताव निरस्त किए जाएं। साथ ही अध्यक्ष व मुख्य कार्यपालन अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित की जाए।



## वरिष्ठ जनों को सूट नहीं कर रही जैनिरक दवाएं

**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की जोनल कमेटी की बैठक में एडिशनल डायरेक्टर डॉ एके सुधांशु ने कहा कि सीनियर्स सिटीजनों का बेहतर इलाज हमारी प्राथमिकता हैं। इस बैठक में सुभाष चन्द्रा, केएल विश्वकर्मा, वी एन कमलाकर, सुभाष चंद्रा, जीपी विश्वकर्मा, अनिल शुक्ला, गुरुमुख दास, अजय सिंह राजपूत, टीके रायघटक, डीके सिंह, वीके कमलाकर, सुभाष चन्द्र ने बैठक के मुददों व सुझावों की समीक्षा की और वस्तु स्थिति से सभी को अवगत कराया। वही नए मुददो पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधियों ने कहा कि जैनरिक दवाएं बेअसर साबित हो रही हैं। इससे बीमारी को और बढ़ावा मिल रहा है। कुछ अस्पतालों द्वारा लाभार्थियों को इलाज के दौरान मिलने वाली सुविधाओं की नियमावली व दिशानिर्देश का अमल न करना भी चिंताजनक है। डॉ सुधांशु ने इस विषय पर अधिकृत अस्पतालों को पत्र लिखे जाने की बात कही।

# 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' योजना को नहीं मिल रहा रिस्पांस

**जबलपुर।** रेलवे की 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' योजना, जो स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, अब सवालों के घेरे में है। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय उत्पादों के स्टॉल्स लगाए गए थे ताकि स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को प्लेटफार्म पर अपने उत्पाद बेचने का अवसर मिल सके। लेकिन जबलपुर के मदन महल स्टेशन पर इस योजना के तहत बनाए गए स्टॉल का काउंटर पिछले चार महीनों से ठप पड़ा हुआ है, जिससे योजना का उद्देश्य पूरी तरह से विफल नजर आ रहा है। गौरतलब है कि केंद्रीय बजट 2022-23 में इस योजना की घोषणा की गई थी, और इसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और लोगों को रोजगार देने का था। इसके तहत रेलवे स्टेशनों पर विशेष रूप से स्थानीय उत्पादों, जैसे हैंडीक्राफ्ट, लजीज व्यंजन, और खिलौने बेचने के लिए स्टाल्स लगाए गए थे। ये स्टाल्स किराए पर उपलब्ध कराए जाते थे ताकि स्थानीय कारीगर और व्यापारी अपने उत्पादों को सीधे यात्रियों तक पहुंचा सकें।

**मदनमहल स्टेशन पर योजना का काउंटर 4 महीने से बंद**

### मदन महल स्टेशन पर नहीं चला काउंटर




लेकिन अफसोस की बात यह है कि मदन महल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक चार पर स्थापित एक स्टेशन, एक उत्पाद का काउंटर विफल हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, यहां स्टॉल पर शुरुआत में स्थानीय उत्पाद रखे गए थे, जैसे संस्कारधानी की प्रसिद्ध गजक, खोवा जलेबी, और संगमरमर से बनी हस्तनिर्मित मूर्तियां। बावजूद इसके, इन उत्पादों की बिक्री न होने के कारण काउंटर को बंद कर दिया गया।

### समस्या का समाधान

स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों का कहना है कि रेलवे को इस योजना को सफल बनाने के लिए कुछ सुधार करने होंगे, जैसे कि प्रचार-प्रसार बढ़ाना और उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए यात्रियों से बेहतर जुड़ाव सुनिश्चित करना। इसके अलावा, यह भी जरूरी है कि रेलवे इन स्टॉल्स को सुचारु रूप से चलाने के लिए कड़ी निगरानी रखे।

सीसीटीव्ही फुटेज का वीडिया आया सामने, आरोपी गिरफ्तार

# मित्र ने ही कर दी ट्रक ड्रायवर की हत्या



**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत जवाहर नगर में एक ट्रक ड्राइवर के साथी मित्र ने ही लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी। घटना का सीसीटीव्ही फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक जवाहर नगर निवासी ट्रक ड्रायवर कंधीलाल गुरुवार की शाम अपने घर के पास पड़ोसियों से बातचीत कर रहा था इसी दौरान उसका साथी राजू उर्फ प्रेम सिंह ठाकुर वहां आया। दोनों के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। फिर दोनों के बीच तीखी बहस हुई इस दौरान आरोपी राजू उर्फ प्रेम सिंह ठाकुर ने वहीं पास में रखी लोहे की रॉड उठाई और कंधी लाल रजक के सिर पर दे मारी। इस दौरान मौके पर मौजूद महिला ने अन्य लोगों के साथ आरोपी को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी कोशिश में कामयाब नहीं रही। लोहे की रॉड के हमले से कंधीलाल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेजते हुए आरोपी और राजू उर्फ प्रेम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।




आज जबलपुर में होगी फिल्म की स्क्रीनिंग

# डाक्यूमेन्ट्री फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं विवेक

**जबलपुर।** जो काम किसी सी नहीं हो रहा हो..जब ऐसा लगे कि अब कि खेल खत्म हो गया है..तब एक शख़्सियत ऐसी है, जो उदास चेहरों पर मुस्कान लाने और बोझ बन गयी ज़िंदगी में बहार लाने के लिए हर मुमकिन कोशिश में जुट जाती है उस शख़्सियत का नाम है- विवेक कृष्ण तन्खा. मध्यप्रदेश में सबसे कम उम्र के महाधिवक्ता रहे,देश के नामवर वकील विवेक कृष्ण तन्खा लगभग ने खुद को पीड़ति मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया है. दो चार साल सेवा करने वाले खुद को समाजसेवी लिखने लगता हैं, लेकिन करीब पांच दशकों से जुनून की तरह लोगों की भलाई में जुटे श्री तन्खा ने खुद को कभी समाजसेवी नहीं लिखा। पिता जस्टिस राजकृष्ण तन्खा से विरासत में मिली परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश भर में सेवा का हाथ बढ़ाया. जब भी जहाँ भी कोई प्राकृतिक आपदा आयी हो या फिर किसी तरह की विपत्ति विवेक तन्खा अपनी रोटरी टीम के साथ मदद के लिए मोर्चे पर नज़र आते हैं. गुजरात का भूकम्प हो या जम्मू कश्मीर का ज़लज़ला, उत्तराखंड की बाढ़ हो या कोरोना का दिल दहलाने वाला दौर, विवेक तन्खा मसीहा बनकर आगे आए, और दिन रात मानवीय सेवा के लिए डटे रहे.



जबलपुर और प्रदेश के कई शहरों में कोरोना के दौरान आक्सीजन की कमी के चलते जब हजारों लोगों की जान खतरे में पड़ गयी थी, तब आपने अपने निजी प्रयासों से पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध करायी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपकी सेवा का दायरा बहुत बड़ा है. जबलपुर, मण्डला, शहडोल, बिलासपुर, सतना सहित कई जिलों में लगे मेडिकल केम्प लाखों मरीजों के लिए राहत बने. अगले माह चंबल में आयोजित मेडिकल केम्प में भी एक लाख मरीजों को राहत पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है. जाति धर्म और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमेशा पीड़ति मानवता की सेवा करने वाले विवेक तन्खा के जीवन पर पहली बार डाक्यूमेन्ट्री फिल्म बनायी गयी है, जिसे जबलपुर में 8 फरवरी की शाम 5 बजे से नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक केन्द्र में देखा जा सकेगा. इस बात में दो राय नहीं कि राज्यसभा सांसद, भारत सरकार के पूर्व एडीशनल सालिसीटर जनरल, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रसिद्ध विधि वेत्ता विवेक तन्खा राजनीति से ज्यादा समाजसेवा में रूचि रखते हैं. उनके जीवन पर आधारित फिल्म में उनके उन सब कामों व सेवाओं को देखा जा सकेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240